

प्रियामणि ने की महिला प्रधान फिल्मों पर...

हिन्दी दैनिक

# दबंग हिन्द

जन की बात, सबके साथ

RNI NO. JHAHIN/2013/54377

रांची संस्करण





'जो खुद जेल में हैं, वो पीएम को जेल ...

वर्ष : 12 | अंक : 102 | रांची (झारखंड) | E-mail : dabanghind@gmail.com | सोमवार, 15 अप्रैल 2024 | website : www.dabanghind.com | मूल्य - ₹ 2

## एक नजर

### लोहरदगा में महिला मजदूर की गला रेतकर हत्या

**लोहरदगा।** झारखंड के लोहरदगा जिले के सेन्हा थाना क्षेत्र के कुंदगड़ी भेसलेटा टांड़ स्थित गन्ने के खेत में मजदूरी कर रही महिला की धारदार हथियार से हत्या कर दी गयी. स्व. बिमल मांझी की 50 वर्षीया पत्नी कलावती देवी की गांव के ही तीन युवकों ने पुरानी रंजिश में गला रेत दी और भाग निकले. खबर मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और गन्ने के खेत में काम कर रहे अन्य मजदूरों से पूरे मामले की जानकारी लेकर जांच में जुटी है. पुलिस ने बताया कि आरोपी चिन्हित कर लिए गए हैं. गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है. बताया जाता है कि अपराधियों ने पीछे से आकर उस पर वार कर दिया. उसके बाद महिला की गला रेत दी. इस दौरान खेत में महिला के साथ कई और मजदूर काम कर रहे थे. मिली जानकारी के अनुसार मृतका अर्जुन उरांव के खेत में मजदूरी का काम कर रही थी. तभी गांव का तीन अपराधी आए और चुपके से महिला पर वार कर हत्या कर दी.

### तपने लगी झारखंड की धरती, 4 जिलों का तापमान 40 डिग्री के पार

**रांची।** झारखंड के कम से कम 4 जिलों का तापमान 40 डिग्री के पार हो गया है. जी हां, सरायकेला, गोड्डा, पाकुड़ और जमशेदपुर में तापमान 40 डिग्री के पार पहुंच गया है. सरायकेला का उच्चतम तापमान तो 41.3 डिग्री सेंटीग्रेड रिकॉर्ड किया गया है. रविवार (14 अप्रैल) को राजधानी रांची के अधिकतम तापमान में 0.8 डिग्री सेंटीग्रेड की गिरावट दर्ज की गई, जबकि न्यूनतम तापमान 2.5 डिग्री सेंटीग्रेड बढ़कर 22.5 डिग्री सेंटीग्रेड हो गया. आज का रांची का अधिकतम तापमान 34.6 डिग्री सेंटीग्रेड रिकॉर्ड किया गया. यह रांची के सामान्य तापमान से 1.3 डिग्री सेंटीग्रेड कम है. बात जमशेदपुर के मौसम की करें, तो यहां का उच्चतम तापमान 2.7 डिग्री सेंटीग्रेड बढ़कर 40.1 डिग्री सेंटीग्रेड हो गया है. यह सामान्य से 0.5 डिग्री सेंटीग्रेड अधिक है. यहां का न्यूनतम तापमान 3 डिग्री सेंटीग्रेड बढ़कर 23.8 डिग्री सेल्सियस हो गया है. यह आज की तारीख में सामान्य तापमान से 0.2 डिग्री सेंटीग्रेड अधिक है.

### जमशेदपुर में एनएच 33 पर अपराधियों ने ट्रक चालक को गोलियों से भूना

**जमशेदपुर।** शहर के उलीडीह थाना क्षेत्र के एनएच 33 पर वसुंधरा स्टेट के पास रविवार को एक ट्रक चालक की अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी. मृत चालक की पहचान बारीडीह निवासी सन्नी कुमार यादव के रूप में की गई है. घटना की पुष्टि एसएसपी किशोर कौशल ने की है. वहीं, ट्रक मालिक पी बाजपेयी ने बताया कि कुछ दिन पहले ही पुराने ड्राइवर के छुट्टी पर जाने की वजह से सन्नी को बतौर चालक काम पर रखा था. उन्होंने बताया कि ट्रक में कुख खराबी आ गई थी. इस कारण सन्नी ट्रक बनवा रहा था. इसी बीच पहले से घात लगाए बैठे अपराधियों ने ट्रक चालक पर ताबड़तोड़ गोलियां बरसाकर उसकी हत्या कर दी. इधर, घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है.

## चैती छठ : अस्ताचलगामी सूर्य को व्रतियों ने दिया अर्घ्य



**रांची।** चार दिवसीय महापर्व छठ का आज तीसरा दिन है. चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि को पहला अर्घ्य दिया गया. व्रतियों ने अस्ताचलगामी सूर्य को विभिन्न नदी, तालाब और अन्य जलश्रोतों पर अर्घ्य दिया. संध्या अर्घ्य के बाद 15 अप्रैल (सोमवार) को उदीयमान सूर्यदेव को अर्घ्य दिया जायेगा. इस दिन सूर्योदय 05 बजकर 28 मिनट पर होगा. इसके बाद व्रतियों के पारण के साथ चार दिवसीय महापर्व छठ का समापन होगा. बता दें कि अस्ताचलगामी यानी डूबते सूर्य की उपासना केवल छठ पूजा में ही होती है. ऐसा माना जाता है कि इस समय सूर्य अपनी दूसरी पत्नी प्रत्यूषा के साथ रहते हैं. इसीलिए प्रत्यूषा को अर्घ्य दिया जाता है. शाम के समय सूर्य की आराधना से जीवन में संपन्नता आती है. अस्त होते सूर्य को अर्घ्य देने से हर तरह की परेशानी दूर होती है.

### बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 133वीं जयंती

## सीएम समेत कई नेताओं ने अर्पित किए श्रद्धा सुमन

दबंग हिन्द संवाददाता











**रांची।** रविवार को बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर 133वीं जयंती मनायी गयी. बाबा साहब की जयंती के अवसर पर झारखंड में भी कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है. वहीं सोशल मीडिया पर लोग पोस्ट डालकर बाबा साहब को नमन कर रहे हैं.

**राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोशल मीडिया पर पोस्ट में लिखा कि हमारे संविधान निमार्ता एवं अग्रणी राष्ट्रनिमार्ताओं में से एक विभूति बाबासाहब भीमराव रामजी आंबेडकर के जन्मदिवस के अवसर पर मैं सभी देशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देती हूं.

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी :** वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने के पोस्ट में अंग्रेजी में पोस्ट डाला, जिसमें उन्होंने लिखा है कि डॉ. बाबासाहेब अम्बेडकर को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि। जय भीम!.

**सीएम चंपाई सोरेन :** वहीं झारखंड के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने भी सोशल मीडिया पर पोस्ट लिखा. शोषितों, वंचितों एवं पीड़ितों को सामाजिक न्याय का अवसर प्रदान करने वाले, भारतीय संविधान के निमार्ता, भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर जी की जयंती पर शत-शत नमन. जय भीम! जय झारखंड!!

**झारखंड भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी :** पूर्व मुख्यमंत्री सह बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने पर पोस्ट करते हुए लिखा कि भारतीय संविधान के शिल्पकार, देश के प्रथम कानून मंत्री, महान समाज सुधारक, भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी की जयंती पर उन्हें सादर नमन.

**केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा :** केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने भी सोशल मीडिया पर लिखा कि भारतीय संविधान के शिल्पकार, समानता, सद्भाव और सामाजिक न्याय में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले महान समाज सुधारक 'भारत रत्न' डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर जी की जयंती पर उन्हें सादर नमन.

**जेएमएम नेता कल्पना सोरेन :** वहीं पूर्व सीएम हेमंत सोरेन के जेल जाने के बाद उनका सोशल मीडिया हैंडल कर रहीं पत्नी कल्पना सोरेन ने भी संविधान निमार्ता डॉ. भीमराव अंडेबकर को उनकी जयंती पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया है. उन्होंने सोशल मीडिया पर डाले गये पोस्ट में लिखा कि संविधान हमारी ताकत है! संविधान हमारा स्वाभिमान है. देश को संविधान रूपी महान ग्रंथ देने वाले संविधान निमार्ता, सामाजिक समता और सामाजिक न्याय के पुरोधा, भारत रत्न बाबासाहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर जी की जयंती पर शत-शत नमन. जय भीम! जय जोहार! जय झारखण्ड! कल्पना मुर्मू सोरेन.

## मतदाताओं को नैतिक मतदान के लिए प्रेरित करें : के रवि कुमार

दबंग हिन्द संवाददाता



**रांची।** सुनीता देवी कहती हैं,'इस बार के चुनाव में किसी प्रलोभन में न आकर अपने समझ से सही उम्मीदवार को चुनना है। पैसा , शराब या किसी अन्य प्रकार के लुभावन अथवा बहकावे में आकर अपने मताधिकार का इस्तेमाल नहीं करना बल्कि सोच समझकर अपने मत का इस्तेमाल करना है।'सुनीता देवी गुमला, सिसई के राज्यकीयकृत मध्य विद्यालय लावागंई, चेगरी स्थित मतदान केंद्र के बूथ लेवल अवेरनेस ग्रुप से जुड़ी हैं।आज मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री के. रवि कुमार इस मतदान केंद्र का जायजा लेने पहुंचे थे।वे जानना चाहते थे कि सुनीता लोगों को नैतिक मतदान के विषय में क्या जानकारी दे रहीं हैं।मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि लोक सभा निर्वाचन के समय काफी गर्मी रहने वाली है।इसे देखते हुए मतदाताओं एवं मतदान कर्मियों के लिए सभी मतदान केंद्रों पर भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार पेयजल, शौचालय, रनिंग वाटर, बिजली, शेड जैसी न्यूनतम सुविद्याएँ उपलब्ध रहेंगी।साथ ही सभी मतदान केंद्रों पर वरिष्ठ एवं दिव्यांग मतदाताओं की सहायता के लिए वॉलेंटियर नियुक्त किये गए हैं। उन्होंने कहा कि नैतिक मतदान को बढ़ावा देने के लिए बूथ लेवल अवेरनेस ग्रुप भी बनाया गया है। वे आज सिसई के राज्यकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय भुसरी स्थित मतदान केंद्र संख्या 20 एवं 21, राज्यकीयकृत मध्य विद्यालय लावागंई चेगरी स्थित मतदान केंद्र संख्या 22 एवं 23, बिशुनपुर के सामुदायिक भवन बोरांग स्थित मतदान केंद्र संख्या 109 एवं बिशुनपुर के राजकीय मध्य विद्यालय कटिया स्थित मतदान केंद्र संख्या 108 के निरीक्षण के क्रम में बूथ अवेयरनेस ग्रुप, वॉलेंटियर्स एवं बीएलओ से मिलकर उनके निर्वाचन संबंधित जबाबदेहियों से अवगत कराते हुए उनका संवेदीकरण कर रहे थे। बोरांग ग्राम प्रधान दिलेशर उरांव ने बताया कि पहले यहां के लोग बानालात स्थित मतदान केंद्र जाकर अपने मताधिकार का प्रयोग करते थे जिस वजह से बूढ़े बुजुर्ग लोग अपने मताधिकार के प्रयोग से वंचित रह जाते थे।इस बार अपने गांव में मतदान केंद्र बन जाने से हम सब अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर पाएंगे।दिलेशर उरांव मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार द्वारा गुमला बिशुनपुर के सामुदायिक भवन बोरांग स्थित मतदान केंद्र संख्या 109 के निरीक्षण के क्रम में कहा । ज्ञातव्य है कि पहले के निर्वाचनों में नक्सल प्रभावित एवं सुदूरवर्ती क्षेत्र होने के कारण आस पास के 8 मतदान केंद्रों के मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करने के लिए बानालात जाया करते थे। मतदान केंद्र 108 के निरीक्षण के दौरान 87 वर्षीय दिव्यांग भूखली देवी की जानकारी प्राप्त हुई जिनके मतदान हेतु मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने होम वोटिंग कराने संबंधित पदाधिकारियों को निदेश दिया।

## गम्हरिया में प्रचार करने पहुंचीं गीता कोड़ा भाजपा-झामुमो कार्यकताओं में हुआ झड़प

दबंग हिन्द संवाददाता



**खरसावां।** झारखंड में लोकसभा चुनाव 2024 से पहले ही सरायकेला-खरसावां जिले में राजनीतिक सरगर्मी बढ़ने लगी है. जिले में गम्हरिया के मोहनपुर में प्रचार के दौरान भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के कार्यकताओं के बीच रविवार (14 अप्रैल) को झड़प हो गई. भीड़ में मौजूद कुछ लोग हरवे-हथियार से लैस दिख रहे हैं.

**गम्हरिया में गीता कोड़ा पहुंचीं थीं चुनाव प्रचार करने :** भाजपा प्रत्याशी गीता कोड़ा गम्हरिया प्रखंड का दौरा करने के लिए रविवार (14 अप्रैल) को रापचा पंचायत के मोहनपुर पहुंचीं थीं. इसी दौरान झामुमो कार्यकताओं के साथ भाजपा कार्यकताओं की झड़प हो गयी. इस दौरान दोनों पक्षों के बीच राज्य सरकार व केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी हुई. बताया जा रहा है कि हरवे-हथियार से लैस झामुमो समर्थकों ने गीता कोड़ा का विरोध शुरू कर दिया. भाजपा समर्थकों ने भी उनका प्रतिकार किया.

**झामुमो-भाजपा कार्यकताओं में हुई धक्का-मुक्की :** बताया जा रहा है कि झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) कार्यकताओं के बीच धक्का-मुक्की भी हुई. कहा जा रहा है कि वहां के लोगों का कहना है कि हमने गीता कोड़ा को वोट देकर जिताया, लेकिन 5 साल में एक बार भी उन्होंने क्षेत्र का भ्रमण नहीं किया. उल्टे भाजपा में शामिल होकर मतदाताओं का अपमान किया.

**पुलिस-प्रशासन ने गीता कोड़ा को सुरक्षित बाहर निकाला :** समाचार मिलने के बाद पुलिस की टीम और प्रशासनिक अधिकारी गांव में पहुंचे. उन्होंने गांव के लोगों को समझा-बुझाकर शांत कराया और सांसद गीता कोड़ा को भीड़ के बीच से सुरक्षित निकाला. बता दें कि 13 मई को सिंहभूम (एसटी) लोकसभा सीट पर आम चुनाव के लिए वोट होना है. गम्हरिया इसी लोकसभा सीट के अंतर्गत आता है. सरायकेला-खरसावां जिला मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन का गृह जिला है. गीता कोड़ा ने 2019 में कांग्रेस के टिकट पर लोकसभा का चुनाव जीता था. हाल ही में गीता ने भाजपा का दामन थाम लिया. पार्टी ने सिंहभूम लोकसभा सीट से उन्हें अपना उम्मीदवार बनाया है.

## रांची में वाहन चेकिंग के दौरान 11.45 लाख बरामद, आयकर विभाग की टीम कर रही जांच

दबंग हिन्द संवाददाता



**रांची।** राजधानी रांची में वाहन चेकिंग अभियान के दौरान लालपुर इलाके से 11.45 लाख रुपये बरामद किए गए हैं. बरामद पैसे पंडरा बाजार समिति के एक कारोबारी का बताया जा रहा है. गौरतलब है कि पूरे राज्य में लोकसभा चुनाव को लिलार सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है. इसी क्रम में रांची के लालपुर थाना क्षेत्र में भी लालपुर पुलिस के द्वारा रविवार को वाहनों की चेकिंग की जा रही थी. इसी दौरान एक कार को चेक किया गया तो उसमें से 11.45 लाख नगद रुपए बरामद किए गए. रांची के सीनियर एसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि लोकसभा चुनाव को लेकर लगातार वाहनों की चेकिंग की जा रही है, ताकि अवैध हथियार, शराब और नगद सहित दूसरे चीजों को बरामद किया जा सके. इसी कड़ी में लालपुर इलाके से चेकिंग के दौरान 11.45 लाख रुपये बरामद किए गए हैं.

**आयकर अधिकारी कर रहे हैं जांच :** रांची एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि बरामद पैसे की जानकारी आयकर विभाग को भी दी गई है. आयकर की टीम लालपुर थाने पहुंच कर पैसे के बारे में तहकीकात कर रही है.

**उचित प्रमाण देना होगा :** पुलिस के अनुसार बरामद पैसे रांची के पंडरा बाजार समिति में कारोबार करने वाले एक कारोबारी का है. कारोबारी ने पुलिस को बताया है कि पैसे खूंटी से वसूल कर लाया जा रहा था, सभी पैसे कारोबार के हैं और उनके उचित प्रमाण भी हैं. फिलहाल मामले की जांच की जा रही है. कारोबारी के द्वारा पैसे का उचित प्रमाण देने के बाद उसे आवश्यक कागजी कार्रवाई करने के बाद छोड़ भी जा सकता है.

### सलमान खान के घर के बाहर गोलीबारी मुंबई पुलिस ने बढ़ायी सुरक्षा व्यवस्था

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान के मुंबई स्थित घर के बाहर रविवार अहले सुबह गोलीबारी हुई है. बाइक सवार दो अपराधियों ने गोलीबारी की घटना को अंजाम दिया है. इस घटना के बाद मुंबई पुलिस ने सलमान के घर के बाहर और उसके आस-पास सुरक्षा बढ़ा दी है. इधर पुलिस अपराधियों की पहचान करने के लिए आसपास में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है. साथ ही उनके धरपकड़ के लिए छापेमारी कर रही है. हालांकि हादसे के वक्त सलमान घर पर थे या नहीं, इसका पता अभी नहीं चल पाया है. पुलिस और खान परिवार ने भी अभी तक आधिकारिक तौर पर कोई बयान नहीं दिया है. जानकारी के अनुसार, बांद्रा इलाके में स्थित ह्यगैलेक्सी अपार्टमेंट्सह्ल के बाहर सुबह करीब पांच बजे दो अपराधियों ने ताबड़तोड़ चार गोलियां चलायी और वहां से फरार हो गये. सलमान खान भी इसी अपार्टमेंट में रहते हैं. ऐसे में खान के आवास के बाहर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गयी है.

## चंपाई सोरेन की सुरक्षा में बड़ी चूक, सिर पर गिरा तोरण द्वार, सीएम को आई हल्की चोट

दबंग हिन्द संवाददाता



**सरायकेला।** झारखंड के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन रविवार शाम आदित्यपुर स्थित एक निजी होटल में लोकसभा चुनाव को लेकर महागठबंधन की आयोजित बैठक में पहुंचे. इस दौरान एक हादसा हुआ जिसमें तोरण द्वार सीएम के ऊपर गिर गया. तोरण द्वार गिरने से सीएम चंपई सोरेन को हल्की चोटें आईं हैं. सरायकेला के आदित्यपुर में सीएम बैठक के बाद होटल के हॉल से बाहर निकल रहे थे. मुख्यमंत्री जैसे से ही गेट से बाहर निकले उनके ऊपर फूल से सजा तोरण द्वार गिर गया. जिसकी वजह से मुख्यमंत्री को हल्की चोट लगी है. घटनाक्रम के अनुसार महागठबंधन दल की बैठक समाप्त कर जब मुख्यमंत्री बैंक्विट हॉल के गेट से बाहर निकल रहे थे, तभी गेट के पास तोरण द्वार लगा था, मुख्यमंत्री को सुरक्षा घेरे में रखा गया था, इस बीच किसी ने गेट को अंदर की जगह बाहर खोल दिया. जिसकी वजह से उनके सिर पर तोरण द्वार गिर गया. इस घटना के बाद तुरंत मुख्यमंत्री को होटल के कमरे में ले जाया गया, जहां मेडिकल टीम द्वारा उनका प्राथमिक उपचार किया गया. होटल के बैंक्वेट हॉल के बाहर सजे तोरण द्वार में फोम फूल और पत्ती सजी थी, जिसके चलते मुख्यमंत्री के सर पर गंभीर चोट नहीं लगी, हालांकि इस घटना के बाद कुछ देर के लिए वहां अफरा तफरी का माहौल देखा गया.

## भाजपा के संकल्प पत्र से महंगाई और बेरोजगारी शब्द गायब, युवा मोदी के झांसे में नहीं आने वाले : राहुल

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा ने आज अपना घोषणा पत्र (संकल्प पत्र) जारी कर दिया. भाजपा के संकल्प पत्र को लेकर विपक्ष हमलावर हो गया है. राहुल गांधी ने कहा कि भाजपा के मेनिफेस्टो और नरेंद्र मोदी के भाषणों से दो शब्द गायब हैं महंगाई और बेरोजगारी. कहा कि लोगों के जीवन से जुड़े सबसे अहम मुद्दों पर भाजपा चर्चा तक नहीं करना चाहती. युवा इस बार मोदी के झांसे में नहीं आने वाले. अब वे कांग्रेस का हाथ मजबूत कर देश में रोजगार क्रांति लायेंगे. कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने संकल्प पत्र की आलोचना करते हुए कहा कि यह बात अब साफ हो गयी है कि भाजपा के पास जनता को देने के लिए कुछ नहीं है.

श्री खड़गे ने कहा, अपने कार्यकाल में पीएम मोदी ने ऐसा कोई बड़ा काम नहीं किया जिससे देश की जनता, युवाओं, किसानों को लाभ हो. कहा कि महंगाई इतनी बढ़ गयी है‍ लेकिन मोदी को इसकी फिक्र नहीं है. उन्होंने जो ट्रेलर दिखाया है, उसमें ना डीजल-पेट्रोल के दामों में कमी करते की बात है और ना ही गैस सिलेंडर की कीमत कम करने की. कहा कि फूड सिक्योरिटी एक्ट कांग्रेस लेकर आयी. आपने(मोदी) अगर हमारे द्वारा दिये गये राशन में 5 किलो की बढ़ोतरी की है तो वह कोई उपकार नहीं है.

कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने तंज कसा. इससे पहले किसी भी सरकार को गोलपोस्ट बदलने की बीमारी नहीं हुई. कहा कि भाजपा हर बार नया गोलपोस्ट बनाती है और पुराने का हिसाब दिये बगैर नये की तैयारी करने लगती है. खेड़ा ने पूछा, पिछले 10 सालों के जुमलों और वादों का क्या हुआ? आपने( पीएम मोदी) 2014 में जो कहा, 2019 में आपने उस पर कोई हिसाब नहीं दिया और आपने नया जुमला डाल दिया. गोलपोस्ट बदल दिया.

## भाजपा के संकल्प पत्र : लाभार्थियों पर फोकस, पूरे देश में यूसीसी

एजेंसी




**नयी दिल्ली।** भाजपा की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा की मौजूदगी में घोषणापत्र का अनावरण किया गया. जेपी नड्डा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले 10 वर्षों में सरकार की उपलब्धियां, जैसे संविधान के अनुच्छेद 370 को निरस्त करना और महिला आरक्षण कानून, लोगों द्वारा पार्टी को दिए गए स्पष्ट जनादेश के कारण संभव हो पाया. आगामी लोकसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के घोषणापत्र को जारी करने के लिए आयोजित एक समारोह में नड्डा ने कहा कि पिछले 10 वर्षों की उपलब्धियां स्पष्ट जनादेश का परिणाम हैं. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि राष्ट्रहित में भाजपा 'बड़े' और 'कड़े' फैसले लेने से पीछे नहीं हटती. हम मानते हैं कि हमारे लिए पार्टी से बड़ा देश है... हम एक राष्ट्र, एक चुनाव के विचार को साकार करने का संकल्प लेकर आगे बढ़ेंगे. बीजेपी समान नागरिक संहिता (यूसीसी) को भी देशहित में उतना ही जरूरी मानती है. भाजपा ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में एक घोषणापत्र समिति नियुक्त की थी, जिसने पार्टी द्वारा 'संकल्प पत्र' जारी करने से पहले लोगों के सुझाव लेने के लिए देश भर में बड़े पैमाने पर अभियान चलाने सहित कई अभ्यास शुरू करने के बाद इसकी सामग्री पर विचार-विमर्श करने के लिए दो बार बैठक की थी.

### घोषणा पत्र की मुख्य बातें...

- घोषणा पत्र में कहा गया है कि पार्टी अधिक विकास, महिला कल्याण और 'विकसित भारत' के लिए एक रोडमैप पर ध्यान केंद्रित करना.
- बीजेपी के मुताबिक साल 2025 को 'जनजातीय गौरव वर्ष' घोषित किया जाएगा.
- भाजपा के चुनाव घोषणापत्र में 'एक राष्ट्र एक चुनाव' और 'एकल मतदाता सूची' का वादा किया गया है.
- घोषणा पत्र में अधिक से अधिक लखपति दीदियों को आगे लाने पर भी जोर दिया गया है.
- पीएम सूर्य घर योजना से बिजली बिल शून्य करने का वादा किया गया है.
- भाजपा के घोषणापत्र में 2036 में भारत की ओलंपिक दावेदारी, राष्ट्रीय शिक्षा नीति का कार्यान्वयन और पेपर लीक के खिलाफ कानून समेत अन्य वादे शामिल हैं.
- पार्टी का लक्ष्य देश को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाना भी है.
- घोषणापत्र में भारत को 'वैश्विक विनिर्माण केंद्र' बनाने का लक्ष्य रखा गया है.
- मुफ्त राशन की योजना आने वाले 5 साल तक जारी रहेगी.
- दिव्यांग साथियों को अब पीएम आवास योजना में प्राथमिकता दी जाएगी, उनकी विशेष जरूरतों के अनुसार उन्हें आवास मिल सके, इसके लिए विशेष रूप से काम किया जाएगा.

## सरहुल हमारी पहचान और जीवन का आधार है : बंधु तिर्की



### बेड़ो सरहुल शोभा यात्रा में शामिल हुए बंधु तिर्की और शिल्पी नेहा तिर्की

दबंग हिन्द,संवाददाता

**बेड़ो ।** पूर्व मंत्री, झारखण्ड सरकार की समन्वय समिति के सदस्य एवं झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा है कि सरहुल ना केवल हमारी सांस्कृतिक, धार्मिक और आस्था की पहचान है बल्कि यह हमारे जीवन का आधार है. श्री तिर्की ने कहा कि आदिवासियों का जुड़ाव हमेशा से प्रकृति के साथ रहा है और प्रकृति के साथ ही रहेगा. यही कारण है कि आदिवासियों की सभ्यता-संस्कृति और उनकी जीवन शैली, रहन-सहन, खान-पान आदि में प्रकृति का बहुत ही महत्वपूर्ण योगदान है। प्रकृति पर्व सरहुल के अवसर पर आज बेड़ो में सरहुल शोभा यात्रा का आयोजन किया गया जिसमें पूर्व मंत्री श्री तिर्की के साथ ही मांडर की विधायक शिल्पी नेहा तिर्की भी शामिल हुई. इस अवसर पर श्रीमती तिर्की ने कहा कि आदिवासियों के लिये प्रकृति पर्व सरहुल में लोकगीत, संगीत और मांदर की थाप कुल मिलाकर प्रकृति के साथ जीवन का स्पंदन है और इससे उनके जीवन में प्रेरणा भर जाती है।

## आईयूएमएल झारखंड प्रदेश कमिटी ने झामुमो और कांग्रेस को समर्थन पत्र सौंपा

दबंग हिन्द,संवाददाता

**रांची।** इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग झारखंड प्रदेश कमिटी का एक प्रतिनिधि मंडल प्रदेश अध्यक्ष अशरफ हुसैन के नेतृत्व में झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रदेश कार्यालय पहुंचकर केंद्रीय महासचिव श्री सुप्रियो भट्टाचार्य को लोकसभा चुनाव 2024 के लिए समर्थन पत्र सौंपा।समर्थन पत्र लेते हुए श्री सुप्रियो भट्टाचार्य ने अपनी खुशी का इजहार करते हुए कहा कि यह चुनाव देश के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है,हमें मिलकर साथ लड़ना है और केंद्र की भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकना है। प्रतिनिधि मंडल झामुम कार्यालय के बाद झारखंड कांग्रेस प्रदेश कार्यालय पहुंचकर कार्यकारी अध्यक्ष श्री शहजादा अनवर को समर्थन पत्र सौंपा। श्री अनवर ने कहा कि इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग झारखंड प्रदेश कमिटी के इस फैसले का झारखंड प्रदेश कांग्रेस पार्टी स्वागत करती है। मुस्लिम लीग के प्रदेश अध्यक्ष श्री अशरफ हुसैन ने कहा कि हमारी पार्टी केंद्र में इंडिया गठबंधन के साथ है



इसलिए पार्टी की प्रदेश कमिटी झारखंड में राज्य के कुल 14 लोकसभा सीटों के लिए इंडिया गठबंधन को अपना समर्थन देती है ताकि गठबंधन के सभी प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित हो सके। प्रदेश महासचिव शानुल हक ने कहा कि हम झारखंड राज्य में जनता के मतों के बंटवारे को रोकना चाहते हैं खासकर अल्पसंख्यक मतों को ताकि इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित हो सके और केंद्र में एक धर्मनिरपेक्ष स्थाई सरकार सत्ता में आ सके। वर्तमान समय में देश की जनता केंद्र की भाजपा सरकार की नीतियों से त्रस्त है ऐसे में देश में परिवर्तन की बहुत ही ज्यादा जरूरत है। मुस्लिम लीग झारखंड प्रदेश के प्रतिनिधि मंडल में मुख्य रूप से प्रदेश महासचिव शानुल हक, प्रदेश उपाध्यक्ष अंजनी कुमार सिन्हा, प्रदेश उपाध्यक्ष सह प्रदेश प्रवक्ता मोहम्मद शहाबुद्दीन,मुराद खान, लोहरदगा जिला अध्यक्ष मुर्शिद अंसारी,उपाध्यक्ष जीशान खान, इजहार उल हक, आकाश धान उपस्थित रहे।

## रामनवमी पर्व के शोभायात्रा रूट चार्ट को लेकर शांति समिति की बैठक

दबंग हिन्द,संवाददाता

**बेड़ो ।** बेड़ो थाना परिसर में पुलिस उपाधीक्षक अखिल नितिश कुजूर की अध्यक्षता में रामनवमी पर्व के शोभायात्रा रूट चार्ट को लेकर बैठक किया गया। बैठक में शोभायात्रा के दौरान विधि व्यवस्था कायम रखने के लिए व्यापक विचार- विमर्श किया गया। शोभायात्रा के रूट चार्ट पर भी चर्चा किया गया। बैठक में पुलिस उपाधीक्षक अखिल नितिश कुजूर ने कहा कि शोभायात्रा में पुलिस बल साथ रहेगी। असमाजिक तत्वों पर पुलिस की कड़ी नजर रहेगी। अंचलाधिकारी प्रताप मिंज ने कहा कि रामनवमी के समय लोकसभा चुनाव को लेकर आचार संहिता लागू रहेगी। आचार संहिता को देखते हुए सरकार द्वारा बनाए गए नियमों का सभी लोग पालन करें। थाना प्रभारी नकुल साह ने शोभा यात्रा के दिन कराँजी गांव में दोनो समुदाय से 20-20 लोग वोलंटियर रखने का निर्देश दिया।



बैठक के पश्चात कराँजी गांव के रूट चार्ट का निरीक्षण किया गया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल उराँव, धनंजय कुमार राय, वाणी कुमार राय, विश्वनाथ गोप, ईस्माइल अंसारी, मंजुर अंसारी, मनोज लकड़ा, राकेश भगत, बबलु खान, शोएब अंसारी,तबरेज अंसारी, सहबान अंसारी, नवदीप महतो, हरिचरण महतो,अमीन अंसारी व कामेश्वर महतो,नौसाद आलम अशोक साहू,बबलू गोप, दिनेश महतो, लक्ष्मी साहू,सहित कई लोग उपस्थित थे।

## हर गांव और मोहल्ले की कमेटियाँ मतदाता जागरूकता अभियान चलाएं: मौलाना कुतुबुद्दीन

दबंग हिन्द,संवाददाता

**रांची।** एदार ए शरिया झारखंड के नाजिमे आला मौलाना कुतुबुद्दीन रिजवी ने झारखंड राज्य एवं देश के सभी स्थापित कमेटियाँ, अंजुमनो, संस्थाओं और एदारो के पदाधिकारियों से कहा है कि देश में नेशनल त्यौहार जो सभी के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है वह देश के लोकसभा का आम चुनाव है। जिसकी प्रक्रियाएं चल रही है और चुनाव आयोग की दिए हुए तिथियां 19 अप्रैल से 1 जून तक निर्धारित है। चुनाव आयोग भी शत प्रतिशत वोटिंग को सुनिश्चित करने हेतु प्रयासरत है। यह आम चुनाव देश के सभी मतदाताओं के लिए अति महत्वपूर्ण है जिसका प्रयोग कर देश को सशक्त बनाने हेतु विकास के पथ पर ले जाया जा सकता है इसलिए जरूरी है कि हर संस्था वह अंजुमन के पदाधिकारी डोर टू डोर जाकर मतदाता जागरूकता अभियान चलाएं ताकि कोई भी मतदाता मतदान से वंचित न रह पाए। मौलाना रिजवी ने



मस्जिद के इमाम एवं सभी धार्मिक गुरुओं से कहा है कि मतदान के प्रति हर समुदाय में जागरूकता लाने हेतु महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। मौलाना रिजवी ने कहा कि यदि एक घर में पांच वोटर हैं तो मतदान के दिन हर काम छोड़कर प्राथमिकता के आधार पर पांचो मतदाता अपना मताधिकार अवश्य ही करें और जो मतदाता मजदूरी या किसी काम से बाहर रहते हो तो वह मतदान करने अपने केदो पर उपस्थित होकर मतदान करें यह मतदान हर व्यक्ति के भविष्य से जुड़ा हुआ है। मौलाना कुतुबुद्दीन रिजवी ने कहा कि मतदान जरूरी है क्योंकि यह एक लोकतंत्रिक समाज में नागरिकों को सुरक्षित, समान और स्वतंत्र राजनीतिक प्रतिनिधित्व को सुनिश्चित करता है। एक उत्तम मतदान स्वच्छ, निष्पक्ष और उच्चतम स्तर की सामाजिक सहभागिता के साथ होना चाहिए। यह नागरिकों का अधिकार और दायित्व है। आपका मतदान, आपका अधिकार आइए, सामाजिक सहभागिता का हिस्सा बनें और देश के निर्माण में योगदान दें।

## राष्ट्रीय पंचायती राज वार्ड सदस्य महासंघ ने मनाई अम्बेडकर की जयंती



दबंग हिन्द,संवाददाता

**ओरमांझी।** ईरबा पंचायत सचिवालय में राष्ट्रीय पंचायती राज वार्ड सदस्य महासंघ के मुख्य संरक्षक सह संस्थापक मो० औरंगजेब के नेतृत्व में रविवार को बाबा साहेब डॉ० भीम राव अम्बेडकर कि 133 वी जयंती मनाई गई। जिसमे सभी वार्ड सदस्यों ने डा० भीम राव अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पन कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस अवसर पर मो० औरंगजेब ने बाबा साहेब डा० भीम राव अम्बेडकर की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कहा कि डा० भीम राव अम्बेडकर भरतीय संविधान के प्रमुख एवं वस्तुकार थे। स्वतंत्र भारत के पहले कानून मंत्री बने और सारी जाति को एक समान अधिकार प्राप्त हुआ तथा डा० भीम राव अम्बेडकर को संविधान का निमार्ता भी कहा जाता है। इस मौके पर मो० औरंगजेब, कासीनाथ पाहन, जावेद अंसारी, रंथु मुंडा, इमामुल अंसारी, मो० सरफराज आलम, सुरेन्द्र मुण्डा, मदन मुण्डा, तबारक अंसारी, नानदो उरांव,रमेश उराँव ग्राम प्रधान ईरबा, आरीफ अंसारी, योगेन्द्र मुण्डा, राजेन्द्र उरांव, फारुक अंसारी सहित अन्य लोग शामिल थे।

## शिल्पी नेहा तिर्की ने ग्रामीणों की समस्याओं को लेकर बैठक की





दबंग हिन्द,संवाददाता

**चान्हों।** मांडर की विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा है कि झारखण्ड सरकार की अत्यंत लाभकारी और महत्वाकांक्षी योजना में किसी भी तरह का भ्रष्टाचार, घोटाला और घपलेबाजी स्वीकार नहीं है। श्रीमती तिर्की ने कहा कि यदि किसी भी स्तर पर अनियमितता और भ्रष्टाचार की पुष्टि होती है तो सख़्त कार्रवाई की जायेगी।आज क्षेत्र भ्रमण के दौरान चान्हो प्रखण्ड के ग्राम पकरियों में ग्रामीणों के साथ बैठक करते हुए आम लोगों की समस्याओं को सुना और समाधान का आश्वासन दिया। श्रीमती तिर्की ने विशेष रूप से अबुआ आवास, विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन, पेयजल जैसी विभिन्न समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव के कारण विकास की अनेक योजनाओं और कार्यों पर कुछ असर पड़ा है, लेकिन चुनाव के बाद सभी लाभकारी योजनाओं के कार्यान्वयन में गति आयेगी। मौके पर पार्टी प्रखंड अध्यक्ष इश्तियाक अंसारी, विधायक प्रतिनिधि इरशाद खान, पंचायत अध्यक्ष पंचू उरांव, मुखिया शिवा उरांव एवं अन्य लोगों उपस्थित रहे।

## डीएवी स्कूल मे मनाई गई बाबा साहब की जयंती



दबंग हिन्द,संवाददाता

**ओरमांझी।** डीएवी स्कूल मुन्ना पतरा ओरमांझी में संविधान निमार्ता बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर की जयंती शनिवार को हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में स्कूल के प्राचार्या पूनम दूबे ने बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इसके बाद उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि बाबा साहब सभी वर्ग के प्रिय थे।उन्होंने सर्वजन के उत्थान के लिए कार्य किया। शोषितों, पीड़ितों वंचितों एवं दलितों के अधिकारों के लिए आजीवन संघर्ष करते रहे। हम सब उनके महान व्यक्तित्व एवं जीवन मूल्यों से प्रेरणा लेते हुए उनके आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लें।इस अवसर पर चित्रांकन, निबंध एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा तीन से कक्षा दस तक के छात्रों ने बड़े उत्साह से हिस्सा लिया। छात्रों ने जहां एक ओर अपनी रचनात्मक कल्पना की विभिन्न पहलुओं को कैनवस पर उतारकर जीवंत कर दिया वहीं अपने निबंध एवं भाषणों के माध्यम से बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर सैद्धांतिक जीवन मूल्यों को उजागर कर, जन-जन को जागरूक करने एवं उनके पद चिन्हों पर चलने के लिए प्रेरित किया। वहीं कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षकों व छात्रों का सराहनीय योगदान रहा।

## अखबार में छपी खबर पर झालसा के कार्यपालक अध्यक्ष ने लिया संज्ञान

### डालसा ने पीड़िता तथा परिवार से मिलकर पहुंचाया सहायता

दबंग हिन्द,संवाददाता

**रांची।** दैनिक अखबार में छपी खबर के अनुसार झारखंड उच्च न्यायालय के कार्यपालक अध्यक्ष,झालसा न्यायमूर्ति श्री सुजीत नारायण प्रसाद ने संज्ञान लिया है तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची को यह आदेश दिया है की वह तत्काल दुष्कर्म की पीड़ित और उनके परिवार से मिलकर आवश्यक सहायता प्रदान करे । इस आदेश के आलोक में माननीय न्यायायुक्त-सह-अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार रांची श्री दिवाकर पांडे, ने जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के सचिव को दुष्कर्म की पीड़ित युवति को हर संभव मदद पहुंचाने का निर्देश दिया है। इस निर्देश के आलोक में डालसा सचिव श्री राकेश रंजन ने अविलम्ब एक टीम गठित कर स्वयं टीम के साथ बाजरा स्थित पीड़िता के घर पहुंच कर पीड़िता की माँ से मिलकर विधिक सहायता के बारे मे जानकारी दिए और हरसंभव मदद करने के बात कहे ।और नियम अनुसार मुआवजा के मिलने की प्रक्रिया की भी जानकारी दिए। इसके



बाद रातु थाना पहुंच कर डीएसपी से मिलकर केस से संबंधित जानकारी जल्द से जल्द न्यायालय में प्रस्तुत करने को कहा तथा पीड़िता के सबंध मे जानकारी ली। और फिर सिरमटोली स्थित प्रेमाश्रय पहुंच कर पीड़ित से मिलकर स्वस्थ संबंधी जानकारी लिए। उक्त टीम में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार रांची श्री राकेश रंजन ,पी.एल.वी. पुष्पलता देवी और संगीता देवी थी। डालसा सचिव के द्वारा पीड़िता को झारखंड पीड़ित मुआवजा अधिनियम के अंतर्गत मुआवजा देने हेतु प्रक्रिया भी प्रारम्भ कर दी गयी है। पीड़ित के सेपोर्ट पर्सन के रूप में पीएलबी संगीता देवी को नामित किया गया है जो न्यायालय की प्रक्रिया में पीड़ित के साथ रह कर सहायता करेगी। और प्रो बोनो अधिवक्ता के रूप मे सुश्री ममता श्रीवास्तव को नामित किया गया है जो न्यायालय में पीड़ित का पक्ष रखेंगे डालसा की टीम के द्वारा पीड़िता को हर संभव विधिक एवं चिकित्सीय सहायता प्रदान की जायेगी। ज्ञात हो कि दिनांक 13/4/2024 को पांच युवको के द्वारा जतरा देखने आई नाबालिग के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया गया था।

## सरहुल महोत्सव सह सरहुल मिलन समारोह काफी हरसोल्लाश के साथ मनाया गया

### सरहुल पर्व हमें प्रकृति के प्रति प्रेम और श्रद्धा रखने का संदेश देता- राजेश कच्छप



दबंग हिन्द,संवाददाता

**ओरमांझी।** झारखंड प्रदेश आदिवासी सरना पड़हा समाज सरहुल महोत्सव मुन्ना पतरा चकला ओरमांझी सरहुल पूजा परंपरागत रीति रिवाज के साथ संपन्न हुई। इस दौरान सरना स्थल पर सरहुल पर्व की पारंपरिक रूप से पूजा पाठ पूरे विधि विधान से की गई। समारोह में ईरबा, करमा, चकला, डहू, बरवे, रुकका सहित ओरमांझी प्रखंड के अन्य गांवो के मंडलीयों ने जुलूस के साथ आदिवासी महिलाएं पुरुष अपने पारंपरिक वेशभूषा ढोल नगाड़े, लाल पाग साड़ी, धोती गंजी के साथ भिन्न भिन्न गांव से नाचते गाते लाखों की संख्या में समारोह में भाग लिया। जुलूस के दौरान रास्ते भर मांदर की गूंज लोगों को सुनाई देता रहा। मांदर की थाप पर महिलाएं सरहुल गीत गाती हुईं जमकर थिरकती रहीं। चकला मुन्ना पतरा में प्रत्येक साल सरहुल मेला लगता है लेकीन इस साल पिछले साल की तुलना में जिला भर से काफी संख्या में लोग पहुंचे थे। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खिजरी विधायक राजेश कच्छप मौके पर उपस्थित थे। उन्होंने यहां पूजा अर्चना कर झारखंड वासियों के जीवन में सुख शांति समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की इस मौके पर उन्होंने कहा कि सरहुल पर्व प्राकृतिक और पेड़ों की पूजा जाती है तथा यह पर्व हमें प्रकृति के प्रति प्रेम और श्रद्धा रखने का संदेश देता आपसी भाईचारा एकता का भी संदेश देता है यह पर्व हमें समाज में एकजुटता के साथ रहना सिखाता है। इस कार्यक्रम में पूर्व सांसद सुबोधकांत सहाय, पूर्व सांसद राम टहल चौधरी सहित अन्य ने भी सभा को संबोधित करते हुए सरहुल पर्व के महत्व के बारे में विस्तार पूर्वक बताएं। इस मौके पर उप प्रमुख रिजवान अंसारी, जिला परिषद सदस्य कमिश्नर मुंडा, पूर्व उप प्रमुख मुंतजिर अहमद रजा, बालक पहान, मुखिया शिव नाथ मुंडा,अध्यक्ष समुद्र पहान, रमेश उरांव, प्रेमनाथ मुंडा, अशोक मुंडा, अंबिका महतो, सफीउल्लाह अंसारी, बाबू लाल महली आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## एक नजर

### डूबते सूर्य को अर्ध अर्पण करने की परंपरा का निर्वहन कर सूर्य भगवान के प्रति आस्था प्रकट किया गया



**दबंग हिन्द,रांची।** लोक आस्था व सूर्यउपासना के महापर्व चैती छठ पूजा के मौके पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ नेता आलोक कुमार दूबे, डॉ राजेश गुप्ता छोटू, पप्पू सिंह, जेल मोड़ छठ तालाब छठ पूजा समिति के अध्यक्ष राम सिंह एवं मेहुल दूबे ने अस्तलगामी सूर्य को अरग अर्पण कर राज्य की खुशहाली एवं सुख समृद्धि की कामना की। चार दिवसीय छठ महापर्व पर आज तीसरे दिन कांग्रेस नेताओं ने भारतीय संस्कृति की परंपरा के अनुसार जेल तालाब में डूबते हुए सूर्य को अर्ध अर्पण करने की परंपरा का निर्वहन कर सूर्य भगवान के प्रति आस्था प्रकट किया ।अर्ध अर्पण करने के उपरांत मीडिया कर्मियों से बात करते हुए आलोक दूबे ने कहा छठ महापर्व शुद्धि और आस्था का मिशाल है ।यह पर्यावरण के संरक्षण का संदेश देता है, लोगों को समानता और सद्भाव का मार्ग दिखाता है,यह पर्व प्रकृति से प्रेम को दशार्ता है। कांग्रेस नेता डॉ राजेश गुप्ता छोटू ने कहा छठ महापर्व सृष्टि चक्र का प्रतीक भी है, इस पर्व में पहले डूबते सूर्य की पूजा होती है फिर उगते सूर्य की।

### डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती एवं जलियांवाला बाग के बलिदानियों को याद कर श्रद्धांजलि दी गई



**दबंग हिन्द,रांची।** डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल,राँची में भारत के महान नेता,समाज सुधारक एवं भारतीय संविधान निमार्ता डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं क्विज व भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन कर मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय की यज्ञशाला में विशेष हवन-यज्ञ का आयोजन भी हुआ,जहाँ देश की स्वतंत्रता के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले जलियांवाला बाग के अमर बलिदानियों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। विद्यालय के प्राचार्य सह सहायक क्षेत्रीय अधिकारी श्री एस के मिश्रा ने अपने सन्देश में कहा कि बाबासाहेब की जयंती का दिन हमें असाधारण योगदान की याद दिलाने के साथ-साथ समानता और सामाजिक न्याय के लिए हमारी निरंतर यात्रा पर विचार करने का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने जलियांवाला बाग हत्याकांड के अमर शहीदों को भी याद कर भावभीनी श्रद्धांजलि प्रेषित की। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएँ एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी उपस्थित थे।

### वॉर 2 में सुपरस्टार एनटीआर जूनियर



**दबंग हिन्द,रांची।** अयान मुखर्जी द्वारा निर्देशित वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स फिल्म वॉर २ के शूट के लिए मुंबई पहुंचे मैन ऑफ मासेस एनटीआर जूनियर का लुक आया सामने । वॉर 2 में सुपरस्टार ऋतिक रोशन और एनटीआर जूनियर इस एपिक शोडाउन में आमने सामने होंगे और फिल्म में कियारा आडवाणी भी नजर आएंगी ! वॉर 2 यह फिल्म 14 अगस्त , 2025 को रिलीज होगी।

### विधायक राजेश कच्छप ने शहीद जवान अशोक लकड़ा का मूर्ति का किया अनावरण



**दबंग हिन्द,ओरमांझी।** खिजरी विधायक राजेश कच्छप ने रविवार को नामकुम प्रखंड अन्तर्गत रामपुर पंचायत के चेने लुपुगंटोली निवासी लोहा लकड़ा के बड़े पुत्र सेना के जवान अशोक लकड़ा का मूर्ति अनावरण किया। विधायक राजेश कच्छप ने कहा कि शहीद अशोक लकड़ा ड्यूटी के दौरान नागालैंड में 13 सितंबर 2021 को शहीद हो गए थे। उन्होंनें कहा शहीद अशोक लकड़ा के कुबार्नी शहादत को हमेशा याद किया जाएगा। मौके पर पिता लोहा लकड़ा, माता दशमी लकड़ा, भाई राजेश लकड़ा, जिला परिषद सदस्य रीता होरो, कल्याण लिंडा, ग्राम प्रधान बुधू लकड़ा, रमेश लकड़ा बिजो लकड़ा मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### वर्तमान समय स्वयं के संस्कारों पर ध्यान देने की आवश्यकता है : प्रजापिता ब्रह्माकुमारी



**दबंग हिन्द,रांची।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के स्थानीय सेवा केन्द्र चैधरी बगान, हरमू रोड में राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी निर्मला बहन ने अपने उद्गार अभिव्यक्त करते हुए कहा कि वर्तमान समय स्वयं के संस्कारों पर ध्यान देने की आवश्यकता है। दूसरो को दोष देना आसान है। अपनी जिंदगी में आने वाली परेशानियों का दोष भी दूसरों के सिर पर मढ़ दिया जाता है। लेकिन क्या हम यह करके सकारात्मकता का प्रसार कर रहे हैं। बाग में खुशबू फैलाने के लिए हमें फूल बनना पड़ेगा, लेकिन फूल बनने की यात्रा आसान नहीं है। ध्यान के द्वारा इसका अभ्यास करना होगा और अमल में भी लाना होगा। संस्कार हमारी हर श्वांस से जुड़ा हुआ है। इसे रोज अमल में लाना पडेगा। उन्होंने कहा कि एक संस्कार यह होता है कि किसी ने मुझे सबके सामने इतनी बड़ी बात कह दी, अब मैं यह बात कभी नहीं भूलुंगा ।दूसरा संस्कार होता है, जिसमें हम अपने बच्चों से कहते हैं मेरे जाने के बाद भी कभी उनको माफ नहीं करना। और अब आता है तीसरा संस्कार जो कहता है कि गलत करना उनका कर्म था, मेरा कर्म है क्षमा करना। माफ किया फुलस्टॉप लगाया और अपने मन को क्लीन कर लिया। अब हमें यह विचार करना है कि दोनों संस्कारों में से क्या वेहतर है। हमें अपने कर्मों और संस्कारों पर ध्यान केन्द्रित करना होगा। प्रतिदिन हर क्षण। इसके लिए उर्जा की रूकावटों को ध्यान यानी मेडिटेशन के माध्यम से खत्म करना होगा। जैसे एक लेजर बीम होती है जो अवरोधों को हटा देती है। एक लेजर ऑपरेशन के जरिये बीमारी ठीक कर देती है। उसी तरह परमात्मा की शक्ति को अपने अंदर भरे और उस आत्मा को भेंजे और अपने हिसाब किताब खत्म कर दें। अगर हमने इसका मात्र 15 दिन भी अभ्यास कर लिया तो थोड़े दिनों के बाद आपको उनका व्यवहार बदला हुआ मिलेगा। ये सौ प्रतिशत निश्चित है। इसे लाखों लोगों ने अपने जीवन में उतारा है। आप भी अवश्य करके देखें।

### भुखे को भोजन खिलाने से बड़ा कोई भी पुण्य का कार्य नहीं : श्री कृष्ण प्रणामी



**दबंग हिन्द,रांची।** संस्था की वरिष्ठ सदस्या विधा देवी अग्रवाल ने संजय अग्रवाल को जन्मदिवस के उपलक्ष्य मे मंदिर मे श्री राज श्यामा जी ( राधा-कृष्ण ) भगवान के सामने चंदन का तिलक कर अंग वस्त्र, मेटल का राधा कृष्ण भगवान का हार उपहार स्वरूप देकर सम्मान किया। उसके पश्चात 144 वाँ श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का प्रसाद भगवान श्री राज श्यामा जी एवं गुरू महाराज को अर्पित कर 1400 श्रद्धालुओ के बीच वितरण किया गया। मंदिर परिसर मे आये हुए सभी धर्म प्रेमीजनो एव श्रद्धालुओ ने शांती पूर्वक कतार मे लगकर 144 वाँ निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नापूर्णा भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया।

# रामनवमी को लेकर प्रशासन अलर्ट, सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वाले जाएंगे सीधे जेल, गाइडलाइन जारी

दबंग हिन्द संवाददाता



**रांची।** अगर कोई रामनवमी के दौरान सोशल मीडिया का फायदा उठाकर सांप्रदायिक तनाव या किसी अन्य तरह की अफवाह फैलाता है तो वह सीधे सलाखों के पीछे जाएगा, इसलिए जरूरी है कि पहले सोशल मीडिया पर पोस्ट की जांच करें और फिर उन पर विश्वास करें. प्रशासन ने इसे लेकर गाइडलाइन जारी की है. त्योहारों के दौरान कई ऐसे तत्व होते हैं जो समाज में सांप्रदायिक तनाव बढ़ाने की कोशिश करते हैं ताकि माहौल खराब हो और किसी दूसरे पक्ष को फायदा मिले. रामनवमी त्योहार को देखते हुए पुलिस भी ऐसे तत्वों को बख्शने के मूड में नहीं है. झारखंड पुलिस के प्रवक्ता सह आईजी ऑपरेशन अमोल वेणुकांत होमकर ने बताया कि रामनवमी त्योहार को देखते हुए सबसे ज्यादा फोकस सोशल मीडिया पर रहेगा, इसके लिए सभी जिलों में सोशल मीडिया मॉनिटरिंग सेल का गठन किया गया है, मॉनिटरिंग सेल बिल्कुल हाईटेक है. राज्य के विभिन्न जिलों से आने वाली सूचनाएं मुख्यालय स्थित नियंत्रण कक्ष में एकत्र की जाएंगी.

उन्होंने बताया कि राज्य के सभी जिलों के एसएसपी, एसपी और डीसी को अपने-अपने सोशल मीडिया सेल द्वारा जारी दिशा-निर्देशों को लोगों के साथ-साथ महावीरी अखाड़ों और अन्य शांति समितियों को साझा करने का निर्देश दिया गया है.

**हाईटेक है सोशल मीडिया सेल :** सोशल मीडिया पर नजर रखने के लिए जो मॉनिटरिंग सेल बनाया गया है वह काफी हाईटेक है. उदाहरण के तौर पर अगर कोई किसी अनजान सर्वर से मैसेज वायरल करता है तो इसकी जानकारी तुरंत मॉनिटरिंग सेल के जरिए साइबर टीम को दे दी जाएगी. सोशल मीडिया के अलग-अलग विंग के लिए अलग-अलग टीमें बनाई गई हैं. व्हाट्सएप, फेसबुक और एक्स जैसे प्लेटफॉर्म पर नजर रखी जा रही है.

**सत्यापन के लिए पुलिस को करें कॉल :** झारखंड पुलिस के प्रवक्ता आईजी अमोल वेणुकांत होमकर ने बताया कि सोशल मीडिया को लेकर जिलों के डीसी और एसपी को एक दर्जन से अधिक निर्देश जारी किये गये हैं. उनसे शहर के प्रमुख चौराहों पर सोशल मीडिया से संबंधित साइन लगाने और हेल्पलाइन नंबर भी जारी करने के निर्देश दिए गए हैं. आईजी अमोल होमकर के मुताबिक, समाज में अफवाह फैलाने के लिए कई तरह के मैसेज फैलाए जाते हैं. ऐसे में आम लोगों से अपील की गई है कि वे तुरंत पुलिस कंट्रोल रूम या अपने स्थानीय थाने में फोन कर इसकी जानकारी दें, सोशल मीडिया पर चल रही अफवाहों के बारे में पुलिस से बात करें और पुलिस से पूछें कि क्या यह जानकारी सही है. इसी क्षण से सामाजिक तत्वों के खतरनाक मंसूबे विफल हो जायेंगे.

**गाइडलाइंस भी की गई जारी :** रामनवमी पर सोशल मीडिया के जरिए किसी भी तरह की कोई अफवाह न फैलाई जा सके, इसके लिए सभी जिलों में दिशा-निर्देश भी जारी किए गए हैं. सोशल मीडिया पर भ्रामक खबरें फैलाने वालों की जानकारी देने के लिए जिला स्तर पर फोन नंबर भी जारी किए गए हैं. गाइडलाइंस में आम लोगों से भी कहा गया है कि वे कभी भी कोई भड़काऊ संदेश प्रचारित न करें. अगर उनके मोबाइल पर कोई आपत्तिजनक मैसेज आता है तो वह इसकी सूचना पुलिस को अवश्य दें. गाइडलाइंस में यह भी बताया गया है कि मैसेज को एक जगह से दूसरी जगह भेजने वाला भी उतना ही दोषी है जितना मैसेज बनाने वाला भी, इसलिए इस सबमें सावधानी बरतें.

**हाल ही में गिरफ्तार लोगों के बारे में दें जानकारी :** हाल के दिनों में झारखंड के कई जिलों में सोशल मीडिया पर सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वालों को जेल भी भेजा गया है. ईद के दौरान सोशल मीडिया पर भड़काऊ संदेश वायरल करने के आरोप में राजधानी रांची से भी दो लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया. पुलिस ने शांति समिति की बैठक में ऐसे सभी लोगों की जानकारी दी है, ताकि लोग इससे सबक ले सकें.

## लोजपा (आर) के प्रदेश कार्यालय में डॉ भीमराव अंबेदकर की 133वीं जयंती धुमधाम मनायी गयी

दबंग हिन्द संवाददाता



**रांची।** रविवार को लोजपा ( आर ) के प्रदेश कार्यालय में डॉ भीमराव अंबेदकर की 133वीं जयंती धुमधाम से मनाई गई। डॉ भीमराव अंबेदेकर की जीवनी पर प्रदेश अध्यक्ष बिरेन्द्र प्रधान के द्वारा प्रकाश डाला गया। डॉ भीमराव अंबेदकर का जन्म 14 अप्रैल 1891 को हुआ था। डॉ अंबेदकर एक भारतीय न्यायविद, अर्थशास्त्री, राजनीतिज्ञ और समाज सुधारक थे, जिन्होंने दलित, बौद्ध आन्दोलन को प्रेरित किया और दलितों के प्रति सामाजिक भेदभाव के विरुद्ध अभियान चलाया। उन्हें भारतीय संविधान का मुख्य निमार्ता कहा जाता है बचपन में अंबेदकर को जातिगत भेदभाव के कलंकों का सामना करना पड़ा।

वह हिन्दु महारजाति से आते थे। डॉ अंबेदकर एक मेधावी छात्र थे जिन्होंने कोलंबिया विश्वविद्यालय के साथ ही लंदन स्कूल ऑफइकॉनोमिक्स से अर्थशास्त्र में डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त की। विधि अर्थशास्त्र और राजनीतिशास्त्र में अपने शोध के कारण एक विद्वान के रूप में उन्हें ख्याति मिली। अपने शुरूआती जीवन में वह एक अर्थशास्त्री, प्रोफेसर एवम वकील थे, आगे चलकर भारत की स्वतंत्रता के लिए चलाए गए अभियानों, पत्रिकाओं के प्रकाशक दलितों को राजनीतिक आर्थिक और सामाजिक स्वतंत्रता देने के मुहिम में वह शामिल हुए और भारत संघ की स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई साल 1956 में उन्होंने बोध धर्मको अपनाया जिससे बड़ी संख्या में दलितों में धर्म परिवर्तन की शुरूआत हुई।

साल 1990 में अंबेदकर को भारत का सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारतरत्न मरनोपरान्त दिया गयो रविवार के इस समारोह में निम्नलिखित लोगों ने डॉ भीमराव अंबेदकर के जीवनी पर प्रकाश डाला और उनके द्वारा किए गए कायों को अपने जीवन मै उतारने का संकल्प लिया। उमेश तिवारी, परस नाथ राय, शिवजी कुमार, अभिषेक राय, उत्तम राय, राजेश रंजन वर्मा, संजीत कुमार द्विवेदी, ममता रंजन, ज्योति होरो, दीपिका होरो, दिनेश सोनी, आनंद वर्मा, सबिता कुजूर, महुवा बेनर्जी, महेंद्र दुबे, श्रवण कुमार, प्रकाश उराव, कृष्णा चौरसिया, सोनू सिंह, दिलीप यादव, बिजय यादव इत्यादि।

## श्री चैती दुर्गा पूजा महासमिति का पूजा पंडाल का हुआ उद्घाटन, निकाली जाएगी पारंपरिक शोभा यात्रा

दबंग हिन्द संवाददावता



**रांची।** रांची के मेन रोड स्थित भुताहा तालाब में श्री चैती दुर्गा पूजा महासमिति के पंडाल का उद्घाटन सोमवार को किया जाएगा. रविवार को समिति ने प्रेसवार्ता कर इसकी जानकारी दी. महामंत्री गोपाल पारीक, अध्यक्ष शंकर दुबे ने बताया की सोमवार कि सुबह सर्वदेव पूजन एवं माता का प्राण-प्रतिष्ठा किया जाएगा. वहीं पंडाल का उद्घाटन सुबह 9:30 बजे संयुक्त रूप से सभी पदाधिकारियों के साथ किया जाएगा. उन्होने बताया की इस बार शोभा यात्रा का मुख्य आकर्षण अयोध्या श्री राम जन्मभूमि में श्री रामलला जी की स्थापित प्रतिमा का जीवांत झांकी का प्रर्दशन होगा. झारखंड के प्रसिद्ध भजन गायक विक्की छाबड़ा के मधुर भजनों का कार्यक्रम होगा. शोभायात्रा में बंगाल के नृत्य कलाकार भी रहेंगें. रांची के ग्रामीण क्षेत्र के अखाड़ेधारी झंडाधारी, ढोल नगाड़ा, अस्त्र शस्त्र, भजन मंडली, नृत्य कलाकार एवं अन्य सभी पारंपरिक शोभा यात्रा जैसे हाथी घोड़ा आदि विसर्जन जुलुस में साथ रहेंगे. इस वर्ष विशेष रूप से आसपास के सभी भक्तों को साथ लेकर शांतिपूर्वक एवं गरिमामयी ढंग से शोभायात्रा में चलना, प्रमुख लक्ष्य है. उन्होंने कहा कि शोभायात्रा के दिन आये हुए सभी लोगों को सम्मानित किया जायेगा. लाइन टैंक तालाब में पानी सूखा होने के कारण प्रशासन के आदेशानुसार विसर्जन जेल तालाब में किया जाएगा. श्री चैती दुर्गा पूजा महासमिति का सभी कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हो इसके लिए महासमिति के लोग पिछले 20-22 दिनों से लगातार शहर तथा ग्रामीण क्षेत्र में भ्रमण कर रहे हैं तथा सभी लोगों से संपर्क एवं तालमेल तथा सहयोग का निवेदन कर रहे हैं. इस ऐतिहासिक आयोजन के अवसर पर प्रशासन से संपूर्ण साफ सफाई, सुरक्षा व्यवस्था, बिजली, पानी व्यवस्था तथा समिति के लोगों से तालमेल बैठा कर आयोजन को सफल करने का निवेदन किया गया है तथा उन्हें एक विस्तृत मांग एवं सुझाव पत्र भी दिया गया है.

## संविधान बचाने के लिए बापू वाटिका पर झामुमो कार्यकताओं का धरना, भाजपा पर साधा निशाना

दबंग हिन्द संवाददाता

भीमराव अंबेडकर की 133वी जयंती



**रांची।** संविधान निमार्ता बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर राजधानी के डोरंडा स्थित बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया. वहीं झारखंड मुक्ति मोर्चा ने मोरहाबादी स्थित बापू वाटिका के समक्ष धरना दिया. इस कार्यक्रम में झामुमो के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि अपने संविधान निमार्ता की जयंती पर आज हमलोगों को धरना पर इसलिए बैठना पड़ रहा है क्योंकि आज संविधान खतरे में है. उन्होंने कहा कि हमारा आज का कार्यक्रम बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर को श्रद्धांजलि भी है और भाजपा की नीतियों का प्रतिवाद है.

**'जेल का फाटक टूटेगा, हेमंत सोरेन छूटेगा' के लगे नारे :** जेएमएम नेता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि जिस तरह से लोकतांत्रिक रूप से जनता के वोट से जीतकर आये विपक्षी दलों के नेताओं पर साजिश रचकर कार्रवाई की जा रही है. इससे यह साफ है कि भाजपा देश में तानाशाही व्यवस्था लाना चाहती है, जहां कोई विपक्ष ही न हो. ऐसे में बहुत जरूरी है कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में विश्वास करने वाली पार्टियों को जनतांत्रिक रूप से प्रतिवाद करना ही होगा.

**प्रेम और भाईचारे के माहौल को खराब करने में माहिर है भाजपा : मुस्ताक आलम**

झारखंड मुक्ति मोर्चा के रांची जिलाध्यक्ष मुस्ताक आलम ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार और उसकी नीतियों का विरोध इसलिए भी जरूरी है, क्योंकि हमला संविधान के मूल तत्वों पर बोला जा रहा है. नफरत की राजनीति कर चुनाव जीतने की कोशिश की जा रही है. उनके नेता पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को गलत मामले में फंसा कर जेल में डाल दिया गया है. दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को भी सिर्फ इसलिए जेल भेजा गया क्योंकि उन्होंने भाजपा की नीतियों का विरोध किया. रांची जेएमएम जिलाध्यक्ष मुस्ताक आलम ने कहा कि आज भारत के संविधान निमार्ता का जन्मदिन लोग मना रहे हैं तो झामुमो के लोग बापू वाटिका के समक्ष धरना प्रदर्शन कर रहे हैं. झामुमो जिलाध्यक्ष ने कहा कि अब तो भाजपा के सांसद और नेता कहने लगे हैं कि संविधान बदलने के लिए 400 पार की जरूरत है. ऐसे में वोट के माध्यम से भाजपा पर चोट देना है ताकि संविधान बची रहे.

## डॉ भीमराव अंबेडकर सामाजिक समानता एवं समरसता के थे प्रणेता

**रांची।** बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती पर विश्व हिंदू परिषद रांची महानगर द्वारा महानगर अध्यक्ष कैलाश केसरी के नेतृत्व में डोरंडा स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया. इस अवसर पर विशेष रूप से उपस्थित विश्व हिंदू परिषद के झारखंड प्रांत मंत्री मिथिलेश्वर मिश्र ने डॉ अंबेडकर को सामाजिक समानता एवं समरसता का प्रणेता बताते हुए कहा कि समाज के वंचित वर्ग एवं महिलाओं के उत्थान में उनका अभूतपूर्व योगदान रहा है. कालांतर में विदेशी आक्रांताओं के सैकड़ो वर्ष के शासनकाल द्वारा हिंदू समाज में छुआछूत ,जातिगत भेदभाव, अस्पृश्यता आदि विकृतियां आई थीं उससे वे अवश्य दुखी थे, परंतु हिंदू धर्म या फिर हिंदू देवी देवताओं के प्रति उनके हृदय में अपार सम्मान था. उन्होंने इस्लाम अथवा ईसाई धर्म न अपना कर बौद्ध धर्म की दीक्षा ली, जो सनातन धर्म का ही एक अंग है. यह बात आज संपूर्ण हिंदू समाज को समझने की आवश्यकता है. उनके द्वारा दिखाए मार्ग पर चलकर समाज से जातिगत भेदभाव मिटाते हुए एक संगठित राष्ट्र की परिकल्पना साकार होगी.

## सीएमपीडीआई में मनाई गई डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती

दबंग हिन्द संवाददाता



**रांची।** सीएमपीडीआई के 'मयूरी प्रेक्षागृह' में भारतीय संविधान के निमार्ता बाबा साहेब डॉ भीमराव रामजी अंबेडकर की 133वीं जयंती मनायी गयी. सीएमपीडीआई के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक मनोज कुमार, निदेशक (तकनीकी/ सीआरडी) शंकर नागाचारी, निदेशक (तकनीकी/ पीएंडडी) अजय कुमार, क्षेत्रीय संस्थान-3-रांची के क्षेत्रीय निदेशक जयंत चक्रवर्ती, महाप्रबंधक व विभागाध्यक्षगण ने श्रद्धांजलि अर्पित की और डॉ भीमराव अम्बेदकर के योगदान को याद किया. इस अवसर पर श्री कुमार ने लोगों से डॉ भीम राव से संबंधित साहित्य एवं पुस्तकें पढ़ने की अपील की. इससे उनके आदर्शों और सिद्धांतों के वास्तविक सार को जानने व समझने में सहूलियत होगी. साथ ही, उन्होंने कहा कि उनके बताए हुए मार्ग पर चलकर समतामूलक समाज के निर्माण के लिए प्रयास करना चाहिए. इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि विजय कुमार त्रिशरण, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, सेल, रांची ने स्वतंत्रता, समानता एवं बंधुत्व पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला. उन्होंने कहा कि भारत के संविधान में तीन महत्वपूर्ण कारक हैं जो देश के सभी नागरिकों को सशक्त बनाता है. आगे कहा कि शिक्षा का उद्देश्य समाज की भलाई के लिए व्यक्ति को सामाजिक बनाना, नैतिक बनाना और सामाजिक न्याय के लिए प्रयास करना है. इस अवसर में कोल इंडिया एससी/एसटी इम्प्लाइज असोसियेशन (सिस्टा) के अध्यक्ष श्री केएम डार्विन, प्रतिनिधि श्री प्रवीण कुमार, टुकलाल निराला, एससी/ एसटी/ओबीसी परिषद् के सदस्य गोरेलाल पासवान, राजेश साव, मनोज कुर्रे, श्मीरा कुमारी एवं अन्य लोगों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए.

# रांची ओपन टेनिस चैंपियनशिप : सीजन-2 में पटना के खिलाड़ियों ने मारी बाजी



दबंग हिन्द संवाददाता

**रांची।** रविवार को रांची ओपन टेनिस चैंपियनशिप 2024 (सीजन 2) का समापन हुआ. रांची के खेलगांव स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में वाइल्ड कार्ड टिकट द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में पटना के खिलाड़ियों ने बाजी मारी. इस प्रतियोगिता में विभिन्न शहरों रांची, जमशेदपुर, धनबाद, हजारीबाग और पटना से खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था. मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद कांग्रेस नेता आदित्य विक्रम जायसवाल ने विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया. इस अवसर पर जायसवाल ने कहा कि रांची ओपन टेनिस चैंपियनशिप 2024 के कमिटी के सदस्यों को बधाई देते हुए कहा कि ऐसा आयोजन होते रहना चाहिए, इससे बच्चों को खेल के प्रति बढ़ावा मिलता है. यह काफी सराहनीय कदम है. एक बहुत पुरानी कहावत है विजेता सिर्फ. वो नहीं जो जीतता है,बल्कि विजेता तो वो है, जो बाहर निकलकर खेलते है और कोशिश करते हैं, और चैंपियंस तब तक खेलते है और खेलते रहते है जबतक वो जीत ना जाये और अपनी मुकाम ना हासिल कर ले. मौके पर जीशान, जितेंद्र, रफीक, अनिमेष और दिलीप मौजूद थे.

### प्रतियोगिता का परिणाम

- अंडर-10 पुरुष : विजेता- अंकुर (पटना), उपविजेता- साहस परमार (रांची)
- अंडर-12 पुरुष : विजेता- अंकुर (पटना), उपविजेता- अंशुमान (पटना)
- अंडर-12 महिला : विजेता- आशी (पटना), उपविजेता- जरिया (पटना).
- अंडर-14 पुरुष : विजेता- अर्श (रांची), उपविजेता- इवान डेनियल (जमशेदपुर).
- अंडर-14 महिला : विजेता- आशी (पटना), उपविजेता- जरिया (पटना).
- अंडर-16 पुरुष : विजेता- समर्थ (रांची), उपविजेता- आयुष (रांची).
- अंडर-16 महिला : विजेता- अदिति (पटना), उपविजेता - मेबल (जमशेदपुर).
- अंडर-18 पुरुष : विजेता- हेमंत (पटना), उपविजेता - समर्थ (रांची).
- अंडर-18 महिला : विजेता- अदिति (पटना), उपविजेता - गौरी (पटना).
- पुरुष एकल: विजेता- राजन (पटना), उपविजेता - रणवीर (धनबाद).
- महिला एकल: विजेता- अदिति (पटना), उपविजेता - गौरी (पटना).
- पुरुष डबल्स : विजेता- राजन और एन के सिंह (पटना), उपविजेता - अनिमेष और दिलीप (रांची).
- महिला डबल्स : विजेता- शीन और गौरी (पटना), उपविजेता - जरिया और आशी (पटना).
- मिक्स डबल्स : विजेता- राजन और गौरी (पटना), उपविजेता - हेमंत और शीन (पटना).
- अंडर 12 गर्ल्स डबल: विजेता - आशी और जरिया (पटना), उपविजेता - अद्विता और हिमांशी (पटना).
- अंडर 18 बॉयज डबल: विजेता - हेमंत और अंकुर (पटना), उपविजेता - शिरीष और अविरल (पटना).
- वेटरन्स सिंगल 35 : विजेता - राजेश (रांची), उपविजेता - रणवीर (धनबाद).
- वेटरन्स डबल्स 45 : विजेता: राजन और एनके सिंह (पटना), उपविजेता - राजेश और हर्षप्रीत

## एक नजर

### शोषितों, वंचितों को मिले उनका हक और अधिकार : सुदेश महतो



**रांची।** बाबा साहब वंचित वर्ग के उत्थान के लिए सदैव तत्पर रहे थे. बहुमुखी प्रतिभा के धनी बाबा साहब ने समाज में वर्ग के विभाजन को तोड़ सबको संविधान में समान अधिकार दिया है. आज उनके कथन और मार्गदर्शन को आत्मसात करने की जरूरत है. शोषितों, वंचितों को उनका हक और अधिकार मिले, यह हमारी प्राथमिकता है. आज भी समाज का एक बड़ा तबका अपने अधिकारों से वंचित है. उक्त बातें आजसू सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो ने कही. उन्होंने रविवार को अंबेदकर पार्क, सिल्ली में बाबा साहब की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की. उन्होंने उपस्थित सभी लोगों से डॉ. अंबेडकर के आदर्शों से सीख लेकर आगे बढ़ने का आह्वान किया. इस अवसर पर जयपाल सिंह, संजय सिद्धार्थ, गौतम साहू, तरुण गुप्ता इत्यादि मुख्य रूप से उपस्थित रहे.

### केंद्र ने दिया निर्देश, हटायें नेशनल हाईवे से अतिक्रमण

Ministry of Road Transport and Highways
Government of India

**रांची।** सड़क, परिवहन व राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार ने नेशनल हाईवे में किए गये अतिक्रमणों को हटाने का निर्देश झारखंड सहित सभी राज्यों को दिया है. यह कहा कि एनएच पर अवैध तरीके से किए गये अतिक्रमण को हटाने के लिए उचित कार्रवाई करें. केंद्र ने इसके लिए कंट्रोल ऑफ नेशनल हाईवे लैंड एंड ट्रैफिक एक्ट 2002 के धाराओं का प्रयोग करते हुए कार्रवाई करने को कहा है. इस संबंध में झारखंड के एनएच के आरओ, परियोजना निदेशक, चीफ इंजीनियर एनएच सहित सभी इंजीनियरों को पत्र लिखा गया है. केंद्रीय सड़क परिवहन राजमार्ग मंत्रालय ने नेशनल हाईवे पर लगातार निरीक्षण करने को कहा है. इस दौरान किए गये अतिक्रमण सहित सड़क निर्माण कार्य और रख-रखाव का भी नियमित अनुश्रवण करने को कहा है. इसके लिए मुख्यालय के अधिकारियों सहित सभी फील्ड के अफसर-इंजीनियरों को विशेष दिशा-निर्देश दिए गये हैं. मंत्रालय ने सड़कों की गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता नहीं करने का निर्देश दिया है. नेशनल हाईवे में अक्सर यह देखा जाता है कि अस्थायी रूप से दुकानों का निर्माण करा दिया जाता है. कई जगह सड़क किनारे भी लोग बस जाते है जबकि यह हाईवे की जमीन होती है. सड़क किनारे अतिक्रमण होने से वाहनों क आवागमन में भी परेशानी होती है. खास-तौर से शहरों से सटे एनएच में अधिक दिक्कत होती है.

### नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म पर झालसा ने लिया संज्ञान, पीड़िता को हर मदद का निर्देश



**रांची।** मीडिया में खबर आने के बाद झारखंड हाईकोर्ट सह झालसा के कार्यपालक अध्यक्ष न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद ने संज्ञान लिया है. उन्होंने जिला विधिक सेवा प्राधिकार को आदेश दिया कि तत्काल दुष्कर्म पीड़िता और उसके परिवार को सहायता करें. इस आदेश के आलोक में न्यायायुक्त-सह-अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार रांची दिवाकर पांडे ने सचिव को पीड़िता को हर संभव मदद पहुंचाने का निर्देश दिया है. बता दें कि 13 अप्रैल को जतरा मेला देखने गयी नाबालिग के साथ पांच युवकों ने सामूहिक दुष्कर्म किया था. डालसा सचिव राकेश रंजन ने एक टीम गठित की और खुद भी टीम के साथ बजरा स्थित पीड़िता के घर पहुंचे. वहां उसकी मां से मिलकर विधिक सहायता के बारे में बताया और हरसंभव मदद की बात कही. साथ ही मुआवजा की प्रक्रिया की भी जानकारी दी. वहां से निकलकर टीम सीधे रातु थाना पहुंची और डीएसपी से मिलकर केस से संबंधित जानकारी जल्द कोर्ट में प्रस्तुत करने को कहा. फिर सिरमटोली स्थित प्रेमाश्रय पहुंचकर पीड़िता का हाल जाना. टीम में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार रांची श्री राकेश रंजन ,पी.एल.वी. पुष्पलता देवी और संगीता देवी थी. यहां बता दें कि पीड़िता से मिलने के बाद डालसा सचिव ने झारखंड पीड़ित मुआवजा अधिनियम के मुआवजा की प्रक्रिया शुरू कर दी है. साथ ही पीड़िता के सपोर्ट के लिए पीएलबी संगीता देवी रखा है. जो कोर्ट की प्रक्रिया में उसकी सहायता करेंगी. प्रो बोनो अधिवक्ता के रूप में ममता श्रीवास्तव को रखा गया है, जो कोर्ट में सहायता करेंगी. डालसा की ओर से पीड़िता को चिकित्सीय सुविधा भी दी जाएगी.

### हटिया मजदूर यूनियनों ने मनायी अंबेडकर जयंती



**रांची।** हटिया मजदूर यूनियन कार्यालय के प्रांगण में भारत रत्न डॉ भीम राव अंबेडकर की 133वीं जयंती मनायी गयी. विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल अमल आजाद ने संविधान के शिल्पकार डॉ अंबेडकर के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला. उन्होंने संघर्ष करो और संगठित व शिक्षित बनो के मूल मंत्र पर आगे बढ़ने की बात कही. उन्होंने कहा कि यही मंत्र समाजिक समरसता, धार्मिक और अंधविश्वास को दूर करने में सफल हुआ. संविधान में सभी धर्मों के प्रति सामाजिक, राजनैतिक और धार्मिक स्वतंत्रता उल्लेख है. हटिया मजदूर यूनियन सीटू के अध्यक्ष भवन सिंह ने कहा कि सामाजिक न्याय लोकतंत्र की रीढ़ है. भाजपा इसे ही खत्म करने के लिए संविधान में संशोधन करना चाहती है. भाजपा संविधान को ही खत्मकर मनुवादी संविधान लाना चाहती है. यह तभी संभव है जब संसद में दो तिहाई बहुमत हो, इसलिए भाजपा 400 पार का नारा दे रही है. कहा कि भाजपा का छुपा हुआ एजेंडा बाहर आ गया है. समस्त सार्वजनिक उद्योगों को खत्म करने से आरक्षण और सार्वजनिक उद्योगों को समाप्त करने से मजदूरी का प्रतिस्पर्धा खत्म होगा. कहा कि चार श्रम संहिता लाने का मकसद भी यही था कि मजदूरी वही जो मालिक दे.

### एचईसी मजदूर यूनियनों ने मनायी अंबेडकर जयंती

**रांची।** एचईसी सप्लाई ठेका अप्रेंटिस मजदूर संघ के तत्वाधान में रविवार को सुनील पांडे की अध्यक्षता में बैठक हुई. बैठक की शुरूआत में बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की तस्वीर पर माल्यापर्ण और पुष्प अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित किया. इसके बाद बैठक में शामिल ठेका श्रमिकों ने बारी-बारी से अपनी बातों को रखा. मौके पर संघ के महामंत्री उदय शंकर ने कहा कि प्रबंधन हम सब का टेंडर जल्द से जल्द निकलने का प्रयास करें, ताकि हम कारखाने में जाकर उत्पादन करने में पहले की तरह पुण्य का भागीदार बने रहें. इसके अलावा बैठक में एचईसी का उत्पादन बढ़ाने को लेकर कई मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया. इस बैठक में भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश संगठन मंत्री बृजेश कुमार के अलावा अनिल कुमार तिवारी, सुधीर कुमार चौधरी, सुजीत कुमार झा, शिवनारायण, जय नारायण, जौन तिग्गा, संदीप सेन, पिंकू मिश्रा, असलम घनश्याम ठाकुर, रवि रंजन पांडे, कुंदन, अजय शर्मा, बि गोप के अलावा काफी संख्या में लोग मौजूद रहे.

### सेल में मनायी गयी अंबेडकर जयंती

**रांची।** डॉ. भीम राव अंबेडकर की 133 वीं जयंती सेल सैटेलाइट के सभी छह रांची इकाइयों की भागीदारी के साथ मनायी गई. समारोह में आशीष चक्रवर्ती ईडी (एचआरडी और एसएसओ), एसके वर्मा ईडी (सीईटी), एसके कर ईडी (आरडीसीआईएस) और सेल के अन्य वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे. सभा में एस जाचुक सीजीएम (पी एंडए) ने इस अवसर पर सभी कर्मचारियों का स्वागत किया. इसके बाद जे. हेमरोम ने उपस्थित लोगों को डॉ. बीआर अंबेडकर के जीवन और उपलब्धियों के बारे में जानकारी दी. सेल के सभी कार्यपालक निदेशकों ने डॉ. अंबेडकर के देश के प्रति योगदान की सराहना की, साथ ही उपस्थित लोगों से डॉ. अंबेडकर के महान चरित्र के सिद्धांतों को दैनिक जीवन में अपनाने का आग्रह किया.

# 1990 बैच का एलुमिनी कार्यक्रम आयोजित



दबंग हिंद संवाददाता

**बोकारो।** सेक्टर 12 स्कूल के वर्ष 1990 बैच के पूर्ववर्ती छात्र-छात्राओं का महा मिलन आज सेक्टर 12 हाई स्कूल में आयोजित किया गया पूरे देश-विदेश के आगंतुक आकर आपस में एक दूसरे के साथ अपने पुराने पल को याद किया इस अवसर पर 1990 में कार्यरत शिक्षकों को सम्मानित किया गया कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए अधिवक्ता रंजीत गिरी ने कहा कि 1990 सत्र के छात्र लोगों ने देश-विदेश में अपना नाम रोशन किया है वही सुनील कुमार सिंह ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम के आयोजन से आपस में समरसता स्थापित होती है एक दूसरे के साथ सहयोग की भावना भी उत्पन्न होती है इस अवसर पर रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया दो दिवसीय कार्यक्रम में एक दूसरे के साथ सामाजिक सद्भाव बढ़ने पर जोर दिया गया इस अवसर पर संतोष कुमार उमाशंकर साहू संतोष कुमार बच्चन राखी ठाकुर नीलम सिंह ज्योति नाथ निशा अरुणिमा सिंह श्यामोली सुशील कुमार सिंह गायत्री अनुका साहित्य छात्राओं ने हिस्सा लिया कार्यक्रम का समापन रविवार को बोकारो क्लब में हुआ।

# चुनाव आयोग के निर्देश का अनुपालन करें : आईजी

दबंग हिंद संवाददाता

**बोकारो।** शांतिपूर्ण मतदान करने एवं विधि व्यवस्था संधारित करने को लेकर एनआईसी कार्यालय में पुलिस महानिरीक्षक उत्तरी छोटानागपुर दो माइकल राज की अध्यक्षता में बैठक हुई जिसमें विभिन्न विषय पर विस्तार से चर्चा किया गया जिसमें रूट मतदान कर्मी सीआरपीएफ एवं पुलिस बल को ठहरने के विषय पर चर्चा हुई मौके पर पुलिस उपमहानिरीक्षक उत्तरी छोटा नागपुर एसके झा जिला निर्वाचन पदाधिकारी पुलिस अधीक्षक पूज्य प्रकाश सीआरपीएफ कमांडेंट रविरंजन कुमार अपार समर्थ मुमताज अंसारी डीटीओ वंदना सेजवलकर



उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रतिभा कुजूर डीपीआरओ साकेत कुमार पांडे उपस्थित थे बैठक में आईजी ने संबंधित सभी पदाधिकारी को विभिन्न स्टैटिसटिक्स लोकेशन पर विस्तार से जानकारी देते हुए सभी को जरूरी दिशा निर्देश दिया तथा झुमरा पहाड़ के आसपास भूतों पर सुविधा उपलब्ध कराने को कहा ताकि किसी भी मतदान कर्मियों एवं मतदाता को वोट देने में परेशानी का सामना नहीं करना पड़े उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग के दिशा निर्देश का अनुपालन सुनिश्चित होनी चाहिए पुलिस महानिरीक्षक दो माइकल राज ने गोमिया विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न मतदान केंद्र पर जरूरी सुविधा उपलब्ध कराने एवं सीआरपीएफ पुलिस बल को रोकने वाले स्थान पर सभी सुविधा उपलब्ध करने की बात कही उन्होंने कर्क नालों चतरों चट्टी एवं झुमरा पहाड़ आदि स्थानों पर स्ट्रांग रूम बनाने पर भी चर्चा किया इस पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि उक्त सभी स्थान पर आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है तथा समय पर इसे पूरा करने का आश्वासन भी दिया गया।

# जिला स्तरीय इंटर स्कूल ताइक्वांडो चैंपियनशिप में चास डीपीएस के विद्यार्थियों ने जीता 19 पदक

दबंग हिंद संवाददाता

**चास।** जिला इंटर स्कूल ताइक्वांडो चैंपियनशिप में दिल्ली पब्लिक स्कूल चास के विद्यार्थियों ने अपने कौशल से सभी को प्रभावित किया प्रतियोगिता में विद्यालय के कुल 25 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था जिसमें 19 विद्यार्थियों ने पदक प्राप्त कर सभी को आश्चर्यचकित कर दिया वीड़ितों के बोकारो जिला ताइक्वांडो संघ के द्वारा पिछले सप्ताह 31वां जिला स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता का आयोजन आशा लता विकलांग केंद्र के परिसर में हुआ था जिसमें डेढ़ सौ से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था। पदक प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों में अभिज्ञा साहू हार्दिक सृष्टि शुक्ला जय हांसदा ने स्वर्ण विवेक महतो श्रेयांशी श्री सौम्या यादव अनुश्री कुंडू अदिति साहू ने रजत तथा अथर्व झा अपवर्ण सिंह प्रेरणा टुडू रम्य पीयूष राज अक्षत कुमार विराज अग्रवाल



पूर्वी कुमारी शुभम राय जय महतो ने कांस्य पदक जीता। विद्यार्थियों की सफलता पर विद्यालय की चीफ मेंटर दो हेमलता एस मोहन ने बधाई देते हुए कहा कि इंटर स्कूल ताइक्वांडो चैंपियनशिप न केवल युवा एथलीट को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए एक मंच प्रदान करता है बल्कि स्वस्थ प्रतिस्पर्धा और आपसी सम्मान की भावना को भी बढ़ावा देता है उन्होंने कहा कि विद्यालय के पाठ्यक्रम के साथ-साथ जीवन में खेल के महत्व को भी सीखना है बच्चों की यह उपलब्धि उनके लिए न केवल एक सम्मान है बल्कि उदारता संघर्षशीलता और निरंतर प्रयासों का परिणाम है वही प्रभारी प्रधानाचार्य दीपाली भुस्कुटे तथा प्राइमरी विंग की प्रधानाध्यापिका सुदेशना सिंह एवं सचिव डीएस मेमोरियल सोसायटी सुरेश अग्रवाल ने बच्चों की सफलता पर खुशी जाहिर की उन्होंने प्रशिक्षक राहुल प्रताप कोच एवं सहभागी शिक्षकों को भी बधाई दी।

# रिफैक्ट्री के उत्पादन के रोड मैप के साथ हुआ अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन संपन्न

दबंग हिंद संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट की मेजबानी में आयोजित दो दिवसीय नैनो टेक्नोलॉजी और टिकाऊ समाधानों के माध्यम से लोह और इस्पात उद्योग में रिफ्रैक्टरीज में प्रगति विषय पर द्वितीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन आरइएफ आई एस 4 पॉइंट ओ का समापन हुआ समापन समारोह में अधिशासी निदेशक वीरेंद्र कुमार तिवारी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित है दो दिनों तक चले इस सम्मेलन में रिफ्रैक्ट्री उद्योग से जुड़े विभिन्न चुनौती विशेष कर वर्ष 2030 तक देश में इस्पात उत्पादन क्षमता 300 मिलियन टन के लक्ष्य को हासिल करने के परिपेक्ष में अरे फैक्ट्री सेक्टर में देश को आत्मनिर्भर बनाने इंडस्ट्री 4.4 टेक्नोलॉजी के इस्तेमाल द्वारा कम लागत तथा उच्च गुणवत्ता वाले री फैक्ट्री का निर्माण तथा इस्पात एवं रेफ्रिक्ट्री उद्योग के परस्पर हितों को




ध्यान में रखते हुए है करो जोन रिफ्रैक्टरीज ब्रिक लैडल लिप ब्रिक नई पीढ़ी के एलुमिना ग्रेफाइट लाडले ब्रिक का विकास उच्च गुणवत्ता वाले मोनोलिथिक लाइनिंग ब्रिक का उपयोग सैनडिस्क में इस्पात की गुणवत्ता में सुधार की आधुनिक तकनीक को कार्बन स्टील कास्टिंग में जिरकोनिया मीटरिंग नोज के प्रदर्शन में सुधार के लिए अध्ययन जैसे विषय पर गहन मंथन किया गया इसके अलावा रिफ्रैक्ट्री के उचित प्रयोग द्वारा जी एच जी मिटिगेशन रिफ्रैक्ट्री बेस्ट सर्कुलर इकोनामी हेतु इन्नोवेटिव मैटेरियल्स की संभावना ऊर्जा एवं पर्यावरण संरक्षण मशीन लर्निंग इत्यादि पहलुओं पर भी सम्मेलन के दौरान विशेषज्ञों द्वारा विस्तार पूर्वक चर्चा की गई।

# भक्तों ने दिखाएं हैरत अंगेज करतब



दबंग हिंद संवाददाता

**पिण्डरजोड़ा।** 50 प्रखंड के पुण्डरु गांव में चरक पूजा के अवसर पर उपभोक्ता पर्व तथा आलकाप कार्यक्रम का आयोजन किया गया यह कार्यक्रम 16 आना दिगर की ओर से आयोजित किया गया इस गांव में आलकॉप के अलावा भोक्ता घुरा का भी आयोजन किया गया। इस मौके पर भगवान शंकर के भक्त अपने पीठ जीव पेट आदि जगहों पर मोटे लोहे के किस चुभाकर 45 फीट ऊंचे खुटे के ऊपर घूमते हैं। कमेटी के लोगों का कहना है कि गांव के प्रत्येक घर से एक सदस्य को इसमें हिस्सा लेना अनिवार्य है ऐसा नहीं करने पर साल भर के बीच बाबा भोलेनाथ उसे परिवार में कुछ ना कुछ बड़ा वाइन पहुंचने का एहसास करते हैं इस अवसर पर गांव में लगातार 5 दिनों तक सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ मिला भी लगता है मुख्य प्रदर्शन में भीष्म पितामह की शैया ईसा मसीह की सूली साहित्य धारदार हथियारों को पेट में पार करके दशार्या जाना पेट से हाथ निकल जाना फांसी पर लटकाना जैसे अद्भुत कला का प्रदर्शन कर लोगों को मंत्र मुक्त कर दिया मौके पर भाजपा धनबाद लोकसभा प्रत्याशी ढुल्लू महतो जिला अध्यक्ष जयदेव राय पूर्व मंत्री उमाकांत रजक झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला उपाध्यक्ष विजय राजभर ने बाबा भोलेनाथ का आशीर्वाद लिया और क्षेत्र के सुख शांति की कामना की।

# अश्लील भड़काऊ गाने बजाने पर रहेगा प्रतिबंध : एसडीओ

दबंग हिंद संवाददाता

**बोकारो।** रामनवमी के दिन शोभायात्रा एवं झांकी निकल जाने को लेकर अखाड़ा समिति एवं डीजे के प्रतिनिधियों के साथ एसडीओ ओमप्रकाश गुप्ता बेरमो एसडीओ मनोज कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में समाहरणालय में बैठक हुई जिसमें कई अखाड़ा समिति एवं डीजे के प्रतिनिधि शामिल हुए बैठक में रामनवमी जुलूस के दौरान शहर में विधि व्यवस्था सुनिश्चित करने को लेकर सभी अखाड़ा समिति के साथ विचार विमर्श किया गया इसके साथ ही जिला प्रशासन द्वारा आदर्श आचार संहिता में त्यौहार के आयोजन में अपने जाने वाले नियम कानून की जानकारी एसडीओ नदी उन्होंने कहा कि लोकसभा आम चुनाव को लेकर आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन नहीं किया जाएगा इसके लिए डीजे संचालकों




को स्वघोषित घोषणा पत्र देना होगा। हां उन्होंने कहा की शोभायात्रा के दौरान डीजे आधुनिक विस्तारक यंत्र का प्रयोग किसी भी राजनीतिक दल प्रत्याशियों के पक्ष में नारेबाजी बयान कथन चुनाव प्रचार आदि के लिए प्रयोग नहीं किया जाएगा इस दौरान ध्वनि विस्तारक यंत्र में 60 डेसीबल से उच्च स्तर पर नहीं बजाना होगा ना बजाने दिया जाएगा बताया गया कि किसी भी शिक्षण संस्थान छात्रावास अस्पताल चिकित्सा केंद्र एवं न्यायालय परिसर के 200 मीटर के अंदर ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग नहीं किया जाएगा इसके अलावा मस्जिद एवं गिरजाघर के सामने किसी भी जाति धर्म एवं संप्रदाय के विरुद्ध अश्लील भड़काऊ गाना संगीत के लिए ध्वनि विस्तार की यंत्र का प्रयोग नहीं होगा बैठक मैया निर्णय लिया गया की शोभायात्रा में आचार संहिता का शक्ति से पालन करते हुए शांतिपूर्ण ढंग से झांकी निकाली जाएगी।

## अंबेडकर जयंती पर सफाई अभियान

दबंग हिंद संवाददाता

**जारंगडीह।** जारंगडीह शिव मंदिर में रविवार को सौरव क्लासेस के संचालक सौरभ कुमार के नेतृत्व में बच्चों द्वारा बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर जयंती के शुभ अवसर पर सफाई अभियान और वृक्ष रोपण किया गया। अभियान शिव मंदिर परिसर तथा उसके आसपास चला।जिसमें सभी बच्चों के साथ-साथ बच्चों के माता-पिता भी इस कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर संचालक सौरभ कुमार ने कहा कि नरेंद्र मोदी के द्वारा पूरे भारत में स्वच्छ भारत और वृक्षारोपण पहले से चला आ रहा है, इसी को देखते हुए हम लोगों द्वारा आज सफाई अभियान और वृक्षारोपण का कार्यक्रम किया जा रहा हैं। उन्होंने कहा कि हर एक व्यक्ति को एक वृक्ष रोपना करना चाहिए। वृक्ष रोपने से वातावरण बदल जाता है। इस मौके पर विनोद मंडल, राजकुमार मंडल, संजय नुनिया, अभिषेक सिंह, नितेश कुमार, दीपक गुप्ता के अलावा सौरभ क्लासेस के बच्चे ०बच्चियां आदि उपस्थित थे।

# बेरमो मे धूमधाम से मनाई गई डॉ. भीम राव अंबेडकर की जयंती

दबंग हिंद संवाददाता

**फुसरो।** बेरमो कोयलांचल मे भारत रत्न डॉ.भीमराव अंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई गई। प्रशासनिक अधिकारियों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर गोष्ठी की। फुसरो मे आर एस एस के द्वारा शोभा यात्रा फुसरो शहर के मुख्य मार्गो से निकाली गई। फुसरो नगर परिषद क्षेत्र के शारदा कॉलोनी मे समाजसेवी भोला भारती की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाजसेवी भोला भारती व भोला दिगार, मजदूर नेता साधु बाउरी और बीएमएस नेता ललन मल्लाह ने उनके सिद्धांतों और आदर्शो को अपने जीवन में आत्मसात करने की जरूरत बताई। कहा कि उनके प्रयास से समाज के



सभी वर्गो को संविधान में उचित स्थान प्राप्त हुआ। मौके पर अमृत दिगार, प्रभु रजक, मोहन बीपी, सीताराम जी, अशोक दास,मनोज दास, ताराचंद, रंजीत हरि, देवीदास, शंकर गुप्ता,विवेक दिगार,शंकर वर्णवाल आदि मुख्य रूप से शामिल हुए। सिस्टा बीएंडके क्षेत्र के द्वारा कारो खुली खदान के वाईट हाउस मे डॉ.भीमराव अंबेडकर जयंती समारोह आयोजित किया गया। एरिया अध्यक्ष आलोक अकेला ने कहा कि डॉ.अंबेडकर को सच्ची श्रद्धांजलि तभी होगी जब हम उनके बताये रास्ते पर चल कर समाज का निर्माण करें और समाज को आगे बढ़ाएं।

## अंबेडकर की जयंती मनाई गई

दबंग हिंद संवाददाता

**बांध कथारा।** कथारा डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती कथारा चार नम्बर अम्बेडकर पार्क स्थित आंबेडकर प्रतिमा स्थल पर मनाई गई। नागरिक मंच कथारा द्वारा बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया। यहां पर नागरिक मंच द्वारा बाबा साहब प्रतिमा स्थल को विद्युत सज्जा तथा पुष्प मालाओं से सजाया गया। इस अवसर पर नागरिक मंच के सदस्य के द्वारा बताया गया कि मंच के द्वारा आगामी 15 अगस्त को बाबा साहब की आदमकद प्रतिमा लगाया जाएगा मौके पर मंच के अजय कुमार सिंह,एम एन सिंह,विजय यादव,तपेश्वर चौहान,दयाल यादव, देवेंद्र यादव काशी गोप, दिनेश यादव, सुरेश महतो,प्रमोद यादव,बी एन तिवारी,लकी संतोष राम गोड, विजय नायक सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

# बैसाखी पर्व धूमधाम से मनाया गया



दबंग हिंद संवाददाता

**बेरमो।** बोकारो थर्मल स्थित गुरुद्वारा परिसर में 325 व खालसा सृजन दिवस धूमधाम से मनाई गई। बैसाखी पर्व को लेकर बोकारो थर्मल सहित कथारा गोमिया जरिडीह बाजार सन्डे बाजार करगली फुसरो चंद्रपुर जारंगडीह सहित दर्जनों गुरुद्वारा कमेटी व सैकड़ो की संख्या में भक्ति पहुंचकर बैसाखी पर्व में शामिल हुए कार्यक्रम में बंगाल के रानीगंज से आए भजन मंडली के गुरदीप सिंह ने कहा कि बैसाखी पर्व गुरु जी ने खालसाओ में अलौकिक शक्ति संचार कर उनको उपदेश दिया कि खालसा में उच्च नीच कोई नहीं सब एक स्वरूप हैं खालसा का पहला धर्म है देश और मानव जाति की रक्षा के लिए तन मन धन सब कुछ निछावर कर निर्धनों अनाथों और असहयों की रक्षा के लिए सदा आगे रहना ज्ञात हो कि आज के बैसाखी पर्व को लेकर बीते 11 अप्रैल को ज्ञानी मनजीत सिंह द्वारा स्थानीय गुरुद्वारा में कथा पाठ कार्यक्रम की जा रही थी वही आज के उक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से गुरुद्वारा प्रधान बक्शी सिंह धर्म सिंह विनोद भाटिया अजीत। सिंह जगपाल सिंह गुरमीत सिंह सविंदर सिंह सहित काफी संख्या में महिलाएं व पुरुष कार्यक्रम में शामिल थे।

# हमारी लड़ाई विचारधारा की लड़ाई : इंडिया प्रत्याशी मथुरा महतो

दबंग हिंद संवाददाता

**गोमिया।** बेरमो अनुमंडल के गोमियां प्रखंड स्थित पलिहारी गुरुडीह पंचायत के भामाशाह धर्मशाला में इंडिया गठबंधन की बैठक शनिवार को की गई. बैठक में मुख्य रूप से इंडिया गठबंधन के गिरिडीह लोक सभा के प्रत्याशी मथुरा प्रसाद महतो, पूर्व योगेंद्र प्रसाद एवं पूर्व विधायक बबीता देवी मौजूद थी. संचालन प्रखंड सचिव बंटी उरांव एवं अध्यक्षता लुदु मांझी ने किया ने किया। बैठक में योगेंद्र प्रसाद ने अपने संबोधन में कहा की इस बैठक में मौजूद सभी कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ है. भारतीय जनता पार्टी सिर्फ विपक्षी को परेशान करने का काम कर रही है. प्रभु राम केवल भारतीय जनता पार्टी की नही है अगर काम करेंगे तो आशीर्वाद



मिलेगा नही तो नही मिलेगा. जितनी योजना गोमियां के धरातल पर उतरी है हमारी सरकार की देन है. उसी के अधार पर जनता के बीच जायेंगें.वही टुंडी विधायक एवं गठबंधन के गिरिडीह लोकसभा के प्रत्याशी मथुरा प्रसाद महतो ने कहा कि हमारी सरकार ने सभी वर्गो का ख्याल रखा.उलगुलान रैली को आगामी 21तारीख को सफल बनाने की अपील की और कहा ये विचार धारा की लड़ाई है और ये लड़ाई वोट के माध्यम से ही लड़ी जा सकती है . मौके पर जिला अध्यक्ष हीरालाल मांझी, सचिव जय नारायण महतो, मुखिया राम वृक्ष मुर्मू , कोपेश्वर यादव, मुमताज अंसारी,अरुण यादव, अमित पासवान, मोहम्मद असलम सहित कई गणमान्य एवं सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

## एक नजर

### फेडरेशन ने निकाली अंबेडकर की झांकी

दबंग हिंद संवाददाता

**बोकारो।** भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती पर सेल एससी एसटी इंप्लाइज फेडरेशन बोकारो इकाई ने शंभू कुमार अध्यक्ष के नेतृत्व में लोगों को संविधान निमार्ता डॉ आंबेडकर के समाज में किए गए योगदान पर जागरूक करने एवं उनके द्वारा देश हित में उपलब्धियां के विषय में अवगत कराने के लिए अंबेडकर प्रतिमा स्थल नगर सेवा भवन से झांकी निकाली इस मौके पर डॉक्टर आरके गौतम एडिशनल सी एमओ बोकारो जनरल अस्पताल ने झांकी को झंडा दिखाकर रवाना किया झांकी नया मोड़ बरसा बादशाह सेक्टर 12 सेक्टर 1 सेक्टर 6 सेक्टर 8 सेक्टर 9 सेक्टर 4 होते हुए बोकारो शहर का भ्रमण करते हुए शहर वासियों को अंबेडकर जयंती समारोह में शामिल होने की अपील की फेडरेशन के सदस्यों में झांकी को लेकर काफी उत्साह दिखा इस झांकी में मुख्य रूप से महेंद्र राम राकेश कुमार मुकेश पासवान लीलू सोरेन राजेश कुमार आनंद कुमार रजक संतोष कुमार पंकज दास सुनील कुमार विजय राम दिलीप कुमार संजय कुमार देवेश टुंडू सिद्धार्थ सुमन प्रभाकर कुमार अनिल कुमार सनातन रजक संजय पासवान अनिल कुमार रमन आदि उपस्थित है यह जानकारी फेडरेशन के अध्यक्ष शंभू कुमार ने दी।

### सदर अस्पताल में हुआ रक्तदान शिविर

दबंग हिंद संवाददाता

**बोकारो।** बैसाखी और मेष संक्रांति के अवसर पर संस्था ब्लू शेयर एन यू ने सदर अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया डोनर ग्रुप के संस्थापक अनुपम कुमार सौरभ ने बताया कि संस्था प्रत्येक त्योहार पर रक्तदान शिविर लगाने का प्रयास करती है इस कड़ी में शिविर का आयोजन किया गया मौके पर ब्लड सेंटर की इंचार्ज डॉक्टर मैथिली ठाकुर ने कहा कि सभी स्वस्थ व्यक्ति को रक्तदान करना चाहिए इससे सेहत में सुधार दिल की बीमारी और स्ट्रोक का खतरा कम हो जाता है इस मौके पर शैलेश कुमार अनुपम कुमार सौरभ अभिषेक सिंह अजय दे सुमित कुमार अनिल भगत शुभम बरनवाल प्रशांत द्वेदी संजीव कुमार प्रणव पाठक आदि ने रक्तदान किया आयोजन को प्रशांत द्वेदी अजय दे सुमित कुमार ब्लड बैंक के धनंजय कुमार अखिलेश कुमार संजय कुमार आदि ने सफल बनाया।

### भोक्ता पर्व के तीसरे दिन भोक्ता घुरा का आयोजन

दबंग हिंद संवाददाता

**तालगरिया।** चास चंदनक्यारी प्रखंड के विभिन्न गांव में चार दिवसीय भोक्ता पर्व अंकित तीसरे दिन भोक्ता घुरा का आयोजन किया गया जिसमें बाट विनोर में लगभग 100 भक्तों ने 30 फीट की ऊंचाई पर अपने पीठ पर कील चुभाकर भोक्ता खूंटा में झूले। इस दौरान बूढ़ा बाबा के जयकारे लगाए गए सिलफोर में दो युवकों ने अपने पीठ पर कील चुभो कर बैलगाड़ी खींचा। इस मौके पर लोगों ने मेले का आनंद लिया इस अवसर पर धनबाद लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी ढिल्लू महतो पहुंचे और माथा टेक कर आशीर्वाद लिया इसके अलावा अमलाबाद देव ग्राम आदि गांव में भी भोक्ता पर्व मनाया गया।

### अस्पताल में लगने वाले आग को रोकने के लिए अग्नि सुरक्षा विद्युत भार का करें ऑडिट

दबंग हिंद संवाददाता

**बोकारो।** गर्मी के महीने में सभी अस्पताल नर्सिंग होम एवं अग्नि सुरक्षा मानकों के अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए अग्नि सुरक्षा ऑडिट किया जाना है इसके अलावा विद्युत सुरक्षा एवं विद्युत से संभावित आग लगने की घटना की रोकथाम के लिए विद्युत भार ऑडिट किया जाना अति आवश्यक है इसको लेकर अध्यक्ष जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार सह उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारी को पत्र जारी किया है तथा अस्पतालों एवं स्वास्थ्य केंद्र में अग्नि सुरक्षा विद्युत भार को सुनिश्चित करने के लिए विभाग से प्राप्त दिशा निर्देशों को भी उपलब्ध कराया है जिसमें कहा गया है कि जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार द्वारा जारी पत्र में आपदा प्रबंधन अधिनियम के तहत सिविल सर्जन बोकारो कार्यपालक अभियंता विद्युत प्रमंडल तेनुघाट अग्नि सामान पदाधिकारी चास बोकारो बेरमो एवं सभी प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी के क्षेत्र अंतर्गत सभी स्वास्थ्य केंद्र में दिए गए दिशा निर्देश का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए अग्नि सुरक्षा ऑडिट विद्युत भार ऑडिट करने को कहा गया है सभी संबंधित पदाधिकारी को 15 दिनों के अंदर ऑडिट का काम पूरा करते हुए प्रतिवेदन जिला आपदा प्रबंधन कार्यालय को समर्पित करने का निर्देश दिया गया है।

### बांग्ला नव वर्ष के उपलक्ष में कैलेंडर प्रकाशित

दबंग हिंद संवाददाता

**बोकारो।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी घुन पोका साहित्य पत्रिका ने बांग्ला नव वर्ष के उपलक्ष में बांग्ला पंजीका कैलेंडर प्रकाशित किया इस अवसर पर विधायक विरंची नारायण ने मां काली श्री राम कृष्ण देव मां शारदा तथा स्वामी विवेकानंद जी के तस्वीर से सजा हुआ पंजिका कैलेंडर का विमोचन किया इस मौके पर पब्लिक स्कूल के प्राचार्य विश्वजीत पत्र संदीप राय चौधरी पूलक घोष जयंत मलिक किशोर बोल भाजपा जिला महामंत्री संजय त्यागी शंकर मुखर्जी अनजान सेन सेनापति महेश प्रसाद वर्मा विनोद सिंह तोतोन बनर्जी सहित संस्था के सचिव दिलीप बैरागी ने बांग्ला नव वर्ष के शुभ अवसर पर पूरे बोकारो वासियों को बधाई दी।

### बोकारो जनरल अस्पताल में अत्याधुनिक सीटी स्कैन का हुआ उद्घाटन

दबंग हिंद संवाददाता

**बोकारो ।** निदेशक प्रभारी आरएसपी अतिरिक्त प्रभार निदेशक प्रभारी बोकारो स्टील प्लांट अतनु भौमिक ने बोकारो जनरल अस्पताल में 128 स्लाइस स्टेट ऑफ द आर्ट अत्याधुनिक सीटी स्कैन मशीन का उद्घाटन किया। इस मौके पर बीएसएल के अधिशासी निदेशक बोकारो जनरल अस्पताल के चीफ मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर ब करुणामय सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं चिकित्सक उपस्थित थे बोकारो जनरल अस्पताल में इससे पहले 6 स्लाइस सीटी स्कैन मशीन उपलब्ध था अब अस्पताल में 128 स्लाइस स्टेट ऑफ द आर्ट सीटी स्कैन मशीन से मरीजों की जांच में और बेहतरीन आएगी इस सीटी स्कैन में लो रेडिएशन डोज स्कैनिंग टाइम में कमी हाई रेजोल्यूशन 3डी इमेज ए आई आधारित कंट्रोल सिस्टम सहित कई और सुविधाएं हैं साथ ही इसे कार्डियक स्कैनिंग एवं कोरोनरी एंजियोग्राफी में भी अधिक दक्षता एवं सटीक रीति से की जा सकेगी जिसका लाभ मरीजों को मिलेगा।

### आर एम इंटर कॉलेज ने अधिवक्ताओं ने मनाया डॉक्टर अंबेडकर की जयंती

दबंग हिंद संवाददाता

**चास।** भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती आर एम इंटर कॉलेज चास में मनाया गया इस मौके पर उनके चित्र पर माल्यार्पण किया गया उसके बाद वरिष्ठ अधिवक्ता हरि प्रकाश सिंह एवं रविंद्र प्रसाद सिंह द्वारा दव प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई अधिवक्ताओं को नेशनल काउंसिल मेंबर अधिवक्ता रंजीत गिरी ने सभी को संविधान के प्रस्तावना का पाठ करवाया इस मौके पर सभा को संबोधित करते हुए रंजीत गिरी ने कहा कि आज देश में बाबा साहब के द्वारा बनाए गए संविधान पर चौतरफा हमला हो रहा है। इस मौके पर वासुदेव गोस्वामी दिनेश शर्मा सोमनाथ शेखर सुबोध यादव अमरेंद्र कुमार गायत्री सिंह दीपिका सिंह संजीत कुमार सिंह हसनैन आलम अभिषेक डेनियल सुनीता कुमारी राजश्री सृष्टि कुमार सिंह संपूर्ण चंद्र लायक दिलीप महतो विजय राम राम पद प्रेम कुमार तिवारी बिना रानी आशुतोष कुमार हिमांशु शेखर नीतीश टंडन जवाहर प्रसाद सहित सैकड़ो अधिवक्ता उपस्थित थे।

### इलेक्शन कार्निवल के आयोजन को लेकर हुई बैठक

दबंग हिंद संवाददाता

**बोकारो सिटी।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में नोडल पदाधिकारी स्वीप कोषांग डीसीएलआर प्रभास दत्त ने 22 अप्रैल को प्रस्तावित इलेक्शन कार्निवल के सफल आयोजन को लेकर सभी स्टेकहोल्डर सहित जिले के विभिन्न जिला स्तरीय पदाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी के साथ बैठक की जिसमें आयोजन को लेकर की जाने वाली तैयारी एवं उसके लिए अलग-अलग अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिया गया मौके पर प्रभारी पदाधिकारी प्रवीण कुमार डीपीआरओ साकेत कुमार पांडे शक्ति कुमार हेमलता मनोज मनजीत प्रकाश रंजन प्रदीप कुमार सहित विभिन्न शिक्षण संस्थान सभी औद्योगिक संस्थान खेल संघ के अध्यक्ष सचिव विभिन्न शिक्षण संस्थान के प्राचार्य ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं सचिव उपस्थित थे।

### चैती छठ : व्रतियों ने डूबते सूर्य को दिया अर्घ्य

दबंग हिंद संवाददाता

**फुसरो।** बेरमो कोयलांचल के करगली और फुसरो दामोदर तट से लेकर विभिन्न जलाशयों के किनारे तीसरे दिन रविवार को सैकड़ों श्रद्धालुओं ने अस्त होने वाले भगवान सूर्य को अर्घ्य दिया और पूजा-अर्चना की। चार दिनों तक चलने वाले इस अनुष्ठान के अंतिम दिन सोमवार को व्रती सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य अर्पित करेंगे। पर्व के चौथे और अंतिम दिन यानी सोमवार को उगते सूर्य को अर्घ्य देने के बाद श्रद्धालुओं का व्रत संपन्न हो जाएगा। इसके बाद व्रती अन्न-जल ग्रहण कर 'पारण' करेंगे. हिंदू परंपरा के अनुसार, कार्तिक और चैत्र माह में छठ व्रत का आयोजन होता है। इस दौरान व्रती भगवान भास्कर की अराधना करते हैं।

# एनएसयूआई ने मनायी डा॰ भीमराव अंबेडकर की जयंती



**दबंग हिंद संवाददाता**

**धनबाद।** एनएसयूआई ने अंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में डीआरएम ऑफिस के समीप अंबेडकर चौक पर अंबेडकर की मूर्ति को माला पहना कर जयंती मनायी एवं बाबा साहब को याद किया। जिला अध्यक्ष गोपाल कृष्ण चौधरी एवं उपाध्यक्ष रवि पासवान ने कहा कि डॉ भीमराव को संविधान निर्माता इसलिए कहा जाता है, क्योंकि भारतीय संविधान के निर्माण में उनका अमूल्य योगदान था। दलित समाज के उत्थान के लिए बीआर अम्बेडकर ने महत्वपूर्ण कदम उठाये। डॉ अम्बेडकर ने अपने विचारों और कार्यों के माध्यम से भारतीय समाज में जातिवाद, असमानता और अधिकारों के बारे में जागरूकता पैदा की। उनकी समाज सेवा और आंदोलन भारतीय समाज को समग्र प्रभावित किया है। उनके द्वारा लिखित भारतीय संविधान ने भारतीय नागरिकों को स्वतंत्रता, समानता और न्याय का अधिकार प्रदान किया। कतरास नगर अध्यक्ष साहिल अली एवं जिला सचिव आकाश प्रामाणिक ने बाबा साहब को याद करते हुए कहा का अम्बेडकर जयंती के अवसर पर, हमें उनके विचारों को याद करने और उनके संदेश को अपनाने का संकल्प लेना चाहिए। हमें समाज में विविधता, समानता और न्याय प्राप्ति के लिए प्रतिबद्ध रहना चाहिए, जैसा अम्बेडकर ने सपना देखा था। उनकी जयंती हमें उनके द्वारा शुरू किए गए समाजिक और आर्थिक परिवर्तनों को समझने का मौका प्रदान करता है, जो भारतीय समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मौके पर जिला अध्यक्ष गोपाल कृष्ण चौधरी, उपाध्यक्ष रवि पासवान, जिला महासचिव रोहित पाठक, जिला सचिव आकाश प्रमाणिक, कतरास नगर अध्यक्ष साहिल अली, झरिया नगर अध्यक्ष देवेंद्र पासवान आदि मौजूद थे।

## संयुक्त मोर्चा ने अम्बेडकर और गुरूदास चटर्जी को दी श्रद्धांजलि



**दबंग हिंद संवाददाता**

**तिसरा।** बेरा कोलियरी में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जयंती एवं शहीद गुरुदास चटर्जी का श्रद्धांजलि कार्यक्रम संयुक्त मोर्चा के नेतृत्व में मजदूर एवं प्रबंधन की ओर से मनाया गया। दोनों के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। मजदूर नेता आनंदमयी पाल ने कहा कि बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर हमेशा गरीब, मजदूर, किसान व नौजवानों के हक के लिए सोचते थे। उन्होंने कहा कि शहीद गुरुदास चटर्जी को आज ही के दिन असामाजिक तत्वों और माफिया ने गोविंदपुर के देवली में गोली मारकर हत्या कर दी थी। गुरुदास चटर्जी ने हमेशा मजदूरों और किसानों के लिए संघर्ष किया। हमलोगों को उनके बताये मार्ग पर चलकर मजदूर आंदोलन को आगे बढ़ाना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। मौके पर प्रबंधन की ओर से बीडी सिंह के अलावा आसित चटर्जी, प्रभाष पाल, पतित पावन माजी, रामबदन राम, महेश कुमार, लीला चौहान, ललन कुमार, आनंद लाल महतो, नरेश रजक, रूपलाल बेलदार आदि उपस्थित थे।

## झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट ने मनायी डा॰ अम्बेडकर की जयंती



**दबंग हिंद संवाददाता**

**महुदा।** झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट के प्रधान कार्यालय ममता कुंज कंचनपुर में संविधान निमार्ता डा॰ भीम राव अम्बेडकर की 134वीं जयंती आज धूमधाम से मनायी गयी। सर्वप्रथम ट्रस्ट के संस्थापक प्रो॰ शंकर रवानी ने माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरूवात की। तत्पश्चात ट्रस्ट के सभी कार्यकताओं ने बारी-बारी से पुष्प अर्पित किया। प्रो॰ रवानी ने कहा कि हर भारतीय के दिल में संविधान है। डा॰ अंबेडकर के पदचिन्हों पर चलकर झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट वंचित जमात के लिए कार्य कर रहा है। बाबा साहब के मूल मंत्र शिक्षित बनो, संगठित रहो एवं संघर्ष करो को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। जिला परिषद अध्यक्ष धनबाद के प्रतिनिधि शेखर सिंह ने कहा कि बाबा साहेब के कारण ही आज हमे विश्व का सबसे बड़ा प्रजातांत्रिक देश होने का सौभाग्य मिला है। उनके बतायू रास्ते पर चल कर ही भारत विकसित राष्ट्र बन सकता है। मौके पर ट्रस्ट के संस्थापक सदस्य बिनोद महतो, अब्दुल हमीद अंसारी, उमेश ऋषि, नईमुद्दीन अंसारी, भागीरथ सिंह, नितेश कुमार वर्मा, सीता कुमारी, बेला कुमारी, दीपा रवानी, सुमित्रा देवी , बेबी प्रियंका, मोहन रजक, चंदा कुमारी, योगेश्वर रवानी, कामेश्वर महतो, मुमताज अंसारी, अशरफ अंसारी, सागर प्रसाद रवानी आदि उपस्थित थे।

## एमसीसी प्रत्याशी जगदीश रवानी के समर्थन में चंद्रवंशी समाज की बैठक



**दबंग हिंद संवाददाता**

**धनबाद।** शहीद नेपाल रवानी मेमोरियल स्कूल गोधर के प्रांगण में धनबाद लोकसभा क्षेत्र सह धनबाद जिला के आम चंद्रवंशी, अभिभावक, युवा, बुद्धिजीवी एवं संगठन कताओं की सामूहिक बैठक दिलीप रवानी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में एमसीसी प्रत्याशी जगदीश रवानी उपस्थित थे। श्री रवानी के समर्थन में चंद्रवंशी समाज ने प्रचार करने का निर्णय लिया। श्री रवानी ने कहा कि एमसीसी ने जगदीश रवानी को धनबाद लोकसभा क्षेत्र का प्रत्याशी बनाया है। इसके लिए वे पार्टी के प्रति आभार प्रकट करते हैं। धनबाद के चंद्रवंशी जगदीश रवानी को संसद में भेजने का कार्य करेंगे। राजीव रंजन रवानी ने कहा कि धनबाद लोकसभा से धरतीपुत्र सह किसान व मजदूर नेता जगदीश रवानी को धनबाद वासी का अपार समर्थन प्राप्त है। मौके पर हरिपद रवानी, नारायण चन्द्र रवानी, जीवन कुमार रवानी, गुड्डू रवानी, नागेन्द्र रवानी, लखपति सिंह, भोजु रवानी, राजेन्द्र वर्मा, आचार्य जगदीश चन्द्र रवानी, दशरथ रवानी, रमेश रवानी, संतोष रवानी, मनोज रवानी, सुबोध सिंह, श्रवण सिंह चंद्रवंशी, पिन्टु रवानी, दिनेश रवानी, बैजनाथ रवानी, नन्दलाल रवानी, राजू रवानी, विवेक राम आदि उपस्थित थे।

## स्पंदन के सदस्यों ने अनाथ बच्चों के साथ मनाया बांग्ला नववर्ष

- बच्चों के बीच बांटे कॉपी, पेंसिल, रबर सेपनर, चॉकलेट और केक




**दबंग हिंद संवाददाता**

**धनबाद।** समाजसेवी संस्था स्पंदन के सदस्यों ने आज धनबाद हीरापुर स्थित हिंदू मिशन आश्रम में अनाथ बच्चों के बीच कॉपी; पेंसिल, रबर, सेपनर, चॉकलेट और केक बांट कर बांग्ला नववर्ष पोएला वैशाख मनाया।अनाथ बच्चे उपहार पाकर बहुत खुश नजर आये। मालूम हो कि बांग्ला समुदाय में नववर्ष पोएला वैशाख का बहुत महत्व है। कार्यक्रम में स्पंदन के अध्यक्ष मनोज मजुमदार, सचिव बरनाली सेनगुप्ता के अलावा देवदास सेनगुप्ता, नीलकमल खवास, प्रसेनजीत पोद्दार, सैकत मल्लिक, राहुल हालदार, बबलु गांगुली, अरबिंदो बैनर्जी, मीता पाल, सुपर्णा पोद्दार, लीलामय गोश्वामी, शानू चौधरी, ऋषिता सेनगुप्ता, रिशान सेनगुप्ता, पिंटु हालदार आदि उपस्थित थे।

## जयंती पर संविधान निमार्ता भीम राव अम्बेडकर को नमन



**दबंग हिंद संवाददाता**

**जोड़ापोखर।** संविधान निमार्ता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 133वीं जयंती मनायी गयी। सामाजिक संस्था हाड़ी जाति समाज सुधार समिति ने न्यू कार्मिक नगर में बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। समिति के जिला प्रवक्ता कार्तिक हाड़ी ने कहा कि बाबा साहेब को भारतीय संविधान का जनक कहा जाता है। उन्होंने आजादी के बाद देश को सही दिशा में आगे बढ़ाने में अहम्योगदान दिया। जयंती पर हम सभी उनके विचार व उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लेते हैं। युवा अध्यक्ष अमित किशोर हाड़ी ने कहा कि 1947 में भारत को आजादी मिलने के बाद अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने सामाजिक और आर्थिक मुद्दों के समाधान के लिए विभिन्न कानूनों और सुधारों का मसौदा तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। सचिव दिनेश हाड़ी व मीडिया प्रभारी पप्पू हाड़ी ने कहा कि डॉ. अम्बेडकर ने श्रमिकों और महिलाओं के अधिकारों की वकालत की और सामाजिक भेदभाव के खिलाफ लड़ाई लड़ी। मौके पर महासचिव अजय हाड़ी, संगठन सचिव भरत हाड़ी, विकास हाड़ी, बादल हाड़ी, श्रवण हाड़ी, राकेश हाड़ी व अन्य मौजूद थे।

## कांग्रेसियों ने मनायी भीमराव अंबेडकर की जयंती

**दबंग हिंद संवाददाता**

**गिरिडीह।** जिला कांग्रेस द्वारा आज नटराज चौक के पास बाबा साहेब डा॰ भीमराव अंबेडकर की जयंती उनकी मूर्ति पर मल्यार्पण कर मनाई गयी। जिला अध्यक्ष धनंजय कुमार सिंह ने कहा कि बाबा साहब ने देश को अपना संविधान दिया, जिसे हम कानून के नाम से जानते हैं। संविधान में हमें कई आजादी मिली है, लेकिन पिछले दस साल में संविधान और लोकतंत्र को कुचलने का काम किया गया है। आज संविधान और लोकतंत्र को बचाने का संकल्प लेने का दिन है। मौके पर मदनलाल विश्वकर्मा, कृष्णा सिंह, अमित सिन्हा, सीताराम पासवान, चांद, पंकज सागर, सुजीत मंडल आदि उपस्थित थे।

## बिरसा मुंडा फुटबॉल क्लब ठाकुर कुल्ही ने मनाया बांग्ला नववर्ष



**दबंग हिंद संवाददाता**

**धनबाद।** पोइला वैशाख के शुभ अवसर पर ठाकुर कुल्ही स्थित नवनिर्मित स्टेडियम मेगा स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में बिरसा मुंडा फुटबॉल क्लब ठाकुर कुल्ही द्वारा कार्यक्रम का आयोजन कर सादगी से बांग्ला नववर्ष मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत में क्लब के पूर्व कोच स्वर्गीय अभिजीत गांगुली की आत्मा की शांति के लिए सभी खिलाड़ियों ने 2 मिनट मौन रखा। क्लब के अध्यक्ष राजेश सिंह ने बताया कि पूर्व कोच स्वर्गीय अभिजीत गांगुली सच्चे खेल प्रेमी थे जो ग्रामीण क्षेत्र के लड़के और लड़कियों को निःशुल्क प्रशिक्षण देते थे। वर्ष 2018 में इसी मेगा स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में प्रशिक्षण के दौरान वज्रपात के कारण उनकी मृत्यु हो गई थी। खिलाड़ियों ने कहा कि हमलोगों को उनकी कमी सदा महसूस होती रहेगी। इसके साथ ही खिलाड़ियों ने मैदान की पूजा कर खेल के नये सत्र की शुरूआत की। मौके पर बिरसा मुंडा फुटबॉल क्लब के सचिव संतोष रजक, कोच रंजीत ठाकुर, मीडिया प्रभारी रंजीत जायसवाल, डेनियल, दुर्गा सिंह, विक्रम सिंह, संजय हेम्ब्रम, रतिलाल हेम्ब्रम, हीरो, जितेंद्र, अभिषेक, शुभम, उत्तम, पूनम, उर्मिला, पूजा, लाली, सीमा, गीता, नीलम, आशा, मीनू, प्रतिमा, प्रिया, नंदिनी एवं अनेक खिलाड़ी उपस्थित थे।

## संविधान से छेड़छाड़ रोकने का लिया गया संकल्प

**दबंग हिंद संवाददाता**

**मैथन।** मैथन के एरिया-4 में गणेश पूजा कमिटी के बैनर तले संविधान निमार्ता डॉक्टर बाबासाहब भीमराव अंबेडकर की जयंती मनायी गयी। सर्वप्रथम बाबासाहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया एवं वर्तमान में देश के संविधान से छेड़छाड़ रोकने का संकल्प लिया गया। समाज को एकत्रित रखने पर जोर दिया गया। मौके पर डीवीसी के पूर्व डिप्टी जेनरल मैनेजर आरपी सिंह, पेंशनर्स फोरम के जी राम, कालीपहाड़ी पूरब के मुखिया अजय मुर्मू, पूर्व मुखिया खुर्शीद आलम, डीवीसी श्रमिक यूनियन के धर्मदेव सिंह, डीवीसी के पूर्व पदाधिकारी संतोषी दास, सीपीएम नेता एसके घोष, मनोज यादव, गणेश पूजा कमिटी के मानव दे, राजन, प्रभात, राम सुदिषाट राम, हरिनंदन यादव, विनय प्रसाद, विक्रम सिंह, प्रभात सहित सैंकड लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन धर्मदेव सिंह ने किया।

## डीवीसी मैथन में सात दिवसीय अग्निशमन सेवा दिवस प्रारंभ




**दबंग हिंद संवाददाता**

**मैथन।** डीवीसी के एरिया छह स्थित फायर स्टेशन में आज से एक सप्ताह तक चलने वाले अग्निशमन सेवा दिवस की शुरूआत की गयी। डीवीसी के कार्यकारी निदेशक असैनिक सह परियोजना प्रमुख अंजनि कुमार दुबे ने कार्यक्रम का उद्घाटन शहीद वेदी पर पुष्प चक्र अर्पित कर किया। कार्यक्रम स्थल पर मुख्य अतिथि के आगमन पर सीआईएसएफ के उप कमांडेंट अनिल कुमार तथा सहायक कमांडेंट उमेश कुमार सिन्हा द्वारा पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत किया गया। सभी लोगो ने बलिदानियों को याद करते हुए उनकी आत्मा की शांति के लिए दो मिनट मौन रखा। परियोजना प्रमुख ने कहा कि मुंबई में वर्ष 1944 में माल वाहक जहाज फोर्टस्टीकेन में लगी आग को बुझाने में 66 अग्निशमन जवानों की वीर गति को प्राप्त हुए थे। उनकी याद में सीआईएसएफ मैथन में पदस्थ अग्निशमन बल सदस्यों ने उनके कार्यों की सराहना की तथा उन्हें राष्ट्र निर्माण की शपथ दिलायी गयी।

## बेंगाबाद और गांडेय में शिक्षा राज्यमंत्री अन्नपूर्णा का विरोध



**दबंग हिंद संवाददाता**

**गिरिडीह।** बेंगाबाद और गांडेय के बॉर्डर पर मोहनडीह, रशनजोरी समेत कई गांवों में केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री अन्नपूर्णा देवी का जोरदार विरोध हुआ। अन्नपूर्णा देव प्रत्याशी के रूप में जनसंपर्क अभियान के दौरान इन गांवो में पहुंची थी। उन्हें देखते ही ग्रामीण भड़क गये और विकास कार्य नहीं होने का हवाला देकर उनका जोरदार विरोध किया। उनके साथ गांडेय विधानसभा प्रत्याशी दिलीप वर्मा समेत कई भाजपाई मौजूद थे। ग्रामीणों ने कहा कि 5 साल में इस इलाके में विकास का कोई कार्य नहीं हुआ है। ऐसे में आपको वोट मांगने का अधिकार नहीं है। हालांकि भाजपाइयों ने ग्रामीणों को समझने का प्रयास किया, लेकिन ग्रामीण मानने को तैयार नहीं थे। इसके बाद मंत्री को यहां से जाना पड़ा।

## बाबा साहेब के संविधान पर चल रहा देश : बिहारीलाल



**दबंग हिंद संवाददाता**

**जोड़ापोखर।** लोदना बाजार के पासवान चौक पर बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर की जयंती युवा लोक जनशक्ति पार्टी (राम विलास) के धनबाद जिला कार्यकारी अध्यक्ष रुदल पासवान के नेतृत्व में मनाई गई। इस अवसर पर जुलूस निकाला गया, जो लोदना बाजार होते हुए अम्बेडकर चौक पहुंचा और पुष्पंजलि कर सभा में तब्दील हो गया। सभा की अध्यक्षता धनबाद महानगर महासचिव डॉ जयन्त कुमार ने की। मुख्य अतिथी के रुप में लोजपा के झारखण्ड प्रदेश सचिव बिहारीलाल चौहान ने कहा कि आज बाबा साहब द्वारा बनाये गये संविधान की बदौलत देश चल रहा है। देश के हर गरीब, शोषित, वंचित व पिछडे वर्ग के बच्चों का शिक्षित होकर एसपी, डीएसपी, डीसी बनना संविधान की ही देन है। मौके पर भाजपा लोदना मंडल अध्यक्ष राजाराम पासवान, सचिन राजवार, नीतीश यादव, अजय कुमार, बिट्टू पासवान, विरेन्द्र कुमार, सौरभ चौहान, राजू पासवान, जॉनी पासवान, कल्पना कुमारी, नेहा कुमारी, अंजलि कुमारी, आशा कुमारी, सलोनी, पिंकी आदि उपस्थित थे।

## लोकसभा चुनाव को लेकर बैठक संपन्न

**दबंग हिंद संवाददाता**

**मैथन।** डीवीसी मध्य विद्यालय डाइक एरिया मैथन के बूथ संख्या 257 में बीएलओ रीता देवी की अध्यक्षता में बैग समूह के सभी सदस्यों के साथ लोकसभा चुनाव को लेकर तीसरी बार बैठक की गयी, जिसमें इस बार मतदान का आंकड़ा 80 प्रतिशत पार करने पर चर्चा की गयी। निर्णय लिया गया सबसे पहले वोट डालने वाले सहित दस मतदाताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। मीना देवी के अभिभाषण के बाद बैठक का समापन किया गया।

# एक नजर

## बांग्ला नववर्ष पर फुटबॉल खिलाड़ियों ने की खेल मैदान की पूजा



**दबंग हिंद संवाददाता**

**भौंरा।** बांग्ला नववर्ष के मौके पर आज भौंरा के रणधीर वर्मा फुटबॉल ग्राउंड में फुटबाल खिलाड़ियों ने ग्राउंड की पूजा की। इसके बाद खिलाड़ियों ने पूरे ग्राउंड की परिक्रमा की। पूर्व फुटबॉलर अशोक महतो ने कहा कि पिछले 9 वर्ष से नववर्ष के अवसर पर खेल प्रेमियों मैदान की पूजा की जाती रही है। उन्होंने कहा कि खिलाड़ी अच्छे खेल का प्रदर्शन करें, ताकि क्षेत्र का नाम हो। ग्राउंड में प्रैक्टिस करने के बाद कई लोगों ने सेना व पुलिस विभाग में नौकरी हासिल की है। इस अवसर पर खेल प्रेमियों के बीच मिठाई का वितरण किया गया एवं एक-दूसरे को बधाई दी गई। मौके पर अशोक महतो, लालेश्वर यादव, सुमित कुमार, राजू सिंह, रोशन पासवान, त्रिलोकी गुप्ता, विकास कुमार, प्रकाश कुमार, गौतम महतो आदि मौजूद थे।

## अंबेडकर की जयंती पर किया गया पौधारोपण



**दबंग हिंद संवाददाता**

**तोपचांची।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के नगर मंत्री सुभाष सोनी तथा प्रदेश सदस्य कोमल राज की अध्यक्षता में अज संविधान के निमार्ता भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 133वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस दौरान गोमो के रेलवे क्लब के समीप स्थापित भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किया गया। सुभाष सोनी ने कहा कि सभी लोगों को डॉ भीमराव अंबेडकर के बताये मार्ग पर चलने की जरूरत है।इस अवसर पर सदस्यों में पौधारोपण किया। मौके पर नगर सह मंत्री सूरज मोदी, पीयूष गुप्ता, रितिक बरनवाल, शंभूनाथ शर्मा, सूरज साव, पीएनएम कॉलेज मंत्री सुमन कुमारी, राखी कुमारी, खुशी कुमारी, काजल कुमारी समेत दर्जनों रेलकर्मी उपस्थित थे।

## मार्क्सवादी युवा मोर्चा ने जयंती पर बाबा साहेब को दी श्रद्धांजलि

**दबंग हिंद संवाददाता**

**धनबाद।** भारतीय संविधान के निमार्ता, शिल्पकार व दलित एवं पिछड़ा वर्ग के मसीहा डॉ॰ भीमराव अंबेडकर की जयंती पर मार्क्सवादी युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष पवन महतो ने भूली बी ब्लॉक स्थित उनकी आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। एमवाईएम जिला अध्यक्ष पवन महतो ने कहा कि बाबा साहेब प्रख्यात अर्थशास्त्री, कानूनविद् और राजनेता थे। उन्होंने सिर्फ सामाजिक न्याय व सामाजिक असमानता के खिलाफ ही लड़ाई नहीं लड़ी, बल्कि महिला सशक्तिकरण, महिलाओं को बराबरी का अधिकार, जनसंख्या नियंत्रण, यूनिफॉर्म सिविल कोड तथा मौलिक दायित्व की भी बात कही थी। प्रगतिशील विचारों के चलते ही वे आज करोड़ भारतीयों के प्रेरणा स्त्रोत हैं। मौके पर भगत राम महतो, अरविंद तिवारी, अमित शर्मा, अरदेंदु दत्ता, बिनोद महतो आदि उपस्थित थे।

## अम्बेडकर जयंती पर बच्चियों में चेक वितरित

**दबंग हिंद संवाददाता**

**जोड़ापोखर।** सुकन्या सामाजिक जन सहयोग फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा डॉ भीमराव अम्बेडकर की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर गरीब लड़कियों को 5000 रुपये का चेक दिया गया। साथ ही गरीब महिलाओं को प्रशिक्षण दिलाकर रोजगार से जोड़ने का अभियान चलाया गया।मौके पर धनबाद महिला थाना प्रभारी मीनू कुमारी, भारतीय जनतांत्रिक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी, डॉ देवाशीष चक्रवर्ती, डॉ अर्जुन पंडित, समाजसेवी जितेंद्र कुमार, शिव शंकर प्रसाद, झारखंड ब्रांड एंबेसडर श्वेता किन्नर, समाजसेवी ललिता चौहान, रेखा चौहान, संतोष अम्बेडकर झारखंड प्रदेश महासचिव वंचित मुक्ति मोर्चा, सुनील कुमार वर्मन सचिव अमल दास आदि उपस्थित थे। अध्यक्षता, वंचित मुक्ति मोर्चा के झारखंड प्रभारी रामाशीष चौहान ने की।

## सदियों में जन्म लेते हैं डा॰ अम्बेडकर जैसे महापुरुष : रागिनी सिंह

**दबंग हिंद संवाददाता**

**जोड़ापोखर।** बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की 133वी जयंती के उपलक्ष में आज झरिया के बस्ताकोला मंडल स्थित उनकी प्रतिमा पर भाजपा कार्यकताओं ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। भाजपा प्रदेश सदस्य श्रीमती रागिनी सिंह ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रीमती सिंह ने कहा कि बाबा साहेब की बातें सदैव याद रखी जाएंगी। ऐसे महापुरुष सदियों में जन्म लेते हैं। मौके पर बस्ताकोला मंडल भाजपा अध्यक्ष संतोष शर्मा, जिला उपाध्यक्ष उमेश यादव, राजकिशोर जैना, बप्पी बाउरी, स्वरूप भट्टाचार्य, पप्पू पासवान, दिनेश पासवान, अनिल नोनिया आदि मौजूद थे।

## बाबा साहेब के संविधान पर चल रहा देश : बिहारीलाल

**दबंग हिंद संवाददाता**

**जोड़ापोखर।** लोदना बाजार के पासवान चौक पर बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर की जयंती युवा लोक जनशक्ति पार्टी (राम विलास) के धनबाद जिला कार्यकारी अध्यक्ष रुदल पासवान के नेतृत्व में मनाई गई। इस अवसर पर जुलूस निकाला गया, जो लोदना बाजार होते हुए अम्बेडकर चौक पहुंचा और पुष्पंजलि कर सभा में तब्दील हो गया। सभा की अध्यक्षता धनबाद महानगर महासचिव डॉ जयन्त कुमार ने की। मुख्य अतिथी के रुप में लोजपा के झारखण्ड प्रदेश सचिव बिहारीलाल चौहान ने कहा कि आज बाबा साहब द्वारा बनाये गये संविधान की बदौलत देश चल रहा है। देश के हर गरीब, शोषित, वंचित व पिछडे वर्ग के बच्चों का शिक्षित होकर एसपी, डीएसपी, डीसी बनना संविधान की ही देन है। मौके पर भाजपा लोदना मंडल अध्यक्ष राजाराम पासवान, सचिन राजवार, नीतीश यादव, अजय कुमार, बिट्टू पासवान, विरेन्द्र कुमार, सौरभ चौहान, राजू पासवान, जॉनी पासवान, कल्पना कुमारी, नेहा कुमारी, अंजलि कुमारी, आशा कुमारी, सलोनी, पिंकी आदि उपस्थित थे।

## खालसा सृजना दिवस कार्यक्रम में शामिल हुई भाजपा नेत्री रागिनी सिंह

**दबंग हिंद संवाददाता**

**जोड़ापोखर।** जामाडोबा के डुमरी 2 नंबर गुरुद्वारा श्रीगुरु सिंघ सभा द्वारा आयोजित बैसाखी (खालसा सृजना दिवस) पर आयोजित कार्यक्रम को लेकर आज भाजपा प्रदेश सदस्य श्रीमती रागिनी सिंह गुरुद्वारा पहुंची। श्रीमती सिंह ने माथा टेक आशीर्वाद लिया एवं भजन कीर्तन में सम्मिलित हुई। गुरुद्वारा प्रबंधन समिति के सदस्यों ने श्रीमती सिंह को अंग वस्त्र भेंट कर स्वागत किया। मौके पर गुरुद्वारा प्रबंधन समिति के प्रधान सरदार सुरेंद्र सिंह, सचिव सरदार अर्जुन सिंह के अलावा सैंकड़ों सिख श्रद्धालु मौजूद थे।

## संविधान बचाओ-तानाशाह हटाओ कार्यक्रम का आयोजन

**दबंग हिंद संवाददाता**

**जोड़ापोखर।** भारत रत्न संविधान निमार्ता बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का जन्मदिवस आज डिगवाडीह स्थित आम आदमी पार्टी के कार्यालय में मनाया गया। पार्टी कार्यालय का उद्घाटन भी किया गया। संविधान बचाओ-तानाशाही हटाओ कार्यक्रम का आरंभ बाबा साहेब की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। तत्पश्चात भारतीय संविधान की प्रस्तावना पढ़ायी गयी। सभी लोगों ने भारत के संविधान तथा लोकतंत्र को बचाने की शपथ ली। मौके पर आम आदमी पार्टी के धनबाद जिला संरक्षक महेंद्र सिंह, जिला महासचिव मदन राम, जिला उपाध्यक्ष राजेश कुमार, बुद्धिजीवी मंच के सचिव रवींद्र नाथ सिंह, शकीला बानो, सायरा बेगम, आयशा खातुन, नूरैसा खातुन, कुरैशा खातुन आदि उपस्थित थे।

# उपायुक्त ने डॉ. बाबा साहब अंबेडकर को दी श्रद्धांजलि

## उनके रास्ते पर चलने हेतु जिले वासियों से किया आह्वान



**बाबासाहेब द्वारा लिखे गए देश के संविधान से प्रेरणा लें, एवं इस मतदान दिवस अपने अधिकारों का उपयोग करें : उपायुक्त**

दबंग हिन्द,संवाददाता

**गुमला।** डॉ. बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी कर्ण सत्यार्थी ने जिला प्रशासन के तमाम अधिकारियों के साथ सुबह-सुबह अंबेडकर स्मारक पहुंचकर डॉ. बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और श्रद्धांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। तदुपरांत बाबा साहब के योगदान को रेखांकित करते हुए उन्होंने जिले वासियों से उनके द्वारा बताए गए रास्ते पर चलने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जिले में आगामी 13 मई को लोकसभा चुनाव है, देश के संविधान की रचना में बाबासाहेब भीम राव अंबेडकर की की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण रही है , उनके द्वारा लिखे गए संविधान ही देश में नैतिकता को बरकरार रखने का सबसे बड़ा संदेश है। उन्होंने कहा कि देश का संविधान हमे नैतिक मतदान करने के प्रति प्रेरित करता है, उपायुक्त ने जिले वासियों से आगामी चुनाव 2024 में अपने मताधिकार का उपयोग करने , मतदाताओं से वोट देने की भी अपील की। उपायुक्त द्वारा माल्यार्पण किए जाने के बाद वहां मौजूद सभी ने प्रतिमा पर माल्यार्पण कर सामूहिक श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस दौरान उप विकास आयुक्त गुमला, डीआरडीए निदेशक, जिला सामाजिक सुरक्षा सहायक निदेशक सह जिला नाजारत उप समाहर्ता, जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला खेल पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहें।

## प्रसिद्ध मां केरा व मां पाउड़ी चैती मेला का अंतिम दिन

# भक्त और भक्ति ईश्वर के प्रति समर्पित विश्वास, सदियों से चली आ रही परंपरा

दबंग हिन्द,संवाददाता

**चक्रधरपुर।** जलते अंगारों पर नंगे पांव चल व कांटों पर लेट भक्तों ने अपनी भक्ति प्रस्तुत किया. मौका था. रविवार को कोल्हान के प्रसिद्ध मां केरा व मां पाउड़ी चैती मेला का अंतिम दिन का. प्रसिद्ध केरा व पाउड़ी मंदिर में रविवार को परंपरा के तहत विधिवत कालिका घट में व्रतधारी श्रद्धालुओं ने निकाला. बता दें कि मां पाउड़ी व केरा माता की पूजा अर्चना का विगत 10 अप्रैल से चला आ रहा है, रविवार को समाप्त हुआ। अंतिम दिन केरा मंदिर परिसर और चक्रधरपुर के संजय नदी तट पर स्थित पाउड़ी स्थान में मां के दर्शन को श्रद्धालुओं व दर्शकों की भारी भीड़ जुटी.मां केरा व मां पाउड़ी मेला का मुख्य आकर्षण कालिका घट दर्शन होने के कारण दर्शकों का सैलाब भक्तों के अभूतपूर्व भक्ति प्रदर्शन देखने उमड़ा. दोनों स्थान में विधि विधान के मुताबिक पूजा अर्चना, बलि पूजा आदि कार्यक्रमों



के उपरांत मां केरा व पाउड़ी मंदिर के समीप कालिका घट दर्शन का आयोजन दोपहर में हुआ. इसके बाद दोनों जगह एक-के बाद महिला पुरुष बच्चे सभी श्रद्धालु कांटों के सेज पर लेटते गए और लोग अचंभित होकर देखते रहे। इसके बाद आधा घंटे तक कांटे पर लेटने के बाद भक्तों ने माता की जयकार करते नंगे पांव अंगारों पर चलने लगें. भक्तों ने परंपरा के तहत अपने नन्हें बच्चों को भी अंगारों पर चलवाया और कांटों पर लिटाकर मंगल कामना की. भक्तों में बच्चे से लेकर महिला-पुरूष में हर आयुवर्ग के लोग शामिल हुए. ऐसा करने पर माता की कृपा भक्तों पर हमेशा बनी रहती है. इस दौरान भूखे प्यासे होने और तेज धूप के कारण कई व्रतधारी महिला, पुरुष व बच्चे मूर्च्छित हो गए. चार दिन तक होने वाले पूजा अर्चना के कार्यक्रम के साथ मेला का आयोजन भी हुआ. मेला में खाने-पीने, पकवान, पूजा सामग्री आदि के दुकान व स्टाल लगे. मेले में विभिन्न स्वयंसेवी संगठनों द्वारा जलसेवा, स्वास्थ्य सेवा आदि की व्यवस्था किया गया था।

## एक नजर

### चैंबर आफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज ने व्यापारियों के साथ बर्बरता पूर्वक कार्रवाई की घोर निंदा की



**दबंग हिन्द ,चाईबासा।** जेएनएसी के पदाधिकारी के द्वारा जमशेदपुर के बिष्टुपुर में व्यापारियों के साथ बर्बरता पूर्वक कार्रवाई की गई है। जिसका पश्चिमी सिंहभूम चैंबर आफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज घोर निंदा करता है। विगत दिनों हुई घटना की वीडियो को देखने से ऐसा प्रतीत होता है कि यह लोग पहले से ही मन बनाकर इस घटना को अंजाम देने आए थे. यदि बात अतिक्रमण की थी, तो उसके लिए लीगल प्रोसीजर होता है. उस प्रोसीजर का पदाधिकारी के द्वारा पालन करना पड़ता है. लेकिन लगता है कि यह बर्बरता पूर्वक कार्रवाई की गई है. पश्चिम सिंहभूम चैंबर सरकार व प्रशासन से मांग करती है कि उच्च स्तरीय जांच कर इसमें सम्मिलित पदाधिकारी और दोषी व्यक्तियों को अभिलंब सजा होनी चाहिए. जमशेदपुर के व्यापारियों का यह अपमान कोई भी सहन नहीं कर पाएगा।

### श्री श्री 108 हनुमत प्राण प्रतिष्ठा सह त्रिदिवसीय महायज्ञ भव्य जल यात्रा के साथ शुभारंभ

**दबंग हिन्द ,विष्णुगढ़।** विष्णुगढ़ प्रखंड के गाल्होवार पंचायत के अंतर्गत सरकारी भिट्ठा तिलैया में श्री श्री 108 हनुमत प्राण प्रतिष्ठा सह त्रिदिवसीय महायज्ञ का शुभारंभ किया गया। पुरोहित पंडित राम प्रसाद वैद, आचार्य पंडित राम लखन पाण्डेय, आचार्य पंडित किशोरी कांत मिश्र (शास्त्री) के नेतृत्व में शनिवार को भव्य जलयात्रा निकाला गया। जल यात्रा को लेकर यज्ञ मंडप सें 151 महिलाएं युवतियों अपनी माथे में कलश लेकर ढुबका, नावाडीह प्रमुख मार्गो से होते हुए नरकी बोरो नदी से कलश में जल उठाकर गाजे बाजे और भक्ति जयकारों के साथ पुनः वापस मंडप पहुंच कर मंदिर में परिक्रमा कर कलश को रखा गया। शंभू प्रसाद बरनवाल के द्वारा श्रद्धालुओं के लिए ठंडे ग्लूकोस पानी और शरबत का व्यवस्था किया गया। जिससे बड़े प्रेम भक्ति भाव के साथ सभी ने ग्रहण किया। कलश यात्रा के दौरान लगभग हजारों की संख्या में श्रद्धालु भगवा रंग वस्त्र पहने हुए और भगवा ध्वज लिए हुए शामिल हुए। मुख्य अतिथि के रूप में मांडू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल के धर्मपत्नी ललिता देवी शामिल हुई। जिससे कमेटी के सदस्यों द्वारा फूल माला पहनकर जोरदार स्वागत किया। वही पंचायत के मुखिया मंजू देवी प्रतिनिधि छोटी शर्मा, समाज सेवी राजेंद्र मंडल, पूर्व मुखिया डॉ० रीतलाल महतो, राम जी किस्कू, डॉ० बैजनाथ साव, लोकनाथ साव, सुंदर साव, कन्हाय महतो, हेमलाल महतो इत्यादि लोग शामिल हुए। इस संबंध में पुरोहित पंडित राम प्रसाद वैद, आचार्य जी ने जानकारी देते हुए बताया कि 13 अप्रैल 2024 (शनिवार) चैत्र शुक्ल पंचमी जलयात्रा, पंचाग पूजन, मण्डप प्रवेश, ब्राहम्णादि चरणम, 14 अप्रैल (रविवार) चैत्र शुक्ल षष्ठी वेदी पूजन, जलाधिवास, अन्नाधिवास (समस्त अधिवास), महास्नान नगर भ्रमण (शोभा यात्रा), 15 अप्रैल 2024 (सोमवार) चैत्र शुक्ल सप्तमी मिथुन लग्न दिन 9:11-11:25 तक मूर्ती प्राण प्रतिष्ठा, पूणार्हुति, ब्राहम्ण भोजन, महाप्रसाद वितरण व भण्डारा। प्रवचन नित्य संध्या 8 बजे से पं० श्री सदानन्द शास्त्री टिंगरा के द्वारा संगीतमय प्रवचन के साथ तीन दिवसीय यज्ञ समापन होगी। यज्ञ समिति के अध्यक्ष - टिपन साव, कैलाश महतो, सचिव - चिंतामन महतो, नारायण साव, कोषाध्यक्ष - सोमवार महतो (शिक्षक), जागेश्वर महतो, उपाध्यक्ष - खेमलाल महतो, वासुदेव महतो, मंदिर स्थापितगण छक्कन महतो, सोबरन महतो, स्व० तिलक साव, शनिचर महतो, डिलेश्वर साव, पच्चु साव है। मौके पर नारायण साव, धानेश्वर महतो, राजू, टेकलाल, बद्री, वासुदेव, महेंद्र, जागेश्वर ,सहदेव, कैलाश, संजय, विनोद, गुलाब, गोविंद मुकेश, चंद्रदीप, गुलाब, तेजलाल, कैलाश, साजन ,आयुष ,विवेक, गणेश, जयलाल, संतोष, रामलाल, ओमप्रकाश राजू, अर्जुन ,कारू, मोहन ,मनोज, नागेश्वर, महेंद्र, मेघवाल, लोकल, दिनेश ,वकील कार्तिक, छात्रधारी इत्यादि भारी संख्या में श्रद्धालु भक्तगण मौजूद थे।

# बरकाकाना में बुद्धिजीवी मंच ने मनाया अम्बेडकर जयंती

दबंग हिन्द,संवाददाता



**रामगढ़।** बुद्धिजीवी मंच, बरकाकाना क्षेत्र के द्वारा भारतीय संविधान निमार्ता ह्यभारत रत्नह्न डॉ भीमराव अम्बेडकर के जन्म दिवस के अवसर पर 14 अप्रैल 2024 को सी आई सी बस्ती मेन रोड बरकाकाना स्थित मुंडा ढाबा के हॉल में अम्बेडकर जयंती समारोह आयोजित किया गया। समारोह की अध्यक्षता अध्यक्ष प्रदीप करमाली ने किया और संचालन सचिव डॉ शाहनवाज खान ने किया। समारोह को महावीर राम, प्रदीप चक्रवर्ती, उमेश महतो, पंचदेव करमाली, महादेव ठाकुर, सुशील कुमार, नेपाल विश्वकर्म, मो सलीम, मोहित मुंडा, सोनी महतो, मदन दांगी आदि ने संबोधित किया। समारोह में मंच के अध्यक्ष प्रदीप करमाली ने कहा कि डॉ अंबेडकर सामाजिक समरसता एवं समानता का प्रतिबिंब थे। उन्होंने कहा कि ह्यभारत रत्नह्न डॉ भीमराव अंबेडकर जी का विराट जीवन सामाजिक समरसता, कर्तव्यनिष्ठा एवं समानता का प्रतिबिंब है। उन्होंने राष्ट्र को एक सूत्र में पिरोने के लिए हमें एक ऐसा संविधान दिया जिससे सभी वर्गों का कल्याण सम्भव हो। समारोह को संबोधित करते हुए मंच सचिव डॉ शाहनवाज खान ने कहा कि डॉ आंबेडकर में अन्याय से लड़ने का जुनून था। बाबासाहेब ने कमजोर एवं गरीब वर्ग के लिए आजीवन संघर्ष किया। उन्होंने समावेशी और समतावादी समाज के निर्माण को लेकर जो विचार देश को दिया, वह आज भी प्रासंगिक है और भविष्य की पीढ़ियों को प्रेरित करते रहें। समारोह के अंत में संविधान को बचाने का संकल्प लिया गया। बुद्धिजीवी मंच एक मई को अपनी पहली वर्षगांठ मनाए गा। उसके लिए आज 14 अप्रैल से ही सदस्यता अभियान शुरू किया गया है जिसकी समाप्ति 24 अप्रैल को होगी। इसके तहत नए सदस्य भर्ती और पुराने सदस्यों का नवीकरण का कार्य किया जाएगा। वर्षगांठ समारोह में बेहतर कार्य करने वाले सदस्यों/पदाधिकारियों को सम्मानित किया जाएगा। आज के कार्यक्रम में मुख्य रूप से देवकी बेदीया, दिनेश करमाली, विनेश दांगी, काजल कुमारी, फुलवा देवी, नमिता देवी, सरिता देवी, आरती कुमारी, रेशमा देवी, जयंती देवी, भीम महतो, भागीरथ महतो, शिवशंकर बेदिया, गुड्डू कुमार, रवि सिंह, दशरथ बेदिया, पवन महतो, मंटू बेदिया, अमन बेदिया, अनिल मुंडा, विनोद, महतो, विनोद मुंडा आदि उपस्थित थे।

# भाजपा रामगढ़ विधानसभा एवं बड़कागांव विधानसभा स्तरीय बैठक संपन्न हुई

दबंग हिन्द,संवाददाता



**रामगढ़।** लामारिटल होटल में भारतीय जनता पार्टी रामगढ़ विधान सभा एवं बड़कागांव विधान सभा स्तरीय कार्यकताओं की संयुक्त बैठक बुलाई गई है। बैठक में मुख्य अतिथि भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, राज्य सभा सांसद सह मुख्य सचेतक राज्य सभा तथा भारतीय जनता पार्टी झारखंड प्रदेश प्रभारी डॉक्टर लक्ष्मीकांत बाजपेई जी का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। उन्होंने बताया कि भारतीय जनता पार्टी में कार्यकर्ता को कब क्या मिलेगा यह उसके परिश्रम पर निर्भर है। बुथ जीतो चुनाव जीतो के साथ पन्ना जीतो चुनाव जीतो के साथ उन्होंने सभी भारतीय जनता पार्टी कार्यकताओं को 35 दिन भारत माता और नरेन्द्र मोदी जी के लिए समर्पित करने को कहा। उन्होंने कार्यकताओं को विनम्र भाव के साथ मतदाताओं से मिलने और उनके भावनाओं को समझते हुए निराकरण पर जोर दिया। आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा संकल्प पत्र पर भी ध्यान आकर्षित करते हुए शक्ति केन्द्र के प्रभारी और संयोजक को बुथ अध्यक्ष और पन्ना प्रमुख से समन्वय स्थापित करते हुए घर घर जाकर बताने का काम दिया। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी का आधार है। प्रदेश महामन्त्री व राज्य सभा सांसद डॉक्टर आदित्य साहु जी ने कहा कि आप कार्यकर्ता ही 10 वर्ष में जो परिवर्तन देश में आया है उसे घर घर जाकर बताने का काम करना है। आजादी के लम्बे काल खंड के बाद देश को पहली बार नरेन्द्र मोदी के रूप में ऐसा प्रधानमंत्री मिला है जो विकसित भारत का निर्माण, गरीब , वंचित, महिलाओं और युवाओं के कल्याण के लिए संकल्पित है। उन्होंने डेमोटांड़ के परिवारवाद पर भी चोट किया।बैठक की अध्यक्षता रामगढ़ जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता किया गया। बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर दिशानिर्देश दिए गए। बैठक में हजारीबाग लोकसभा प्रभारी शशि भूषण भगत संयोजक टुन्नु गोप, सहसंयोजक रंणजय कुमार उर्फ कुंटु बाबु ,रामगढ़ विधानसभा प्रभारी अनिल टाइगर, बालेश्वर कुमार, विजय जायसवाल,राजू चतुर्वेदी, अनिल मिश्रा,आनन्द बेदिया, डाक्टर संजय प्रसाद सिंह, डाक्टर संजय कुमार सिंह, अखिलेश कुमार,इलारानी पाठक, रंजन फौजी, उमेश प्रसाद,नगर अध्यक्ष सूर्यवंश श्रीवास्तव,वसुध तिवारी, रमेश वर्मा, दीनदयाल कुमार, राजीव पामदत्त, प्रवीण कुमार सोनू, ब्रजेश पाठक, संतोष कुमार साह, ऋषिकेश सिंह, शीतल सिंह,रूपा देवी,अमिता सोनी, राजीव जायसवाल, शिव कुमार महतो , महेंद्र प्रजापति,नमेन्द्र चंचल, विनोद कुमार , तथा संविधान निमार्ता भारत रत्न डाक्टर भीमराव अम्बेडकर के मूर्ति के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर तथा माल्यार्पण कर मंचासीन अतिथियों द्वारा किया गया।

# ट्रक चालक की गोली मारकर हत्या



**दबंग हिन्द ,जमशेदपुर।** उलीडीह थाना क्षेत्र के वसुंधरा स्टेट के पास एक ट्रक चालक सन्नी कुमार यादव (30) गोली मारकर रविवार की दोपहर हत्या कर दी गई. घटना को अंजाम देकर बदमाश फरार हो गए. इसके बाद लोगों ने इसकी जानकारी भाजपा नेता विकास सिंह को दी. इसके बाद उन्होंने एसएसपी किशोर कौशल को घटना की जानकारी दी. पुलिस मामले की जांच कर रही है. सन्नी बारीडीह का रहने वाला था और हाईवा चलाने का काम करता था। बदमाशों ने ट्रक चालक को कुल छह गोलियां मारी है. आखिर घटना को किन कारणों से अंजाम दिया गया है, इसकी पड़ताल पुलिस अभी कर रही है. चालक की भी पहचान हो गई है. घटना के बाद से स्थानीय लोगों में भय व्याप्त है. घटना के बाद बड़ी संख्या में लोग घटनास्थल पर पहुंचे थे. पुलिस ने घटनास्थल से दो खोखा भी बरामद किया है। हाईवा मालिक संजू वाजपेयी ने बताया कि उनके पास रविवार की सुबह सन्नी आया था. सुबह 9 बजे वह हाईवा लेकर गया. इसके बाद उन्होंने दिन के 11 बजे सूचना मिली थी कि सन्नी को किसी ने गोली मारकर हत्या कर दी गई है. कारणों के बारे में उन्होंने कुछ भी नहीं बताया। समाचार लिखे जाने तक शव घटनास्थल पर ही पड़ा हुआ है. सिर से खून बहता हुआ देखा गया. इसके अलावा पूरी शरीर खून से सना हुआ था. पुलिस का कहना है कि आरोपियों का पता लगाया जा रहा है. बारीडीह के रहने वाले सन्नी के बारे में बताया जा रहा है कि वह रविवार को गैराज में गाड़ी बनवा रहा था. इस बीच ही बाइक पर सवार होकर बदमाश आए और करीब आकर गोली मार दी। आखिर बदमाशों ने सन्नी कुमार यादव की गोली मारकर हत्या क्यों की. घटना के बाद कई सवाल खड़े हो गए हैं. बेरहमी से उसकी सिर पर सटाकर गोली मारी गई है।

## मिनहाजुद्दीन और खुर्शीद आलम का झूठा बयान का निंदा करता हूं : आशिक अंसारी

दबंग हिन्द,संवाददाता



**गुमला।** तथाकथित अंजुमन ईसलामिया ट्रस्ट के सदर और सचिव के बयान को गुमराह करने वाला बताते हुए कांग्रेस पार्टी के सीनियर नेता आशिक अंसारी ने कहा है कि मुस्लिम समाज ही नहीं अन्य किसी भी समाज ऐसे दल बदलू लोगों के बातों पर नहीं आने वाले है कई बार इनके नापाक इरादों पर पानी फेर दिया गया है फिर भी यह लोग निर्लज की तरह आए दिन उलउल जुलूल बयान बाजी कर विभिन्न राजनीतिक पार्टियों का ध्यान आकृष्ट करने की चाहत पर बालू की दीवार खड़ा करना चाहते हैं लेकिन हर सुबह उठते ही इन्हें पता चल जाता है उन्होंने आगे कहा कि तथाकथित अंजुमन इस्लामिया के ट्रस्ट के सदर मिनहाजुद्दीन खान और सचिव खुर्शीद आलम ने जो प्रेस कॉन्फ्रेंस कर के कांग्रेस पार्टी के खिलाफ अनरगल बियान बाजी किया है उसकी मैं कड़े शब्दों में निंदा करता हूँ। ये खुरशिद आलम और मिनहाज खान ये दोनों वो लोग हैं जिन्हें गुमला के मुस्लिम अवाम ने अंजुमन ईसलामियां गुमला के आम चुनाव में बुरी तरह से नकार दिया है ये दोनों सदर और सचिव के उम्मीदवार थे। गुमला के मुस्लिम अवाम ने इनहे हरा दिया। हारने के बाद जो खुरशिद आलम और मिनहाज खान ने मौजूदा अंजुमन ईसलामियां गुमला के सदर को जो हिसाब दिया है उसमें बडे पैमाने पर घपले बाजी की गई है, जामा मस्जिद, दुकान निर्माण, कब्रिस्तान समिति, मस्जिद गैसुल वरा की जमीन में हेराफेरी साथ ही अन्य विभागों में गबन और हेराफेरी की गई है, मौजूदा अंजुमन ईसलामियां गुमला इन दोनों के खिलाफ जल्द ही कानूनी कार्रवाई करने जा रही है। राजनीति में ये दोनों हमेशा बेपेंदी के.कि तरह लुढकते रहे हैं हर लोकसभा चुनाव और विधानसभा चुनाव और वार्ड पार्षद के चुनाव में ये दोनों पाला बदलते रहे हैं।

## अंबेडकर एक दूर दृष्टिा और भारत के भविष्य निमार्ता थे : लाल चंद्र अग्रवाल



दबंग हिन्द,संवाददाता

**गुमला।** संविधान निमार्ता डा.भीमराव अम्बेडकर जी के जयंती के शुभ अवसर पर आज संध्या 4 बजे भाऊराव देवरस स्मृति न्यास के पदाधिकारियों और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों के द्वारा कचहरी परिसर के पास अंबेडकर जी के मूर्ति पर माल्यार्पण और पुष्पार्पण किया गया।इस अवसर पर ट्रस्ट के सचिव श्री लालचंद अग्रवाल और समाजसेवी रामनरेश सिंह ने अपना विचार व्यक्त किया और कहा कि डाक्टर अम्बेडकर एक दूरद्रष्टा और भारत के भविष्य के निमार्ता थे। उन्होंने समरस समाज बनाने के लिए भारत वासी को दिशा प्रदान किया।इनके जीवन से हमसबों को प्रेरणा लेना चाहिए कि हमारे पास यदि शिक्षा है तो हम सबकुछ प्राप्त कर सकते हैं और देश और समाज का काम आ सकते हैं। इस अवसर पर सेवानिवृत प्रधानाध्यापक श्री राम नरेश प्रजापति जी ने अंबेडकर जी के संबंध में समरसता गीत प्रस्तुत किया। इसके साथ ही स्वदेशी जागरण मंच के जिला संयोजक श्री संतोष झा ने डॉक्टर साहब के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके जीवनी से संबंधित पत्रक लोगों के बीच बांटा। इस अवसर पर विभाग प्रचारक प्रमुख श्री बलदेव शर्मा जी, सुभाष चंद्र राय, अजय कुमार, अशोक कुमार, सुनील कुमार, अंजन कुमार, रामविलास जी, मुद्रिका सिंह, नारायण कुमार, निरंजन कुमार, संजय वर्मा, मनोज जी,अशोक जी,विनय जी आदि उपस्थित होकर श्रद्धासुमन अर्पित किया।

# भक्ति और हठयोग देख मुंह को आ जाता है कलेजा

दबंग हिन्द, संवाददाता

**जमशेदपुर।** जी हां चड़क पूजा का नाम सुनते ही कलेजा मुंह को आ सकता है. पीठ पर हुक घुसेड़ना और 40 फीट उंची आसमान पर भक्त को झूले की तरह घुमाना किसी जोखिम से कम नहीं है. यह पुरानी परंपरा है और इसका निर्वहन आज भी ईचागढ़ में किया जा रहा है. रविवार को ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के लावा गांव में भक्ती, श्रध्दा और विश्वास का अनूठा संगम देखने को मिला. लावा गांव में बूटन ग्वालीन ने दहकती आग में चलकर भक्ति का परिचय दिया. यहां चड़क पूजा के उपलक्ष्य में दहकती आग में चलकर भगवान शिव को खुश करने का रिवाज है. कई बार आग में चलने से भी कहीं नहीं जलता है। यह भगवान भोलेनाथ का कृपा है, जो हर वर्ष आग में चलकर भक्ति का परिचय देते हैं. भोक्ताओं ने अपनी पीठ पर लोहे का हुक घुसेड़कर करीब 40 फीट उंचे लकड़ी से बने चरखा पर आसमान पर झुलकर भक्ति का प्रदर्शन किया. बिना



कोई दर्द के हंसते-हंसते लोहे का हुक अपने पीठ की चमड़ी पर घुसेड़कर उसी के सहारे लकड़ी के डंडे पर टांग कर घुमाया गया। बाबा भोलेनाथ का कृपा से सुई के उतने भी दर्द का एहसास नहीं होता. लोहे के हूक को पीठ पर घुसेड़कर आसमान पर लटकते हुए घुमाने के बाद भी खून नहीं निकला है. दो चार दिनों में बिना दवा के घाव भर जाता है. से लोग दैविक करिश्मा बताते हैं. रात को छऊ नृत्य सहित कई सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया. भक्त सोमा गोप व सागर दास ने बताया कि यहां प्राचीन काल से ही यह परम्परा चली आ रही है।

# माता वैष्णों देवी मंदिर में माता की चौकी आज, सजेगा दरबार



**दबंग हिन्द ,रामगढ़।** शहर के झंडा चौक स्थित माता वैष्णों देवी मंदिर में पूजा करने को लेकर श्रद्धालु भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। सुबह और संध्या आरती में भी भक्त शामिल हो रहे हैं। यहां प्रतिदिन प्रातः 9 बजे से पूजा हो रही है। मंदिर के पुजारी पंडित लीलाधर शर्मा द्वारा मुख्य यजमान संजीव चड्डा व उनकी पत्नी अंजू चड्डा को पूजा कराई जा रही है। इस दौरान सोमवार को माता की चौकी का आयोजन किया गया है। जिसमें महिला मंडली द्वारा एक से बढ़कर एक भजन प्रस्तुत किया जाएगा। वहीं 16 अप्रैल को हवन, कंजक पूजन व 17 अप्रैल को सुबह 8 बजे से भंडारा का प्रसाद वितरण किया जाएगा।

# खोरठा गीत का जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने किया लोकार्पण

**लोकतंत्र के पर्व में हो शामिल, अन्य मतदाताओं को भी उनके मतदान के महत्व के प्रति करें जागरूक : जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार।**




दबंग हिन्द,संवाददाता

**रामगढ।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत 14 लोकसभा क्षेत्र के लिए मतदान की तिथि 20 मई 2024 निर्धारित है। इस दौरान रामगढ़ जिले में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने एवं मतदाताओं द्वारा लोभ अथवा बिना किसी प्रभाव में व निर्भीक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन, रामगढ़ द्वारा आगामी लोकसभा निर्वाचन के दौरान रामगढ़ जिले के सभी मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से बनाए गए खोरठा गीत का शनिवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार ने अपने कार्यालय कक्ष में लोकार्पण किया। मौके पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने सभी से लोकतंत्र के पर्व में भाग लेकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने एवं अन्य मतदाताओं को भी उनके मतदान के महत्व के प्रति जागरुक करने की अपील की। उक्त अवसर पर निवार्ची पदाधिकारी 23 रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र सह अनुमंडल पदाधिकारी आशीष गंगवार, निवार्ची पदाधिकारी 22 बड़का गांव विधानसभा क्षेत्र सह भूमि सुधार उपसमाहर्ता दीप्ति प्रियंका कुजूर, उप निर्वाचन पदाधिकारी रविंद्र कुमार गुप्ता सहित अन्य उपस्थित थे।

# पूर्व मंत्री जोबा माझी ने बाबा साहेब डॉ. भीम राव अंबेडकर को दी श्रद्धांजलि

दबंग हिन्द,संवाददाता

**चक्रधरपुर।** भारत के संविधान रचियता बाबा साहेब डॉ. भीम राव अंबेडकर की जयंती रविवार को चक्रधरपुर में मनायी गई. इस अवसर पर विभिन्न जगहों पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया.चक्रधरपुर के रेलवे हाई स्कूल मैदान में स्थापित डा. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर जनप्रतिनिधियों के अलावे समाजसेवियों ने फूल माला चढ़ाकर श्रद्धांजलि दी.यहां झारखंड की पूर्व मंत्री सह मनोहरपुर विधायक जोबा माझी ने उपस्थित होकर डॉ. भीम राव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। उन्होंने भीमराव अंबेडकर की जीवनी पर प्रकाश डालते हुये कहा कि बाबा साहेब डा. भीम राव अंबेडकर ने छुआछूत जातिवाद को मिटाने के लिये आंदोलन किया था, जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता.उन्होंने कहा



कि बाबा साहेब डॉ.भीम राव अम्बेडकर हम सभी के प्रेरणास्त्रोत है. उनके बताये गये मार्ग पर चलकर ही सभी लोग आपसी मतभेद मिटा पाएंगे। इस मौके पर कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष विजय सिंह सामड, झारखंड आंदोलनकारी सुखदेव हेम्ब्रम, अनूप सिंहदेव, बुधराम उरांव, पप्पु प्रसाद, निर्मल राम, चमरु जामुदा, भरत सिंह गागराई, गोविंद दास, जयद्रत दोंगो, जहांगीर हुसैन, जेम्स कच्छप, स्वरुप चक्रवर्ती, बुधदेव महतो, योगेन्द्र मुंडरी समेत अन्य लोगों ने भी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया. वहीं रेलवे स्थित के एससी-एसटी कर्मचारी संघ की ओर से संघ के कार्यालय में डा. भीम राव अंबेडकर को याद किया गया. मौके पर संघ के सदस्यों ने बाबा सहब के तस्वीर पर फूल माला चढ़ाकर उनके बताये गये मार्ग पर चलने का अह्वान किया।

### रौनियार भवन धर्मशाला में सर्व धर्म सद्भावना मंच द्वारा ईद मिलन का आयोजन



**गुमला।** गुमला पालकोट रोड स्थित रौनियार धर्मशाला भवन में सर्वधर्म सद्भावना मंच द्वारा ईद मिलन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें समाजसेवियों बुद्धिजीवियों हिंदू मुस्लिम सिख इसाई सभी वर्गों के लोगों को आमंत्रित किया गया था इस मौके पर मंच के अध्यक्ष अधिवक्ता एमपी श्रीवास्तव उर्फ पप्पू बाबू ने गर्म जोशी के साथ अतिथियों का स्वागत किया इस मौके पर मुख्य अतिथि के तौर पर गुमला नगर परिषद के उपाध्यक्ष कलीम अख्तर उर्फ कल्लन, तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में अंजुमन इस्लामिया के अध्यक्ष अधिवक्ता मुशाहिद आजमी उर्फ पम्मू चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष दामोदर कसेरा आमंत्रित किए गए थे इन दोनों समाजसेवियों ने सर्व धर्म सद्भावना मंच की ओर से ईद के मौके पर मिलन समारोह आयोजन करने पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि मंच द्वारा कई वर्षों से गुमला शहर में जैसा कि हम सब जानते हैं इसे अमन का शहर भी कहा जाए यह खेल नगरी के रूप से भी लोग जानते हैं और पहचानते हैं यहां हर वर्ग के लोग सद्भावना के साथ रहते हैं हम सब आशा करते हैं सद्भावना मंच द्वारा आने वाले दिनों में भी इसी तरह के विभिन्न धर्मो के लोगों को आमंत्रित कर सद्भावना का दीप जलते रहेंगे।

RNI NO. JHAHIN/2013/54377 मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार मिश्रा द्वारा ''मिश्रा प्रकाशन'' गौरीशंकर नगर ,नया बस्ती ,कडरू ,रांची , पिन कोड -834002 से मुद्रित एवं कार्यालय हिन्दी दैनिक ''दबंग हिन्द'', गौरी शंकर नगर, नया बस्ती, कडरू, रांची-834002 से प्रकाशित। संपादक- रामाकांत दूबे ,मो. नं0. 9771998118 समाचार संपादक : अब्दुल कुदुस*, पीआरबी एक्ट के अंतर्गत समाचारों के चयन के लिये उत्तरदायी। फोन नं : 0651-2480574, 9905737601, E-mail : dabanghind@gmail.com

# मतदान की अनिवार्यता और लोकतंत्र की दृढ़ता



प्रो(डॉ)शरद नारायण खरे

**मतदान एक महत्वपूर्ण नागरिक कर्तव्य है जो हमारे देश के भविष्य पर महत्वपूर्ण प्रभाव डाल सकता है। मतदान राजनेताओं को उनके कार्यों के लिए जवाबदेह बनाए रखने में मदद करता है और हमारे लोकतंत्र के लिए रूपरेखा तैयार करता है**

सबको करना चाहिए, निश्चित ही मतदान।
लोकतंत्र मजबूत हो,बढ़े लोक की शान।।

मतदान नागरिकों को नागरिकता के महत्व का एहसास करने में भी मदद करता है। बहुत से लोग यह सोचते हुए वोट नहीं करते कि एक वोट से कोई बदलाव नहीं होगा, लेकिन जैसा कि यह तथ्य है। एक राष्ट्र की राजनीतिक नींव का उपयोग चुनावों के लिए किया जाता है। मतदान एक बुनियादी प्रक्रिया है जो एक देश की सरकारी प्रणाली को बनाती है। यह नागरिकों को अपनी सरकार चुनने में सक्षम बनाता है। यह लोगों को सरकार में अपने प्रतिनिधि चुनने की भी अनुमति देता है। प्रत्येक सरकार का उद्देश्य अपने नागरिकों के लाभ के लिए विभिन्न नीतियों का विकास और कार्यान्वयन करना है। यह मुद्दों और स्पष्टीकरण के बारे में सरकार से सवाल करने के अधिकार वाले व्यक्ति को भी सक्षम बनाता है। मतदान एक लोकतांत्रिक राष्ट्र में एक नागरिक की राय व्यक्त करने का तरीका है। लोकतांत्रिक प्रक्रिया को सक्रिय करने के लिए मतदान बहुत महत्वपूर्ण होता है। मतदान नागरिक का अधिकार है, साथ ही यह एक कर्तव्य भी है। मतदान के माध्यम से हम अपने देश के भविष्य को आकार देते हैं। एक मतदान से सरकारें बदल सकती हैं, देश का विकास हो सकता है और समाज में बदलाव आ सकता है। मतदान का अधिकार एक मौलिक अधिकार है। यह अधिकार हमें संविधान द्वारा प्रदान किया गया है। मतदान के माध्यम से हम अपने देश के प्रतिनिधियों का चुनाव करते हैं। ये प्रतिनिधि हमारी सरकार बनाते हैं और हमारे देश का शासन करते हैं। इसलिए, यह महत्वपूर्ण है कि हम अपने मताधिकार का प्रयोग करें और अपने देश के विकास में योगदान दें।



बहुत से लोग मतदान करना चाहते हैं, लेकिन बहुत से लोगों को इसकी आवश्यकता और इसे डालने के तरीके के बारे में जानकारी नहीं होती है। यहीं पर मतदान जागरूकता काम आती है। मतदान जागरूकता का विचार लोगों को मतदान के महत्व को समझने में मदद करना है। मतदाताओं के लिए अपनी सरकार को नियंत्रित करने के लिए मतदान एक महत्वपूर्ण तरीका है। यह नागरिकों के लिए मतदान के बारे में जागरूकता बढ़ाकर यह व्यक्त करने का एक तरीका है कि वे अपने नेताओं से क्या चाहते हैं। इससे बेहतर शासन मिलेगा और हर कोई चाहता है - एक ऐसा लोकतंत्र जो स्वतंत्र, निष्पक्ष और प्रतिनिधित्वपूर्ण हो। मतदान से नागरिकों को अपनी सरकार में अधिक शामिल होने और उसे जवाबदेह बनाए रखने में मदद मिलती है। मतदान करने के लिए, आपको विशिष्ट आवश्यकताओं को पूरा करना होगा। मतदान के अलावा, कुछ कानून भी हैं जो दुनिया भर में निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करते हैं।

मतदान लोकतंत्र का अभिन्न अंग है और लोगों के लिए अपनी बात रखना जरूरी है। सभी को वोट देने का अधिकार है, जिसका अर्थ है कि सभी भारतीय अपनी पसंद के प्रधान मंत्री के लिए वोट कर सकते हैं। मतदान करके, आप बदलाव ला सकते हैं और अपने समुदाय में बदलाव ला सकते हैं। मतदान करना इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि आप किसी कानून को तभी निरस्त कर सकते हैं जब अधिकांश नागरिक उससे सहमत हों। मतदान अपनी सरकार के साथ अधिक नागरिक रूप से जुड़ने का एक तरीका है। अपनी आवाज सुनकर और उन लोगों के विचारों का प्रतिनिधित्व करके दुनिया में बदलाव लाना महत्वपूर्ण है जिनके पास कोई आवाज नहीं है। यदि आप बदलाव लाना चाहते हैं तो मतदान एक बेहतरीन तरीका है। चुनाव में मतदान करने से नागरिकों को यह सुनिश्चित करने में मदद मिलती है कि देश को बेहतर अधिकार और सुरक्षा प्रदान की जाती है।

मतदान एक महत्वपूर्ण नागरिक कर्तव्य है जो हमारे देश के भविष्य पर महत्वपूर्ण प्रभाव डाल सकता है। मतदान राजनेताओं को उनके कार्यों के लिए जवाबदेह बनाए रखने में मदद करता है और हमारे लोकतंत्र के लिए रूपरेखा तैयार करता है

मतदान के माध्यम से हम अपने देश के भविष्य को आकार दे सकते हैं। हम यह तय कर सकते हैं कि हमारा देश किस दिशा में बढ़े। हम यह तय कर सकते हैं कि हमारे देश में किस तरह की सरकार हो। इसलिए, यह महत्वपूर्ण है कि हम अपने मतदान का सही उपयोग करें। इसी को नैतिक मतदान करना कहा जाता है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर राज्य, ज़िला, तहसील व खंड स्तर पर व्यापक रूप में मतदाता जागरुकता (स्वीप)अभियान के माध्यम से जागरुकता लाई जा रही है। मेरे महाविद्यालय में भी प्राचार्य के मार्गदर्शन में नोडल अधिकारी व इलेक्ट्रल लिटरेसी क्लब के माध्यम से अनेक गतिविधियों द्वारा मतदान का प्रतिशत बढ़ाये जाने की सतत कोशिशें हो रही हैं। यह यथार्थ है कि मतदान का प्रतिशत जितना अधिक होगा, लोकतंत्र उतना ही अधिक मजबूत होगा।

लोकतंत्र हमसे कहे,हो नैतिक मतदान।
अंधकार सब दूर हो,जनता का हो मान।।

## संपादकीय

# हाईकोर्ट के बेबाक फैसले से सबसे मुश्किल विपक्ष

अरविंद केजरीवाल मामले में दिल्ली उच्च न्यायालय के बेबाक फैसले ने कई भ्रमों को दूर कर दिया है। यही कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दिल्ली के मुख्यमंत्री को गिरफ्तार करना गलत है। इसलिए कि वह झूठे तथ्यों और डराए गए गवाहों से बलात लिए बयानों पर आम आदमी पार्टी (आप) की दिल्ली सरकार को जमींदोज के इरादे से रची गई साजिश के तहत है। यह आम चुनाव में भागीदारी के समान अवसर के अधिकार से वंचित करना है। इनके पीछे केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार है, जिसके इशारे पर ईडी काम कर रहा है। न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा ने 25 मिनट तक पढ़े गए अपने फैसले में केजरीवाल की याचिका के सभी मुद्दों को बिंदुवार स्पष्ट किया है। फैसले के मुताबिक उनकी गिरफ्तारी नियमतः और साक्ष्य-आधारित है। रिमांड जायज है। ईडी के आठ-आठ समनों के बाद भी पूछताछ में न आना और पर्याप्त सबूत भी हों तो गिरफ्तारी लाजिमी है। इसमें हैसियत के हिसाब से फेरबदल नहीं किया जा सकता। दिल्ली के मुख्यमंत्री कीआबकारी नीति से जुड़े धनशोधन के करोड़ों रुपये के मामले में प्रमाणित संलिप्तता रही है। वे इससे व्यक्तिगत रूप से और बतौर आप संयोजक जुड़े रहे हैं। इसकी पुष्टि ईडी के समक्ष नहीं, बल्कि अदालत में धारा 164 के तहत गवाहों के बयानात से भी होती है। हालांकि आप नेता इन्हें ईडी का गढ़ा मान रहे हैं। उनका यह रवैया जनता को तथ्यों से गुमराह करने वाला है, चुनावी मौसम में वह चाहे जितना सही हो।



यह अदालत की मान्यता के भी विरुद्ध है। हालांकि उच्च न्यायालय ने इन गवाहों से आगे मुकदमे की सुनवाई के दौरान केजरीवाल के बहस के हक को नकारा नहीं है। न्यायालय का यह स्पष्टीकरण महत्त्वपूर्ण है कि यह मामला केंद्र नहीं बल्कि ईडी बनाम अरविंद केजरीवाल का है। यह कोई राजनीतिक नहीं, सीधे-सीधे भ्रष्टाचार का मामला है। इसके आरोपित को जांच के तरीके तय करने या इसमें कोई सुविधा मांगने का हक नहीं है। उसे एक आम नागरिक की तरह ही लड़ाई लड ?ी होगी। इस फैसले ने मुख्यमंत्री को पैदल कर दिया है। उन्हें सहानुभूति पाने के लिए नया तर्क गढ ?ा होगा। केजरीवाल की सबसे बड़ी चुनौती न्यायालय के इस आकलन को गलत ठहराने की होगी, जो ईडी से सहमत है कि आप एक पार्टी नहीं, बल्कि कंपनी की तरह है और वे खुद निदेशक की तरह काम करते हैं। उनके लिए फैसले का यह सबसे मुश्किल विपक्ष है। केजरीवाल अब सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष हैं, जहां इन टिप्पणियों पर भी गौर किया जाएगा।

## चिंतन-मनन

# वीरत्व की अलंकृति है क्षमा

क्षमा वीरत्व की अलंकृति है। दुर्बल और विवश व्यक्ति द्वारा उद्गीत क्षमा का माहात्म्य उतना प्रखर नहीं हो सकता। ज्ञान की स्फुरणा में मौन की सार्थकता है। शक्ति-संपन्नता में क्षमा की सार्थकता है और त्याग-भावना में आत्मगोपन या अप्रशस्ति की सार्थकता है। शक्ति के अभाव में स्वीकृत का कवच व्यक्ति को कई अवांछनीय परिस्थितियों से त्राण तो दे सकता है, पर उससे क्षमा का वर्चस्व धुंधला हो जाता है। मन के प्रतिकूल परिस्थिति उत्पन्न होने पर संभावित प्रोध को शांति से प्रतिहत करने वाला व्यक्ति अपनी क्षमा को तेजस्वी बनाता है।

क्षमा के स्वरूप और उसकी क्रियान्विति के संबंध में कोई निश्चित सिद्धांत नहीं बन सकता। अपराध करने वलों और क्षमाशील रहने वालों की अनेक भूमिकाएं हैं। एक मुनि, अपराधी व्यक्ति को क्षमा नहीं करता है तो उसका मुनित्व संदिग्ध हो जाता है। भगवान महावीर के साधना काल में कितनी बार प्रतिकूल परिस्थितियां पैदा की गई, पर महावीर का महावीरत्व उनकी क्षमाशीलता में ही पल्लवित हुआ।

राजधर्म क्षमा को ऐकांतिक महत्व नहीं देता। दुष्ट व्यक्ति को दंडित करना राजधर्म के अनुसार विहित है। दंडनीय को दंड न देना राजधर्म का लोप माना जाता है। इससे अराजकता को प्रोत्साहन मिलता है और अपराधी तत्व निरंकुश हो जाते हैं। दंडसंहिता की सारी धाराएं अपराधों का प्रतिकार करने के लिए हैं।

समाज के साथ अपराध और अपराधों के साथ दंड-पद्धति का सृजन स्वाभाविक माना जाता है। किंतु यह लोक-व्यवस्था या राज्य-व्यवस्था का सिद्धांत है। अध्यात्म की भूमिका इससे भिन्न है। इसमें अपराधी व्यक्ति स्वयं अपराध-शोधन के लिए प्रायश्चित स्वीकार करता है। अपराधी को बलात दंडित करने या उसके प्रति प्रोध प्रदर्शित करने की बात क्षमा-धर्म द्वारा संभव नहीं है। साधना के पथ पर अग्रसर साधकों के लिए क्षमा के अतिरिक्त दूसरा मार्ग ही नहीं हैं। क्षमा का प्रभाव अप्रतिहत होता है, पर क्षमा-धर्म की साधना है बहुत कठिन।

# आजाद के बाद गुमनाम हुए आजाद



संजय गोस्वामी

आजादी दिलाने में जितने भी स्वतंत्रता सेनानी हैं उन्हें नमन करना जरुरी है क्योंकि वह खुद के लिए नहीं भारत माता की रक्षा हेतु अपने प्राणों की आहुति दी है , भारत को आजादी दिलाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले महान क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद की ऐसी घटना सामने आती है जो गुमनाम हो गए जो देश के आदर्शो पर अपने प्राण कम उम्र में खुद ही लेकर शहीद हो गए । लेकिन जानकारी के अभाव में अक्सर लोग भूल जाते हैं लेकिन देशभक्त जो शहीद हो जाते हैं वो भी खुद गोली अपने सर में चलाकर इतना बड़ा देशप्रेम में कई चेहरे हैं जो पाठ्यक्रम में शामिल नहीं किया गया ना ही उसपर किसी राजनेता का ध्यान गया अब गुमनाम-सा हो रहें हैं क्योंकि कोई भी राजनीति पार्टी को देश के शहीदों को भी अपने हिसाब से याद करते हैं ऐ पुरानी राजनीती परंपरा को बदलने की आवश्यकता है आज से करीब 93साल पहले 27 फरवरी 1931 को, प्रयागराज के अल्फ्रेड पार्क में अंग्रेजों से लड़ते हुए वह शहीद हो गए थे। आज भी लोग आजाद का नाम बहुत सम्मान से लिया करते हैं।चंद्रशेखर आजाद का जन्म 23 जुलाई 1906 को मध्य प्रदेश के भावरा गाँव में हुआ था। उनका पूरा नाम चंद्रशेखर तिवारी था। देश के लिए उनके बलिदान को देखते हुए उनके गाँव का नाम आजादपुरा रख दिया गया है। 1922 में आजाद की मुलाकात राम प्रसाद बिस्मिल से हुई जिसके बाद उनका जीवन ही बदल गया और उन्होंने देश को अंग्रजों से



आजाद करवाने की कसम खाई। उनके नाम से अंग्रेजी हुकूमत थर-थर कांपा करती थी।ब्रिटिश सरकार ने एक बार उन्हें बचपन में 15 कोड़ों की सजा दी थी, तब आजाद ने कसम खाई थी कि वह दोबारा पुलिस के हाथ कभी नहीं आएंगे। वह अक्सर गुनगुनाया करते थे।।।दुश्मन की गोलियों का हम सामना करेंगे।।।आजाद ही रहे हैं, आजाद ही रहेंगे। काकोरी कांड में भी जब सभी क्रांतिकारी पकड़े गए थे, तब भी चंद्रशेखर आजाद को कोई नहीं पकड़ सका था। चंद्रशेखर आजाद ने कसम खाई थी कि चाहें कुछ भी हो जाए लेकिन वह जिंदा अंग्रेजों के हाथ नहीं आएंगे। इसलिए जब 27 फरवरी 1931 को अंग्रेजों ने इलाहाबाद के अल्फ्रेड पार्क में उन्हें चारों तरफ से घेर लिया था तो उन्होंने अकेले ही ब्रिटिश सैनिकों से मुकाबला किया। जब उनकी रिवाल्वर में आखिरी गोली बची तो उन्होंने खुद पर ही गोली चला दी, जिससे वह जिंदा न पकड़े जाएँ। आजाद को डर था कि अगर वह जिंदा पकड़े गए तो अंग्रेजी हुकूमत को जड़ से मिटाने का उनका सपना अधूरा रह जाएगा। दरअसल आजाद अल्फ्रेड पार्क में भगत सिंह को जेल से निकालने समेत कई महत्त्वपूर्ण विषयों पर अपने साथियों के साथ बैठक कर रहे थे लेकिन तभी उन्हें खबर लगी कि अंग्रेजों ने पार्क को चारों तरफ से घेर लिया है। आजाद ने अंग्रेजों से अकेले ही मुकाबला करते हुए अपने साथियों को पार्क से बाहर निकाल दिया, जिससे भारत की आजादी के लिए बनाई उनकी योजनाओं पर कोई प्रभाव न पड़े। जब उनकी रिवाल्वर में आखिरी गोली बची तो उन्होंने अंग्रेजों के हाथ आने की वजाय खुद के जीवन को खत्म करना चुना और उस आखिरी गोली से अपना जीवन खत्म कर दिया। आज ऐ आलम है कि कुछ गिने चुने कॉलेज और कुछ ही फोटो गूगल में मिलती है जो चिंता का विषय है एक बार प्रयागराज में किसी सामाजिक संस्थान ने चंद्रशेखर आजाद की याद में एक राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन हुआ वहाँ लाचारी से मुझे भी जाने का अवसर मिला जहाँ बड़े बड़े कॉलेज के प्रोफेसर थे मुझे यकीन ही नहीं हुआ कि मेरे पेपर स्वीकार किए जायेंगे वहाँ ऐ मालूम हुआ कि उनके बारे में जानकारी सोशल मीडिया में बहुत ही कम थी और लगभग सभी को बुलाया गया वहाँ के प्रोफेसर ने बताया की उनके बहुत सारे दस्तावेज जो उनके शहीद होने पर थी वो गायब हो गई या हटा दिया गया मैं तो किसी जमाने में देश की आजादी पर बनी एक फिल्म में उनके साहस और दे देशभक्ति का जज्बा देखकर लिखा और अच्छी लगी लेकिन बहुत सारी सोशल मिडिया ने मौन ब्रत धारण कर लिया और कुछ पाठ्यक्रम में जानकारी का अभाव होना शर्मिंदा की बात है स्व चंद्रशेखर आजाद का प्रयाग राज में एक विश्वविद्यालय है और मप्र में एक संग्रहालय है उसके अलावा कहीं कहीं गली का नाम होगा, आनेवाले समय में ऐसे सच्चे देश भक्त अवश्य याद करना चाहिए एक ऐसे देशभक्त जो देश को आजाद कराने के लिए ना तो डरा ना ही झुका को उनकी शहादत पर शत शत नमन, भारत माँ का वीर सपूत कभी मरता नहीं है देश ही उसके लिए सर्वोपरि है इस पर ध्यान देना जरुरी है।

# वैश्विकी : पूर्व से पश्चिम तक संकट में एशिया



डॉ. दिलीप चौबे

जापान के प्रधानमंत्री किशिदा की हाल की अमेरिका यात्रा के दौरान एशिया में अमेरिका और पश्चिमी देशों के सैन्य संगठन नाटो को प्रकारांतर से खुला न्यौता दिया गया। किशिदा ने अमेरिकी संसद को संबोधित करते हुए अमेरिका के विश्व स्तर पर कायम वर्चस्व को बनाए रखने की वकालत की।

उन्होंने अमेरिका की हिमायत में वे सभी बातें कहीं जो वहां के नेताओं और सांसदों के लिए कर्णप्रिय थीं। किशिदा ने अमेरिका के नेतृत्व और नीतियों की इतनी पुरजोर तारीफ की कि पता लगाना मुश्किल हो गया कि अमेरिका ही वह देश था जिसने नागासाकी और हिरोशिमा पर परमाणु बम गिराए थे। इस हमले के लिए अमेरिका ने कभी जापान से माफी नहीं मांगी। किशिदा जैसे जापानी नेताओं ने मानो यह स्वीकार कर लिया कि परमाणु हमले के लिए हम खुद जिम्मेदार थे।

किशिदा का संबोधन भारत और एशिया के अन्य देशों के लिए समस्या पैदा कर सकता है। सबसे अधिक हैरानी की बात यह है कि उन्होंने चीन के साथ ही रूस पर भी निशाना साधा। उन्होंने दक्षिण चीन सागर और पूर्व एशिया में चीन की आक्रामक गतिविधियों का हवाला देते हुए कहा कि यह क्षेत्र नया यूक्रेन बन सकता है। जाहिर है कि वह अमेरिका के नेताओं से गुहार लगा रहे थे कि वे यूक्रेन युद्ध पर ध्यान देते समय इंडो पेसेफिक देशों को नजरअंदाज न करें। किशिदा



ने कहा कि उनका देश रूसी आक्रमण के खिलाफ संघर्षरत यूक्रेन के साथ खड़ा है। किशिदा ने अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया की इंडो पेसिफिक में सक्रियता बढ़ाने पर जोर दिया। उनके भाषण का यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि वह एक ह्यएशियाई नाटोह्न के पक्ष में है।

गौर करने वाली बात होगी कि पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे वर्षो पहले क्वाड के जरिए अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया को एक मंच पर लाए थे। क्वाड का कोई सैनिक मंसूबा नहीं था, लेकिन किशिदा जिस एशियाई सुरक्षा ढांचे की बात कर रहे हैं, वह अमेरिका के वर्चस्व वाला सैनिक गठबंधन जैसा है। जाहिर है कि भारत किशिदा के इन विचारों और नीतियों से सहमत नहीं हो सकता। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अमेरिकी पत्रिका न्यूजवीक को दिए गए साक्षात्कार में चीन के साथ संबंधों को पटरी पर लाने के लिए एक पहल की है। मोदी ने कहा है कि सीमा पर लंबे समय से चल रहा तनाव दोनों देशों में से किसी के हित में नहीं है। उनकी यह सोच किशिदा से एकदम अलग है।

अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव की सरगर्मी के बीच किशिदा की यह यात्रा बाइडन को राजनीतिक रूप से फायदा पहुंचा सकती है। किशिदा ने कहा कि अमेरिका के नेताओं को अपनी ग्लोबल भूमिका को लेकर कोई संदेह और दुविधा नहीं होनी चाहिए। अमेरिका ने अपने बलबूते दुनिया में स्थायित्व कायम रखा है। उसे अपनी यह भूमिका जारी रखनी चाहिए तथा इस क्रम में जापान पूरी तरह उसके साथ है। जापान को दूसरे विश्व युद्ध के बाद निशस्त्र कर दिया गया था।

तकनीकी रूप से जापान आज भी सेना नहीं रख सकता लेकिन अमेरिका और पश्चिमी देशों की सैन्य मुहिम को बिना शर्त समर्थन देने का ही नतीजा है कि जापान आज एक सैन्य ताकत बनने की राह पर है। जिस देश से शांति के पैगाम की उम्मीद थी, वह युद्ध का नगाड़ा बजा रहा है। वह भी ऐसे समय जब गाजा में इस्राइल का नरसंहार जारी है तथा फारस की खाड़ी के बीच संभावित संघर्ष जापान के लिए मारक सिद्ध हो सकता है। यह संघर्ष यदि व्यापक रूप लेता है तो दुनिया का कच्चे तेल का आधा कारोबार ठप हो जाएगा। रूस से ऊर्जा आयात कम करने वाला जापान इस नये संकट का सामना कैसे करेगा।

वास्तव में भारत के लिए भी पश्चिम एशिया का संकट नई आर्थिक चुनौती पेश कर सकता है। गनीमत यह है कि रूस एक विश्वसनीय ऊर्जा प्रदाता देश है जो आड़े समय में भारत के काम आएगा। आने वाले दिनों में कच्चे तेल का अंतरराष्ट्रीय मूल्य कितना ऊपर जाता है, यह विश्व अर्थव्यवस्था की बहाली के लिए निर्णायक होगा। रूस के खिलाफ यदि प्रतिबंध जारी रहा और पश्चिमी एशिया से तेल आपूर्ति बाधित हुई तो जापान और यूरोप के देशों की अर्थव्यवस्था की कमर टूट सकती है।

## भाजपा इस बार 400 पार: लक्ष्मीकांत बाजपेय



दबंग हिन्द,संवाददाता

**बरकट्ठा।** बरकट्ठा विधानसभा स्तरीय भारतीय जनता पार्टी की बैठक बुढ़िया माता मंडप के सामने अवस्थित चुनाव कार्यालय मैरेज हॉल में सम्पन्न हुई। बैठक में शामिल प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत बाजपेयी ने मंडल वाइज सभी अध्यक्षों व सक्रिय कार्यकर्ताओं के बीच चुनावी प्रबंधन को लेकर चर्चा की उन्होंने कहा मंडल का कार्यकर्ता मंडल की चिंता करे बूथ जीतेंगे लोकसभा का चुनाव भी जीतेंगे। उन्होंने अबकी बार 400 पार का नारा दिया। अपने सम्बोधन में सांसद अन्नपूर्णा देवी ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी के नेतृत्व में भारत विकास की उच्चाइयों को छू रहा है। अबकी बार 400 पार करने में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता जी जान से जुटे हुए है। इस बार पुनः कोडरमा लोकसभा से बड़े मार्जिन से कोडरमा जीतना है। इसके लिए सभी लोग बूथ स्तर पर जुट जाएं। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह ने किया व संचालन केदारनाथ यादव ने की वही मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता बटेश्वर मेहता, प्रणव वर्मा, लोकसभा प्रभारी विकास मित्तल, विधानसभा प्रभारी प्रदीप साहू, लोकसभा संयोजक रामचंद्र सिंह, भैया अभिमन्यु प्रसाद, जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह, कोडरमा जिला अध्यक्ष अनूप जोशी, पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक यादव, प्रदेश भाजपा नेत्री कुमकुम देवी, प्रदेश किसान मोर्चा के सुरेंद्र भाई मोदी, पूर्व जिला अध्यक्ष कोडरमा सुरेश यादव, केदार साव, कुलदीप पांडेय, मंडल अध्यक्ष टुकलाल नायक, मंडल अध्यक्ष भोला प्रसाद, ओबीसी नेता रामचन्द्र चौधरी, रीतलाल प्रसाद, बिंदु सोनी, इंद्रदेव प्रसाद, गौतम नारायण सिंह, महेश अग्रवाल, मनोज साव, सुभाष सोनी, राजकुमार यादव, इंद्रदेव यादव, समन ठाकुर समेत बड़ी संख्या में भाजपाई उपस्थित थे।

# कोयलांचल इलाके में धूमधाम से मनाई गई अम्बेडकर जयंती

## भीम राव अम्बेडकर के बताये गये मार्गो पर चलना है जरूरत: ललीता देवी

दबंग हिन्द,संवाददाता



**चुरचू।** भारत रत्न डॉ भीम राव अम्बेडकर जी की 133वें जयंती चुरचू प्रखण्ड मुख्यालय सहित कोयलांचल इलाके क्षेत्रो में डॉ भीम राव अम्बेडकर की जयंती हर्षोउल्लास व धमधाम के साथ मनाई गई। प्रखण्ड मुख्यालय में स्थापित डॉ भीम राव अम्बेडकर के मूर्ति पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर मनाई गई। वही चरही पंचायत के श्यामपट्टी में भी बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण व फूल अर्पित कर शुभारंभ किया गया। इसके अलावे आदर्श ग्राम पंचायत के विभिन्न इलाके में डॉ भीम राव अम्बेडकर जयंती मनाई गई इसके अलावे कई कार्यक्रम स्थल पर रंगारंग गीत - संगीत कार्यक्रम डॉ भीम राव अम्बेडकर पर आधारित आयोजन का किया गया। प्रखण्ड मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अथिति मांडू विधायक जय प्रकाश भाई पटेल की धर्मपत्नी ललीता देवी, विशिष्ट अतिथि प्रखण्ड विकास पदाधिकारी ललीत राम, प्रखण्ड प्रमुख निरंजन प्रसाद नायक, उप प्रमुख संजय कुमार सिंह, चुरचू थाना प्रभारी शम्भू शरण दास, आंगो थाना प्रभारी जानू कुमार, चिकित्सा स्वास्थ्य प्रभारी डॉ अशोक राम, रिटायर्ड स्वास्थ्य कर्मी जागेश्वर राम, आंगो पंचायत मुखिया सीतामुनी देवी, पूर्व मुखिया धानेश्वर सिंह, चुरचू पंचायत मुखिया पूनम बेसरा, समाजसेवी कामेश्वर राम सहित कई लोगो के द्वारा सामुहिक रूप से फूल माला पहनाकर शुभारंभ किया गया। सभी महिला व पुरुष ने झंडा, बैनर तले व कतारबद्ध जयकारा का नारा लगाते हुए प्रभात फेरी कार्यक्रम स्थल पर पहुँचे। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए बतौर मुख्य अथिति ने कहा की बाबा साहब भारत देश में ही नही पूरे विश्व में बाबा साहब का जन्म दिवस मनाया जाता है। मौके पर मुख्य रूप से अध्यक्ष प्रदीप कुमार यादव, उपाध्यक्ष योगेन्द्र राम, सचिव चंद्रिका राम, सह सचिव संतोष राम, मंसूर मियां, कोषाध्यक्ष जय प्रकाश दास, निगरानी मंत्री डॉ राम पुकार वर्मा, संगठन मंत्री संजय दास, महामंत्री शम्भू राम, संरक्षक मंत्री सुखदेव प्रसाद यादव, मीडिया विजय दास, रविदास समाज के पूर्व मालिक तालेश्वर राम, झारखंड बिरसा इंटर कॉलेज के निदेशक चंद्रदेव कुमार शर्मा, अधिवक्ता निशांत कुशवाहा, समाजसेवी झमन महतो, बादम पंचायत मुखिया दीपक दास, मूलनिवासी संघ प्रीति गुप्ता, संतोष महतो, विशेश्वर करमाली, बसन्ती देवी, जासो देवी, गणेश राम, रूपलाल राम, अकबर मियां, रूबी कुमारी, शकुंतला देवी, सुनीता देवी, रविदास समाज प्रखण्ड अध्यक्ष दिनेश्वर रविदास, झारखंड आदिवासी दलित मंच संयोजक महालाल हंसदा, खतियानी परिवार के अध्यक्ष बाबूलाल महतो, मान्यवर नीरज कुमार यादव प्रदेश महासचिव राजद सहित पूर्व मुखिया महादेव सोरेन, विनोद राम भुईया समाज के प्रखंड अध्यक्ष, बैजनाथ रविदास, नन्दलाल रविदास ,नरेश रविदास, अजीत रविदास, मुटून रविदास, ने की।

## झारखंड कुरमी महासभा का जयप्रकाश भाई पटेल से औपचारिक भेंट: कुमेश्वर महतो



**दबंग हिन्द,डाड़ी।** झारखंड कुरमी महासभा के प्रदेश अध्यक्षकुमेश्वर महतो एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ब्रजकिशोर गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस (इंडिया गठबंधन) हजारीबाग प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल जी के हजारीबाग आवासीय आवास पर कुरमी सामुदायिक के प्रतिनिधियों द्वारा औपचारिक मुलाकात कर जयप्रकाश भाई पटेल को बधाई दी गई। और जिताने हेतु विचार विमर्श किया गया। हजारीबाग के इंडिया गंठबंधन के प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल ने कहा कि हजारीबाग के पांचों विधानसभा क्षेत्र में सभी जातियों का मुझे भारपूर समर्थन मिल रहा है। औपचारिक मुलाकात में महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉक्टर भुनेश्वर महतो, प्रदेश संयुक्त सचिव देवकी महतो, राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य कौलेश्वर महतो, प्रदेश सह सचिव सेवालाल महतो, प्रदेश उपाध्यक्ष होरानाथ महतो, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मुनेश्वर महतो, कार्य समिति सदस्य टिंकू कुमार गांधी, हजारीबाग जिला अध्यक्ष डा रघुनंदन प्रसाद, महासचिव रामटहल महतो, प्रदेश युवा कोषाध्यक्ष गुलचंद महतो, डाड़ी प्रखंड सचिव सुदर्शन महतो, अशोक महतो, बड़कागांव प्रखंड अध्यक्ष राजेंद्र महतो,युवा पूर्व जिला अध्यक्ष सह पूर्व उप प्रमुख चुरचू चोलेश्वर महतो, तुलसी महतो, सुदय महतो, कामेश्वर महतो, होरील महतो, हजारीबाग जिला युवा अध्यक्ष टेकोचंद महतो, चोलेश्वर महतो, बिनोद महतो, संजय कुमार, जगरनाथ महतो, प्रेमचंद महतो सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित हुए।

## बड़कागांव में धूमधाम से मनाई गई भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती



**दबंग हिन्द,बड़कागांव।** प्रखंड में भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई गई। बड़कागांव काली मंदिर स्थित अंबेडकर की आत्मकद प्रतिमा पर प्रमुख फुलवा देवी ने अपने सहयोगियों के साथ माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दिया। इस दौरान फुलवा देवी ने कहा कि हमें डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की बताए हुए मार्ग पर चलना है। बड़कागांव के अलावा सोनबरसा जुगरा, चंदौल, बादम, बाबूपारा गांव के अलावा कई गांवो में अंबेडकर जयंती धूमधाम से मनाया गया। मौके पर उपस्थित लोगों में मुख्य रूप से प्रमुख फुलवा देवी पश्चिमी जिला परिषद प्रतिनिधि इब्राहिम, समाजसेवी सोनू इराकी, भुईयां समाज अध्यक्ष प्रभु राम, सचिव शंकर भुईयां, पूर्व सचिव महावीर राम, रविदास महासभा इकाई अध्यक्ष रघुनाथ राम, रामवृक्ष राम, सनी कुमार, अविनाश कुमार, सूरज कुमार,मिथुन कुमार, पवन कुमार रवि के अलावा कई लोग उपस्थित थे।

## छठव्रतियों ने दी अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य



**दबंग हिन्द,बड़कागांव।** लोक आस्था का महापर्व चैती छठ प्रखंड के बड़कागांव,पंकरी बरवाडीह सहित विभिन्न छठ घाटों में छठव्रतियों द्वारा यश कीर्ति,सुख समृद्धि,निरोगी काया, आदि सर्व मनोकामना की पुर्ती के लिए श्रद्धा आस्था के साथ भक्तिभाव से अस्ताचलगामी भगवान भास्कर को अर्घ्य दिया इस अवसर बड़ी संख्या में छठव्रती, श्रद्धालु व उनके हित कुटुम्ब जन छठघाट पहुंचे और अर्घ्य लिए।

## बड़कागांव में मां बसंती दुर्गा पूजा को लेकर निकाली गई कलश यात्रा

दबंग हिन्द,संवाददाता



**बड़कागांव।** बड़कागांव के बसंती दुर्गा मंदिर में माता दुर्गा की षष्टी रूप माता कात्यानी की पूजा के मौके पर बसंती दुर्गा पूजा समिति के नेतृत्व मे कलश यात्रा सह शोभा यात्रा निकाली गई। इसमें महिलाएं, युवतियां एवं बच्चों ने कलश लेकर शामिल हुए। इसमें रामनवमी महासमिति के अध्यक्ष विवेक कुमार सोनी भी शामिल हुए। कलश यात्रा की शुरूआत दुर्गा मंदिर से शुरू किया गया। जो डेली मार्केट कोरियाडीह, गोविंदडीह, गौरव बाजार, लोहार टोला, दुसाध मोहल्ला, अंबेडकर मोहल्ला, बरगद मोहल्ला मुस्लिम मोहल्ला, रेंज ऑफिस, बड़कागांव मुख्य चौक, थाना रोड होते हुए छवनियां नदी पहुंचा जहां माता गंगा की स्तुति कर कलश यात्रियों ने जल भरकर पुनः दुर्गा मंदिर पहुंचे एवं माता कात्यानी की पूजा अर्चना की गई। रामनवमी महासमिति के अध्यक्ष विवेक कुमार सोनी के नेतृत्व में कलश यात्रा में शामिल सैकड़ो लोगों को दही गुड़ का शरबत पिलाया गया। वहीं चैती दुर्गा मंदिर परिसर में भी बसंती दुर्गा पूजा समिति द्वारा भी चना एवं शरबत दिया गया। मौके पर कलश यात्रा में रामनवमी महासमिति के अध्यक्ष विवेक कुमार सोनी, रामसेवक सोनी, समाजसेवी दिनेश सिंहा, मुखिया संघ अध्यक्ष रंजीत कुमार, मुखिया तकरीमुल्लाह खान, बसंती दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष अरविंद कुमार वर्मा, सचिव मनोज सोनी, कोषाध्यक्ष महेश सोनी, उपाध्यक्ष कृष्णा प्रसाद, राजू सोनी, मीडिया प्रभारी संजय सागर, पूजा प्रभारी राजू साव, शंभू सोनी, संयोजक सरोज सोनी, मनोरंजन मंत्री शंभू चौरसिया, सांवरमल अग्रवाल, बृजेश वर्मा, लखनलाल विश्वकर्मा रवि सोनी, अर्जुन सोनी ,दीपक वर्मा, प्रकाश सोनी, सरोज सोनी चंदन कुमार सोनी, रामू सोनी आदि शामिल थे।

## एनडीए प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने विष्णुगढ़ पश्चिमी मंडल में चलाया जनसंपर्क अभियान

### भाजपा एवं आजसू के कार्यकताओं ने किया भव्य स्वागत

दबंग हिन्द,संवाददाता



**विष्णुगढ़।** हजारीबाग लोकसभा एनडीए सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल का विष्णुगढ़ पश्चिमी मंडल में जनसंपर्क अभियान के तहत आगमन पर भाजपा एवं आजसू के कार्यकताओं ने आठ मिल चौक में ढोल नगाड़ों एवं फूल मालाओं के साथ भव्य स्वागत किया। रैली में कार्यकताओं एवं ग्रामीणों के साथ विष्णुगढ़ अम्बेडकर चौक में संविधान निमार्ता बाबा साहब डॉ० भीमराव अंबेडकर की 133 वीं जयंती में माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। विष्णुगढ़ पश्चिमी मंडल के जनसंपर्क के दौरान 12 पंचायतों में ग्रामीणों का जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। विशेष कर महिलाएं एवं आदिवासी समुदाय के द्वारा मोदी के किये गए कामो पर आभार प्रकट करते हुए आम चुनाव में समर्थन देने की बात कही। साथ हीं खरना पंचायत के चलकरी में झारखंड आंदोलन कारी शहीद बबुनी महतो की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनको नमन किया। मोदी के नेतृत्व में भारत विश्वगुरु बनने की राह पर मजबूती से चल पड़ा है। इस मौके पर मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष किशोर कुमार मंडल, आजसू प्रखण्ड अध्यक्ष अजय कुमार मंडल,संतोष कुमार महतो,मधुसूदन प्रसाद,डोमन गुप्ता, सुनील कुमार वर्मा,निर्मल कुमार, धानेश्वर यादव,गौतम भारती, हरि यादव, राजेश सोनी,जीवन सोनी, रंजीत गुप्ता, दीपू अकेला,शेख मेराज, अंजू देवी ,सीमा देवी, गायत्री देवी,पूनम मिश्रा,मुन्नी देवी,दीपक कुमार रजक,कन्हाई यादव,नीतीश कुमार बर्णवाल,कुन्दन शर्मा,संदीप कुमार कसेरा,तुलसी महतो,सतीश कुमार पटेल,डब्लू सोनी,अशोक कुमार मंडल,सुखदेव मंडल,संजय कुमार कसेरा,जयनाथ साव,लखन प्रसाद,विनोद सिंह,बिनोद कुमार सिंह,बिनोद गुप्ता,राजेश साव,मोहन कुमार हांसदा,शिबू सोरेन,सुरेश राम,संजय कुमार( बबलू साव), दीपक राणा, गौतम वर्मा,डॉ. ए जब्बार,प्रकाश रजवार समेत सैकड़ो की संख्या में भाजपा, आजसू कार्यकताओं के अन्य लोग शामिल थे।

## शिव शक्ति जागरण के टीम ने रात भर झुमाया भक्तों को



**दबंग हिन्द,दारू।** दारू प्रखंड के रामदेव खरिका मंदिर प्रांगण में चैती दुर्गा पूजा के शुभ अवसर पर शनिवार की रात्रि जागरण का आयोजन किया गया था। इस मौके पर हजारीबाग से आई जागरण की टीम ने भक्तों को एक से बढ़कर एक भजन सुनाया। वहीं पूरा क्षेत्र भक्ति मय का माहौल बन गया बच्चे, बच्चियां नव युवक सभी थिरकते नजर आए। जागरण कार्यक्रम खत्म होने के बाद रामदेव खरिका पूजा समिति की ओर से टीम में आए सभी कलाकारों को भगवा गमछा देकर सम्मानित किया। इस मौके पर कामेश्वर नारायण कुशवाहा, गिरधारी प्रसाद, संदीप कुमार, सुनील कुमार, दीपक कुमार संजय कुमार, राजू राणा, रंजीत कुमार उपस्थित थे।

## शांतिपूर्ण संपन्न डॉ0 बी0 आर0 अंबेडकर ज्ञान प्रतियोगिता परीक्षा



दबंग हिन्द,संवाददाता

**विष्णुगढ़।** स्ट्रेमैक्स फाउंडेशन हजारीबाग के सौजन्य के नेतृत्व में बाबा साहेब अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष में 14 अप्रैल 2024 को डॉ० बी० आर० अंबेडकर ज्ञान प्रतियोगिता परीक्षा कदाचार मुक्त ली गई। जिसमे विष्णुगढ़ प्रखंड में कक्षा तीन से इंटरमीडिएट तक के लगभग 215 परीक्षार्थी शामिल हुए। परीक्षा में सम्मिलित हुए सभी परीक्षार्थी उत्साहित नजर आए। इस परीक्षा के लिए एंबिशन पब्लिक स्कूल को परीक्षा केंद्र बनाया गया था। इस परीक्षा के सफल आयोजन हेतु परीक्षा केंद्र में केंद्राधीक्षक, परीक्षा नियंत्रक, शाखा पदाधिकारि और वीक्षकों की नियुक्ति की गई थी। परीक्षा केंद्र एंबिशन पब्लिक स्कूल के लिए उमेश कुमार को केंद्राधीक्षक बनाया गया था। डॉ० बी आर अंबेडकर ज्ञान प्रतियोगिता एससीपीएल ब्लॉक मैनेजर उमेश कुमार ने बताया की इस परीक्षा में कक्षा समूह वार प्रथम, द्वितीय, तृतीय और टॉप टेन आने वाले छात्र-छात्राओं को स्ट्रेमैक्स फाउंडेशन के तत्वाधान में प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित कर छात्रवृत्ति, लैपटॉप, टैब, एंड्राइड मोबाइल , डिजिटल वॉच, बैग, मेडल, ट्रॉफी और प्रशस्ति पत्र इत्यादि देकर सम्मानित किया जाएगा। इस प्रतियोगिता परीक्षा का रिजल्ट 22 अप्रैल 2024 को प्रकाशित किया जाएगा। और 28 अप्रैल 2024 को पुरस्कार वितरण समारोह आयोजन किया जाएगा। इस परीक्षा के सफल आयोजन हेतु एंबिशन पब्लिक स्कूल के संचालक विवेक कुमार, परीक्षा नियंत्रक राजेश कुमार मंडल,सुशांत कुमार पाठक, सुष्मिता प्रिया,राजेश रजक, रोहित वर्मा,बसंत कुमार, दीपक कुमार वर्मा, रूपाली देवी,रोशन कुमार, प्रिया दुबे,उषा देवी,रीता देवी,कोमल कुमारी,लक्ष्मी कुमारी, बादल कुमार के अलावा सैकड़ो की संख्या में विद्यार्थी और उनके अभिभावक उपस्थित थे।

## हर घर , हर गांव हर्षोल्लास के साथ मनाएं श्री रामोत्सव: वरुण कुमार




दबंग हिन्द,संवाददाता

**विष्णुगढ़।** विष्णुगढ़ विश्व हिन्दू परिषद एवं बजरंगदल, मातृशक्ति प्रखंड इकाई द्वारा शनिवार को विभिन्न पंचायतों में श्री रामोत्स्व मानने को लेकर प्रभु श्री राम नाम की जय घोस के साथ विभिन्न पंचायतों का भ्रमण किए। पंचायतों के विहिप एवं बजरंगदल कार्यकताओं में श्री रामोत्सव मनाने को लेकर काफी उत्साह देखनें को मिला। जिला विशेष संपर्क प्रमुख नरेंद्र कुमार ने कहा कि प्रभु श्री राम अयोध्या मन्दिर में विराजमान के पश्चात पहली बार रामनवमी पर्व मनाने का सौभाग्य मिला है। श्री रामोत्स्व सभी सनातनी हिन्दू अपने घर, गांव मोहल्लों में हर्षोल्लास के साथ भगवा ध्वज, दीपक जलाकर, रंगोली बनाकर श्री रामोत्सव मनाएं। जिला सह संयोजक वरुण कुमार ने रामनवमी पर्व की शुभकामनाएं देकर कहा कि मंगला जुलूस, शोभा यात्रा शांतिपूर्वक निकालें, श्री रामोत्स्व उत्साह के साथ स परिवार धूमधाम से मनाएं। विहिप एवं बजरंगदल प्रखंड इकाई के द्वारा बनासो, नवादा, खरकी, नेरकी गालहोबर, उच्चाघना, कुसुम्भा का भ्रमण किए। श्री रामोत्सव नगर भ्रमण कार्यक्रम में जिला सह संयोजक वरुण कुमार, गौ प्रखंड संयोजक प्रकाश राणा, अविनाश पांडेय, सुरेश कुमार, शंकर वर्णवाल, हेमलाल साव, शंभू साव, अनील कुमार, पवन कुमार, संजय महतो, श्याम सुंदर विश्वकर्मा, सुनील मंडल मनोज शर्मा समेत कई विहिप एवं बजरंगदल कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## बासंती दुर्गा पूजा के सौ वर्ष पूरे होने पर बालिका समिति निकालेगी शोभायात्रा



**विष्णुगढ़।** विष्णुगढ़ में पूर्वजों द्वारा स्थापित बासंती दुर्गा पूजा के 100 वर्ष पूरे होने पर लोगों में खुशी का माहौल है। इसे लेकर बासंती बालिका समिति के द्वारा स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से महासप्तमी को बालिकाओं का भव्य शोभायात्रा निकालने का निर्णय लिया गया है। समिति के प्रमुख वनी सिन्हा, करीना कुमारी, अंशु कुमारी, कृतिका कुमारी, सोनम कुमारी, ईशा कुमारी, सुहानी कुमारी, श्रेया कुमारी, साक्षी कुमारी एवं मिस्टी कुमारी कुमारी ने बताया कि पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण अभिभावक एवं बालिकाएं शामिल होंगी। हम सबों के लिए यह बहुत ही सौभाग्य की बात है कि पूर्वजों के द्वारा बनाया गया चैती दुर्गा मंदिर का 100 वर्ष पूरा हो गया है। इसलिए शोभायात्रा को हर्षोल्लास धूमधाम से निकालेंगे जो शांतिपूर्ण हो होगी। शोभायात्रा में मां दुर्गा की नौ स्वरूप में बालिकाएं सजी होगी। उन्होंने स्थानीय ग्रामीणों से सहयोग के साथ-साथ शोभायात्रा में शामिल होने की अपील किया है। उन्होंने बताया कि स्थानीय ग्रामीण तथा रामनवमी अखाड़े के द्वारा जगह-जगह पर बालिकाओं के लिए शरबत खीर की व्यवस्था की बात कही गई है।

## भाजपा प्रत्यासी मनीष जयसवाल का विष्णुगढ़ दौरा



**दबंग हिन्द,विष्णुगढ़।** हजारीबाग लोकसभा चुनाव के लिए राजग प्रत्यासी मनीष जयसवाल रविवार को करेंगे विष्णुगढ़ प्रखंड का दौरा। इस दौरान प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों के भ्रमण हेतु रूट चार्ट तैयार कर ली गई है। पूर्व निर्धारित एवं तैयार की गई रूट चार्ट के अनुसार मनीष जायसवाल का आगमन प्रातः 9:00 बजे से आठमिल चौक में होगा जहां से दौर का शुभारंभ करेंगे। अम्बेदकर चौक (माल्यार्पण) -9:30 ,नवाडीह- 10:00, बादीखरना -10:30,बेड़ा हरियारा -11:00, खरना- 11:30, महादेवबर- 12:00, भण्डेरी -12:30,बारा मिस्त्रीया ढाबा - 01:00, चलकरी खुर्द- 01:20, चुकचुको मोड़-01:40, गैड़ा (यज्ञ स्थल) -02:20, बुकना (बरगद पेड़.के पास)- 02:40, उपरैली बोटा 03:00 - भोजन, हेठली बोदरा - 03:45,गुण्डरो - 04:00, बकसपुरा स्कूल के पास - 04:30, नवादा शिव मंदिर- 05:00, बनासो पंचमंदिर - 05:20, नावाटांड (सामुदायिक भवन) - 05:40₹ बनासो चौक- 06:00, कुशुम्भा - 06:30,भुताही मुरुगाँव - 07:00, चंलगा - 07:20, हॉस्पिटल चौक - 07:40, आखाड़ा चौक - 08:10, बौलियागंज स्थित चैती दुर्गा मंदिर 08:30 में पहुंच कर माता के दर्शन के साथ दौरे का समापन करेंगे। दौरे को लेकर विष्णुगढ़ राजग के विष्णुगढ़ पश्चिमी एवम पूर्वी मंडल के कार्यकताओं द्वारा सारी तैयारी कर ली गई है।

## संविधान के निमार्ता डॉ.भीमराव आम्बेडकर की जयंती मनाई गयी

दबंग हिन्द,संवाददाता



**हजारीबाग।** जिला कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव के अध्यक्षता में डिस्ट्रिक बोर्ड चौक पर संविधान के निमार्ता डॉ. भीमराव आम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर और गगनभेदी नारो के साथ 133 वीं जयंती मनाई गयी। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव ने कहा की भारत रत्न भीमराव अंबेडकर जयंती सिर्फ एक महान नेता के जन्म को याद करने का दिन नहीं है। बल्कि उनके द्वारा समर्थित मूल्यों और भारतीय समाज पर उनके परिवर्तनकारी प्रभाव को मनाने का भी दिन है। डॉ. बी. आर. अंबेडकर का जीवन और कार्य भारत एवं दुनिया भर में लाखों लोगों को सामाजिक न्याय, समानता और मानवाधिकारों के लिए प्रयास करने के लिए प्रेरित करता रहता है। जैसा कि हम अंबेडकर स्मृति दिवस को मना रहें हैं। आइए हम उनके द्वारा समर्थित आदर्शों के लिए स्वयं को फिर से प्रतिबद्ध करें। और एक समावेशी एवं समानता पर आधारित भारत को उनके सपने को साकार करने की दिशा में कार्य करें। इस अवसर पर लोकसभा इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल ने कहा की अम्बेडकर उस प्रारूप समिति के अध्यक्ष थे। जिसने संविधान के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। संविधान का प्रारूप प्रस्तुत करने, उस पर उठे विभिन्न प्रश्नों के उत्तर देने तथा संविधान सभा के सुझावों के अनुसार आवश्यक परिवर्तन करने का कार्य डॉ. अम्बेडकर ने संभाला। इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष मनोज नारायण भगत, अशोक देव, प्रदेश महासचिव बिनोद कुशवाहा, बिनोद सिंह, लालबिहारी सिंह,सजिद हुसैन, जिला उपाध्यक्ष निसार खान, परवेज अहमद, रीतलाल मंडल, केडी सिंह, दिलीप रवि,मो मुस्ताक, मुंगेश्वर चौधरी, प्रदेश ओबीसी सचिव रेणु कुमारी, महिला जिला अध्यक्ष बेबी देवी, सुमित्रा देवी, साबिर अली, बिजय सिंह, अमृतेश रंजन, अनिल भुईया, सलीम रजा, ओमप्रकाश कुमार, कोमल राज, बाबर अंसारी, मो रब्बानी, भीम आर्मी के जिला अध्यक्ष कन्हैया कुमार, अनुसूचित जाति अधिकार मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष प्रकाश पासवान, खलील अंसारी, जयप्रकाश रविदास आदि सेकड़ो कॉंग्रेसजन उपस्थित रहे।

## बरकट्ठा में धुमधाम से मना बाबा साहब की 133वीं जयंती

दबंग हिन्द,संवाददाता



**बरकट्ठा।** प्रखंड के अलग-अलग क्षेत्रों में रविवार को भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर की १३३वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। पहला कार्यक्रम बरकट्ठा अडवार स्थित स्टेडियम में अंबेडकर युवा वाहिनी के तत्वाधान में भव्य तरीके से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर उपस्थित मुख्य अतिथि बगोदर विधायक विनोद सिंह, पूर्व विधायक बरकट्ठा जानकी प्रसाद यादव , जिप सदस्य प्रेरणा प्रिया स्थानीय मुखिया अब्बास अंसारी, कांग्रेस ओबीसी प्रकोष्ठ महासचिव डा. प्रकाश कुमार, पूर्व मुखिया संघ के अध्यक्ष बसंत साव, बीस सूत्री अध्यक्ष प्रदीप कुमार मंडल, जिप प्रतिनिधि सीके पाण्डेय, भाकपा माले विधानसभा प्रत्याशी भुवनेश्वर केवट, भीम आर्मी प्रखंड अध्यक्ष प्रमोद रविदास, पंसस प्रतिनिधि समीम अंसारी, भाकपा माले प्रखंड सचिव शेर मोहम्मद, चीतों दास व महेश मांझी ने संयुक्त रूप से बाबा साहब अंबेडकर की छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कि गई। मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए बतौर मुख्य अतिथि पधारे विनोद सिंह ने कहा कि बाबा साहब अंबेडकर कोई सामान्य मनुष्य नहीं बल्कि एक ऐसी विभूति थे। जिन्होंने भारत को विश्व का सबसे विशाल संविधान दिए। जिसे सुरक्षित रखना और बाबा साहब के बताये मार्गों पर चलना ही बाबा साहब के लिए सच्ची जयंती होगी। वहीं लोगों को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव ने कहा कि महामानव बाबा साहब ने दलितों, शोषितों और पीड़ितों को अपने हक अधिकार और समानता दिलाने के लिए अपना पूरा जीवन सर्वस्व न्योछावर कर दिए। और अंततः भारत को एक विशाल और मजबूत संविधान दिए। जिसमें दलितों शोषितों और पीड़ितों को समानता का अधिकार एवं कई मौलिक अधिकार मिले हैं। जिससे दलितों की आर्थिक और सामाजिक जीवन शैली में थोड़ा बहुत सुधार हुआ। वहीं कार्यक्रम के बाद गाजे-बाजे के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। बाबा साहब की जयंती सकरेज बेडोकला तुईयो, गंगपाचो, बरकनगांगो समेत प्रखंड के दर्जनों चौक चौराहों एवं गली मुहल्लों में मनाई गई। मौके पर भीम आर्मी जिला सचिव बच्चनदेव कुमार, भुवनेश्वर दास मनोज दास मनमोहन दास विकास दास अर्जुन तुरी विश्वनाथ दास प्रकाश दास लक्ष्मण तुरी श्यामसुंदर दास आरती देवी महादेव दास संदीप दास समेत सैकड़ों महिलाएं, बच्चे, युवा व बुद्ध जीवी वर्ग के लोग उपस्थित हुए।

## रामनवमी जुलूस को लेकर चोपदार बलिया मे शांति समिति की बैठक आयोजित



**दबंग हिन्द,बड़कागांव।** रामनवमी महापर्व एवं शांतिपूर्ण जुलूस को लेकर चोपदार बलिया पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि चंदन कुमार पुरी ने चोपदार बलिया मदरसा प्रांगण में मुस्लिम समुदाय के बीच शांति समिति की बैठक की। बैठक में जुलूस शांतिपूर्वक संपन्न हो इसके लिए उपस्थित लोगों ने विचार विमर्श किया गया। जुलूस शांतिपूर्ण निकल जाए इस पर विशेष चर्चा की गई। मुखिया प्रतिनिधि चंदन कुमार पुरी ने मुस्लिम समुदाय से आग्रह किया कि जुलूस आपसी सौहार्द के साथ मिलजुल कर जुलूस को निकालने मे सहयोग करें। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि चंदन कुमार पुरी,पूर्व पंचायत समिति सदस्य अली राजा,मो. फारूक,छोटे खान, मो.संजर हुसैन ,कलू मियां, मो.मोहेबुला, मो.साजिद सहित अन्य लोग उपस्थित थें।



## एयर फोर्स ऑफिसर का रोल निभाएंगे अक्षय, सारा-निम्रत भी आएंगी नजर

**अक्षय कुमार की फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' हाल ही में रिलीज हुई है। अब सुनने में आया है कि एक्टर जल्द ही वीर पहाड़िया की डेब्यू फिल्म 'स्काई फोर्स' की शूटिंग पर जुटेंगे। फिल्म में वीर एयर फोर्स ऑफिसर के रोल में होंगे। वहीं अक्षय इसमें एक एक्स्टेंडेड कैमियो रोल प्ले करेंगे। वो फिल्म में वीर के कोच के रोल में नजर आएंगे।**





रिपोर्ट्स की मानें तो फिल्म के 10 दिन के शूट के लिए अक्षय मेकर्स से 50 करोड़ रुपए चार्ज कर रहे हैं। इस फिल्म की कहानी 1965 में हुए भारत-पाकिस्तान युद्ध के इर्द-गिर्द बुनी गई है। मेकर्स का दावा है कि तब इंडिया ने पाकिस्तान पर पहली एयर स्ट्राइक की थी। फिल्म में अक्षय और वीर के अलावा सारा अली खान और निम्रत कौर भी नजर आएंगी। फिल्म इस साल 2 अक्टूबर को रिलीज हो सकती है। मेकर्स ने पिछले साल 2 अक्टूबर को गांधी-शास्त्री जयंती पर इस फिल्म का टीजर शेयर किया था।



## प्रियामणि ने की महिला प्रधान फिल्मों पर बात

**अभिनेत्री प्रियामणि बॉलीवुड में खूब सुर्खियां बटोर रही हैं। शाहरुख खान की ब्लॉकबस्टर फिल्म जवान में अभिनय करने के बाद वह इस साल की शुरुआत में आर्टिकल 370 में अभिनय करती हुई नजर आईं। इन दिनों अभिनेत्री अजय देवगन के साथ फिल्म मैदान में दिखाई दे रही हैं। हाल ही में एक बातचीत में अभिनेत्री ने अपनी फिल्मों की सफलता और महिला केंद्रित फिल्मों को लेकर बात की है। इसके साथ ही उन्होंने भी अपनी राय साझा कि क्या भारतीय सिनेमा अभी भी पुरुष प्रधान है।**

प्रियामणि ने सफलता से निपटने के बारे में बात करते हुए कहा, मैंने अभी तक सफलता से नहीं निपटी हूं। मेरी पिछली फिल्में जिस तरह से बनी हैं और हमें जो प्रतिक्रिया और प्यार मिला है, मैं उससे बेहद खुश हूं। बॉक्स ऑफिस नंबर मेरे लिए ज्यादा मायने नहीं रखते, कहीं न कहीं अगर कोई फिल्म अच्छा प्रदर्शन नहीं करती है, तो यह मायने रखता है। मगर बाकी सभी लोग अगर खुश हैं तो यह मेरे लिए मायने रखता है।

इसके साथ ही इंडस्ट्री से मान्यता प्राप्त करने के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, मुझे नहीं लगता कि अगर कोई फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अच्छी कमाई कर रही है, तो मुझे उस वैधता की आवश्यकता है। फिर चाहे फिल्म ने 100 करोड़ रुपये कमाए हों। मैं जिस स्थान पर अभी हूं, उसे लिए मुझे इसकी आवश्यकता नहीं है। मेरा काम मेरे लिए बोलता है। साथ ही लोगों का प्यार ही मेरे लिए मान्यता है।

अभिनेत्री ने महिला-केंद्रित फिल्मों पर बात करते हुए कहा, मैंने कई महिला-केंद्रित फिल्में भी की हैं, जो कि पुरुषों द्वारा निर्देशित थीं। पुरुष-प्रधान इंडस्ट्री में बहुत कम महिला-केंद्रित फिल्मों ने अच्छा प्रदर्शन किया है। अगर आप साउथ की फिल्में गिनें, तो भी आप कुछ चुन सकते हैं। अब बहुत सारे सिनेमा आ रहे हैं, जहां महिलाएं पूरी फिल्म अपने कंधों पर ले रही हैं। प्रियामणि ने कहा, साउथ की भी कई फिल्मों में अभिनेत्रियां आगे रहती हैं। नयनतारा इसका सबसे अच्छा उदाहरण हैं। उन्होंने अपने करियर को इतनी खूबसूरती से बैलेंस किया है। वह महिला-केंद्रित फिल्में कर रही हैं, जो अच्छा प्रदर्शन भी कर रही हैं। उन्होंने जवान जैसी फिल्म की, जिसने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया। फिल्म में उन्हें उतनी ही अहमियत दी गई जितनी शाहरुख खान को दी गई।



## अपने काम पर लगाना चाहती हूं पूरा ध्यान

अभिनेत्री नोरा फतेही अक्सर अपने डांस और लुक की वजह से चर्चा में बनी रहती हैं। लोग उनके डांस को खूब पसंद करते हैं। नोरा फतेही एक बार फिर से सुर्खियों में हैं। उन्होंने फिल्म उद्योग में अपने साथ हुए बुरे व्यवहार को लेकर बात की है। इसे जानकार उनके प्रशंसकों को धक्का लगा है। इसके साथ ही नोरा ने भारतीय पुरुषों के व्यवहार पर भी प्रकाश डाला है। आइए जानते हैं कि अभिनेत्री ने क्या कहा है।

नोरा फतेही ने डेटिंग के मामले में भारतीय पुरुषों के प्रति विदेशियों के नजरिए पर चर्चा की। हाल ही में, एक चैट शो में अभिनेत्री ने टिप्पणी की कि भारतीय पुरुष कुछ पहलुओं में मध्य पूर्वी और अफ्रीकी पुरुषों से मिलते जुलते हैं। अगर कोई यूरोप से है तो उसका नजरिया अलग होगा। नोरा ने भारतीय पुरुषों पर बात करते हुए कहा, आप लोग बिल्कुल मध्य पूर्वी और अफ्रीकी लोगों की तरह हैं। ईमानदारी से कहूं तो सच में कोई अंतर नहीं है।

**भारतीय पुरुषों पर बोलीं नोरा**

उन्होंने कहा,, मुझे लगता है कि जहां तक मेरे पिछले रिश्ते का सवाल है। वह एक प्यारी लड़की है और वह अपने लिए हर रूप से अच्छा कर रही है। वह एक स्टार बन रही है और अपने पूरे मन के साथ काम रही है, जिसे दर्शकों द्वारा स्वीकार किया जा रहा है और वह आगे बढ़ रही है। मुझे लगता है कि यही महत्वपूर्ण है और मैं उसे शुभकामनाएं देती हूं और उसे अपना काम जारी रखने की सलाह भी देती हूं।

### इस प्रोजेक्ट में आएंगी नजर

बता दें कि नोरा को हाल ही में मडगांव एक्सप्रेस में देखा गया था, जो कुणाल खेमू द्वारा निर्देशित और फरहान अख्तर और रितेश सिधवानी द्वारा निर्मित थी । दिव्येंदु, प्रतीक गांधी और अविनाश तिवारी की मुख्य भूमिका वाली यह कॉमेडी 22 मार्च को देशभर के सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। वर्कफ्रंट की बात करें तो नोरा फतेही आगामी प्रोजेक्ट बी हैप्पी में भी नजर आने वाली हैं।



## अनुपम खेर की फिल्म तन्वी द ग्रेट के लिए कोरियोग्राफी करेंगी कृति महेश

घूमर, ढोलीडा और गर्मी जैसे गानों को कोरियोग्राफ करने वाली राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता कृति महेश अनुपम खेर द्वारा निर्देशित फिल्म तन्वी द ग्रेट में कोरियोग्राफी करेंगी। अनुपम खेर ने इंस्टाग्राम पर इसकी घोषणा करते हुए कृति के बगल में पोज देते हुए एक फोटो शेयर की। उन्होंने लिखा, यह बताते हुए खुशी हो रही है कि राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता कोरियोग्राफर कृति महेश मेरी निर्देशित फिल्म तन्वी द ग्रेट के गानों की कोरियोग्राफी कर रही हैं। कोरियोग्राफर की प्रशंसा करते हुए अनुपम ने कहा, वह अपनी संवेदनशीलता, कल्पनाशीलता और निश्चित रूप से अपनी प्रतिभा के साथ स्क्रीन पर जादू पैदा करती हैं। तन्वी द ग्रेट का हिस्सा बनने के लिए कृति को धन्यवाद। अनुपम द्वारा निर्देशित इस फिल्म में ऑस्कर विजेता संगीत निर्देशक एम.एम. कीरावनी और जापानी डीओपी केइको नकाहारा भी हैं। अपना आभार व्यक्त करते हुए कृति ने कहा, तन्वी द ग्रेट मेरे दिल में एक विशेष स्थान रखती है। मुझ पर विश्वास करने के लिए मैं अनुपम खेर की आभारी हूं। हम साथ मिलकर दर्शकों के लिए एक यादगार फिल्म देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। अपने 69वें जन्मदिन पर राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता अभिनेता ने अपनी अगली निर्देशित फिल्म तन्वी द ग्रेट की घोषणा की, जिससे 22 साल बाद निर्देशक की कुर्सी पर उनकी वापसी हुई। अनुपम ने 2002 में अनिल कपूर, फरदीन खान और अभिषेक बच्चन अभिनीत फिल्म ओम जय जगदीश से निर्देशन की शुरुआत की थी।



## चंदू चैंपियन में कार्तिक ने निभाई अब तक की सबसे कठिन भूमिका

बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन इन दिनों बैक टू बैक हिट फिल्मों पर काम कर रहे हैं। अभिनेता इन दिनों अपनी फिल्म भूल भुलैया 3 की शूटिंग में बिजी चल रहे हैं। वहीं, उनकी फिल्म चंदू चैंपियन भी जल्द सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है। हाल ही में कार्तिक ने इस फिल्म को लेकर बातचीत की है। उन्होंने कहा कि उनकी ये फिल्म उनके करियर की अब तक की सबसे कठिन फिल्मों में से एक है। कार्तिक आर्यन ने नो फिल्टर नेहा सीजन 6 में अपनी आने वाली फिल्म चंदू चैंपियन के बारे में बात की। नेहा के शो का छठा सीजन दर्शकों का ध्यान अपनी ओर खींच रहा है। इस बार नेहा के मेहमान कार्तिक आर्यन बने हैं। इस दौरान अभिनेता ने खुलासा किया कि चंदू चैपियन उनकी अब तक की सबसे कठिन भूमिकाओं में से एक है। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि चंदू चैंपियन अब तक की सबसे कठिन फिल्मों में से एक है, क्योंकि इसमें बहुत सारी चाइनीज है। यह सिर्फ मुरलीकांत पेटकर जी की यात्रा नहीं है, ये उनकी जिंदगी पर आधारित फिल्म है। उन्होंने भारत के लिए पैरालिंपिक में स्वर्ण पदक जीता था। उनकी यात्रा किसी भी यात्रा से अलग है। मुझे जब पहली बार फिल्म सुनाई गई थी मुझे यकीन नहीं हुआ था कि ये किसी की सच्ची कहानी हो सकती है।

## प्रियंका चोपड़ा ने मंकी मैन के लिए देव पटेल की सराहना की

अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा ने मंकी मैन के साथ निर्देशक के रूप में अपनी प्रभावशाली शुरुआत के लिए भारतीय मूल के ब्रिटिश अभिनेता-फिल्म निर्माता देव पटेल की प्रशंसा की है। प्रियंका ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर पटेल और फिल्म के कलाकारों को धन्यवाद दिया, जिसमें सिकंदर खेर और शोभिता धूलिपाला भी शामिल हैं। अभिनेत्री ने लिखा - ब्रावो देव पटेल क्या प्रभावशाली शुरुआत है! प्रियंका ने शोभिता धूलिपाला, सिकंदर खेर और निर्माता जॉर्डन पील को भी टैग किया। फिल्म में शार्ल्टो कोपले, मकरंद देशपांडे, अश्विनी कालसेकर और अन्य भी हैं। देव पटेल की एक्शन थ्रिलर एक युवक की यात्रा पर आधारित है, जो भ्रष्ट नेताओं के कारण हुई अपनी मां की मौत के लिए न्याय मांगने के मिशन पर निकलता है। मंकी मैन भारत में 19 अप्रैल को रिलीज़ होने वाली थी, लेकिन अब इसकी रिलीज़ अनिश्चित काल के लिए टाल दी गई है। जहां तक प्रियंका की बात है तो वह फिलहाल अपनी आने वाली फिल्म हेड्स ऑफ स्टेट की शूटिंग में व्यस्त हैं।





## अपकमिंग फिल्म रुस्लान पर बोले आयुष शर्मा

**अपने छह साल के करियर में आयुष शर्मा तीसरी फिल्म 'रुस्लान' लेकर आ रहे हैं। इससे पहले उन्होंने लवयात्री' और 'अंतिम' की है। अपकमिंग फिल्म में आयुष रुस्लान का रोल निभा रहे हैं और उनके अपोजिट सुश्री श्रेया मिश्रा हैं। आयुष के पिता के रोल में साउथ एक्टर जगपति बाबू और अन्य प्रमुख भूमिकाओं में विद्या मालवदे, मनीष गहरवार व गेस्ट अपीरियंस में सुनील शेट्टी भी हैं। ये फिल्म 26 अप्रैल को सिनेमाघर में रिलीज होने जा रही है। आयुष शर्मा ने खास बातचीत की।**

**65 दिन के शूटिंग शेड्यूल को पूरा करने में दो साल लगे**

फिल्म को हैदराबाद, मुंबई और आज़रबाइजान में शूट किया गया। हैदराबाद में 10 दिन, अजरबैजान में 20 और बाकी शूटिंग मुंबई में कंप्लीट हुई। इस फिल्म को शूट करने में टेक्निकली 65 दिन लगे, पर इसे दो साल से ब्रेक ले-लेकर प्लानिंग के साथ शूट कर रहे हैं। एक्शन सीक्वेंसेस काफी बड़े थे, इसलिए शूटिंग प्लानिंग करने में काफी समय जाता था। हमें दो बार अजरबैजान जाना पड़ा।

**डिफरेंट टाइप एक्शन देखने को मिलेगा**

इस एक्शन सीक्वेंस शूट करने का सबसे चैलेंजिंग बात ठंड रही। अजरबैजान में पहाड़ के ऊपर शूट करना था। ठंड के साथ-साथ पहाड़ के ऊपर हवा चलती थी, जो कंपा देने वाली होती थी। वहां कभी -4 डिग्री तो कभी -6 डिग्री तापमान में शूट किया। हमारा आइडिया बर्फ में शूट करना था, पर उस दिन बर्फ नहीं, बल्कि बहुत ठंड मौसम था। ठंड में एक्शन करना और एक समय सात-आठ लोगों को मारना बड़ा चैलेंजिग रहा। टेलर में जो एक्शन सीक्वेंस दिखाई देख रहे हैं, वह मात्र एक पार्ट है। इसके आगे-पीछे और बड़ा एक्शन सीक्वेंस है। इस बारे में कभी सोचा ही नहीं था कि यह सीन कर सकूंगा, क्योंकि इसमें कोई कट और कैमरा ट्रिक नहीं अपनाई गई है। इसके साथ ही यह रॉ लोग हैं, जो एक्शन के दौरान पंच और लात-घूसे खा रहे हैं और गिर पड़ रहे हैं। मेरे लिए यह सबसे ज्यादा यादगार मूवमेंट रहा। फिल्म में कोरियन एक्शन के साथ-साथ नाइफ फाइट, गन फाइट, मुक्केबाजी आदि डिफरेंट टाइप के एक्शन सीक्वेंस देखने को मिलेगा।

**छह किलो वजन कम करने के लिए दिए गए थे मात्र 18 दिन**

मेरे लिए सबसे इंपोर्टेंट बात बॉडी चेंज करना रहा। 'अंतिम' में मैंने बॉडी बहुत बड़ी की थी, जबकि 'रुस्लान' में एक यंग लड़के के रोल में दिख रहा हूं, जो म्यूजिशियन भी है। इसके लिए खुद को पतला करना था और साथ ही साथ बॉडी बनाई थी। देखेंगे तो 'अंतिम' में काफी रॉ एक्शन था। उसमें मारधाड़ ज्यादा थी, जबकि इसमें स्टाइलिश एक्शन बहुत ज्यादा है, क्योंकि मेरा किरदार ट्रेंड है, इसलिए सही टाइम पर गन पकड़ना और सही टाइम पर उसे लैंड करना है। इसके लिए फाइटिंग की स्टाइल को पूरी तरह री-इगनाइट करना पड़ा। उसमें टाइम लगा। लेकिन इसकी तैयारी और फिल्माने आदि में बहुत मजा आया। 'अंतिम' में मेरी जो बॉडी थी, उससे छह किलो वजन कम करना था और इसके लिए सिर्फ 18 दिन दिए गए थे।18 दिन में सब किया। दिन में दो बार कार्डियो करता था। फिर वर्कआउट करता था। दिन में सिर्फ 6 बॉयल अंडे और ब्रोकली ही खाता था।

**फिल्म का क्लाइमैक्स सीन फिल्माने में पांच दिन लगे**

फिल्म का क्लाइमैक्स सीन फिल्माने में पांच दिन लगे। फिल्म में यह क्लाइमेक्स सीक्वेंस 15 मिनट का होगा। देखेंगे तो यह सिर्फ एक्शन फिल्म नहीं है, बल्कि इमोशन से भरी एक्शन फिल्म है। इसमें मारधाड़ इसलिए नहीं हो रहा है कि हमें एक्शन दिखाना है। सबसे इंपॉर्टेंट रुस्लान नामक लड़के की कहानी है, जो गिटार बजाने वाला इंसान लायन बनता है।

**एक्शन-रोमांस के साथ-साथ कॉमेडी और फैमिला ड्रामा करना चाहूंगा**

मैं काफी खुश हूं कि यह मौका मिला है। यह अवसर मिला है, इसलिए कहीं न कहीं इसके लिए एक्साइटेड भी हूं। इस ऑपर्च्युनिटी के साथ-साथ और भी चैलेंजिंग काम करना चाहता हूं। मैं एक्शन, रोमांस जोनर करने के साथ-साथ कॉमेडी, फैमिली ड्रामा आदि जोनर की फिल्में करना चाहता हूं। एक बार फिर से गैंगस्टर बनना चाहता हूं। आई थिंक, अभी तो मेरी शुरुआत है। मेरे दिल को जो भी कहानी छुएगी, उसे करना चाहूंगा।

**'रुस्लान' के बाद अगली फिल्म कब तक आ सकती है**

कोशिश कर रहा हूं कि अब थोड़ा जल्दी स्पीड पकड़ूं। मेरी कुछ ऐसी डेस्टिनी रही है कि जिन फिल्मों में काम किया है, वे मेरे लिए कुछ नई थीं, इसलिए उन्हें बनाने, एडिट करने में समय लग गया। अब कोशिश कर रहा हूं कि कुछ ऐसी फिल्में चूज करूं, जिसे जल्दी शूट कर सकूं ताकि जल्द ही बाहर निकाल सकूं। एक्शन फिल्म बहुत टाइम लगाती हैं। मैं भी चाहता हूं कि एक साल में कई पिक्चरें लेकर आऊं। मेरी पाइप लाइन में कुछ पिक्चरें हैं, जिनके बारे में जानकारी जल्द साझा करूंगा।

# आईपीएल 2024: आरसीबी और सनराइजर्स का मुकाबला आज

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) सोमवार को यहां आईपीएल मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद से खेलेगी। आरसीबी की टीम का प्रदर्शन इस सत्र में बेहद खराब रहा है और वह केवल एक मैच ही जीत पायी है। इससे टीम अंक तालिका में अंतिम स्थान पर है। ऐसे में उसका लक्ष्य घरेलू मैदान पर इस मैच में जीत दर्ज कर अपनी लय हासिल करना रहेगा। टीम की विफलता का कारण बल्लेबाजी और गेंदबाजी में कमजोर प्रदर्शन रहा है। बल्लेबाजी के दौरान अब तक केवल विराट कोहली ही रन बना पाये हैं जबकि अन्य बल्लेबाज नाकाम रहे हैं। वहीं गेंदबाजी भी प्रभावहीन रही है। वहीं दूसरी ओर सनराइजर्स का प्रदर्शन उसके मुकाबले कहीं अच्छा रहा है और वह इस मैच में जीत की प्रबल दावेदार मानी जा रही है। सनराइजर्स ने अब तक 5 में से 3 मैच जीते हैं। सनराइजर्स पिछले 2 मैच जीती है जिससे उसका मनोबल बढ़ा हुआ है। उसने इस सत्र में आईपीएल का सबसे बड़ स्कोर भी बनाया है। ऐस में बेंगलुरु की एम चिन्नास्वामी स्टेडियम की बल्लेबाजी के लिए अनुकूल पिच पर उसे रोकना आरसीबी के लिए बेहद कठिन रहेगा। इस मैदान पर गेंदबाजों को खासा संघर्ष करना पड़ता है। गेंद बल्ले पर आसानी से आती है वहीं मैदान भी काफी छोटा है, जिसके कारण जमकर चौके और छक्के लगते हैं। स्पिनर्स को हालांकि यहां कुछ सहायता मिलती है। जिसका लाभ दोनो ही टीमों के स्पिनर उठाना चाहेंगे। इस पिच पर पहले बल्लेबाजी करते हुए 200 रन का टारगेट भी जीत के लिए पर्याप्त नहीं होता।

आईपीएल के इतिहास में इस मैदान पर अब तक कुल 91 मैच खेले गए हैं, जिसमें से पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम ने 38 जबकि दूसरी बार बल्लेबाजी करने वाली टीम ने 49 में जीत दर्ज की है। ऐसे में आरसीबी को इस मैच में जीत दर्ज करनी है तो विराट के अलावा उसके कप्तान फाफ डु प्लेसी और अन्य




बल्लेबाजों को भी रन बनाने होंगे। वहीं सनराइजर्स के पास ट्रेविस हेड, हेनरिक क्लासेन जैसे बल्लेबाज हैं जो किसी भी गेंदबाजी आक्रमण को ध्वस्त कर सकते हैं।

### टीम

**सनराइजर्स हैदराबाद**ः जयदेव उनादकट, जे सुब्रमण्यन, टी नटराजन, मयंक मारकंडे, भुवनेश्वर कुमार, फजलहक फारूकी, पैट कमिंस (कप्तान), वाशिंगटन सुंदर, शाहबाज अहमद, सनवीर सिंह, ग्लेन फिलिप्स, नितीश रेड्डी, मार्को यानसेन, अभिषेक शर्मा, उपेंद्र यादव, राहुल त्रिपाठी, ऐडन मार्कराम, हेनरिक क्लासेन, ट्रेविस हेड, अनमोलप्रीत सिंह, मयंक अग्रवाल, अब्दुल समद, आकाश महाराज सिंह, वानिंदु हसरंगा और उमरान मलिक।

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु**ः फाफ डु प्लेसी (कप्तान), ग्लेन मैक्सवेल, विराट कोहली, रजत पाटीदार, अनुज रावत, दिनेश कार्तिक, सुयश प्रभुदेसाई, विल जैक्स, महिपाल लोमरोर, कर्ण शर्मा, मनोज भंडागे, मयंक डागर, विजयकुमार विशक, आकाश दीप। मोहम्मद सिराज, रीस टॉपले, हिमांशु शर्मा, राजन कुमार, कैमरून ग्रीन, अल्ज़ारी जोसेफ, यश दयाल, टॉम कुरेन, लॉकी फर्ग्यूसन, स्वप्निल सिंह, सौरव चौहान।

# लगातार अच्छा खेलने का दबाव है, टी20 विश्व कप पर ट्रेविस हेड की नजरें



**बेंगलुरु (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के ट्रेविस हेड ने 2023 में शानदार प्रदर्शन किया लेकिन उन्हें पता है कि यह स्तर बनाए रखना चुनौतीपूर्ण है और इस सफर का पहला पड़ाव टी20 विश्व कप होगा। हेड ने विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल और 50 ओवरों के विश्व कप में शतक जमाए थे। अब वह इंडियन प्रीमियर लीग के जरिए जून में अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टी20 विश्व कप की तैयारी पुख्ता करना चाहते हैं।

हेड ने कहा, 'एक खिलाड़ी के तौर पर मैने लंबा सफर तय किया है। मेरी अपनी शैली है और विदेश में भी उसी तरह खेलता हूं। अब लगातार अच्छा खेलने का दबाव है।' उन्होंने कहा, 'सभी प्रारूपों में यह मैं सुनिश्चित करता हूं कि बेसिक चीजों पर अडिग रहूं। यही मेरी तकनीक और ब्लूप्रिंट है।' उन्होंने कहा, 'विश्व कप अब करीब है और उम्मीद है कि सनराइजर्स टीम में रहने और शीर्षक्रम पर खेलने से मेरी तैयारी पुख्ता होगी। इस लय को विश्व कप में लेकर जा सकूंगा।'

आईपीएल का पूरा सत्र खेलने से विश्व कप से पहले थकान या चोट का मसला हो सकता है। यह पूछने पर उन्होंने कहा, 'यह अहम है कि पूरे आईपीएल में मानसिक रूप से तरोताजा रहूं और अपने खेल पर काम करता रहूं। यह सुनिश्चित करूं कि विश्व कप के लिए पूरी तरह से तैयार हूं। मुझे ऐसा लग रहा है कि मैं तैयार हूं।'

# रोहित के लिए जान की बाजी लगा दूंगी- आईपीएल मेगा ऑक्शन पर बोलीं प्रिटी जिंटा

**मुम्बई (एजेंसी)।** मुल्लांपुर में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मुकाबले में पंजाब किंग्स को एक बार फिर से हार का सामना करना पड़ा। पंजाब ने सीजन में यह चौथा मुकाबला गंवाया जोकि आखिरी ओवर में उनके हाथ से निकल गया। फिलहाल शिखर धवन की कप्तानी भी पंजाब को रास आती नहीं दिख रही है। ऐसे में अगले साल होने वाली आईपीएल मेगा ऑक्शन को लेकर पंजाब किंग्स की सहमालकिन प्रिटी जिंटा का एक बयान चर्चा में आ गया है। प्रिटी ने साफ तौर पर रोहित शर्मा को अपनी टीम का कप्तान बनाने की इच्छा जाहिर की है।

प्रीति जिंटा ने 'चैंपियन कप्तान' रोहित शर्मा की सराहना की। उन्होंने एक इंटरव्यू में दावा किया कि अगर रोहित शर्मा मेगा नीलामी में उपलब्ध होंगे तो वह पंजाब किंग्स टीम में रोहित शर्मा को लाने के लिए ÷अपनी जान की बाजी÷ लगा देंगी। प्रिटी ने कहा कि उनकी टीम को एक ऐसे कप्तान की कमी खलती है जो खिलाड़ियों के बीच 'कुछ स्थिरता' और 'चैंपियन मानसिकता' ला सके। अगर रोहित शर्मा मेगा नीलामी में आते हैं तो मैं उन्हें पाने के लिए अपनी जान की बाजी लगा दूंगा। हमें अपनी टीम में केवल एक ऐसे कप्तान की कमी खल रही है जो कुछ स्थिरता और चैंपियन मानसिकता लेकर आता है।

खबर है कि रोहित शर्मा ने कथित तौर पर आईपीएल 2024 सीजन के बाद मुंबई इंडियंस फ्रेंचाइजी से अलग होने की इच्छा व्यक्त की है। अगर ऐसा हुआ तो वह मेगा ऑक्शन में आ सकते हैं। इस दौरान कुछ और टीमें भी उन्हें लेने का प्रयास कर सकती हैं। बहरहाल, पंजाब किंग्स फिलहाल 8वें स्थान पर चल रही है। पंजाब ने अब तक 6 मुकाबले खेले हैं जिसमें 2 में उन्हें जीत तो 4 में उन्हें हार का सामना करना पड़ा है। पंजाब इस सीजन में दिल्ली और गुजरात को हरा चुकी है। जबकि बेंगलुरु, लखनऊ, हैदराबाद और राजस्थान के खिलाफ उन्हें आखिरी ओवर में हार मिली थी।

# साल्ट की अर्धशतकीय पारी, कोलकाता ने लखनऊ को 8 विकेट से हराया

**कोलकाता (एजेंसी)।** फिलिप साल्ट की 47 गेंदों पर 14 चौकों और 3 छक्कों की मदद से 89 रन की पारी की बदौलत कोलकाता नाइट राइडर्स ने लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ 8 विकेट से जीत दर्ज की। निकोल्स पूरन (32 गेंद में 45 रन) और कप्तान लोकेश राहुल (27 गेंद में 39 रन) की उपयोगी पारियों से लखनऊ सुपरजायंट्स (एलएसजी) की टीम रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में लगातार विकेट गंवाने के बावजूद 7 विकेट पर 161 रन बनाए। इसके जवाब में केकेआर की ओपनिंग जोड़ी ने सधी शुरूआत की और विकेट्स को बचाते हुए साल्ट और श्रेयस अय्यर (38 गेंदों पर 6 चौकों की मदद से 38 रन) की बदौलत मैच को अपने नाम कर लिया। टीम ने मात्र दो विकेट गंवाए जिसमें सुनील नारायण (6) और अंगकृष रघुवंशी (7) के विकेट शामिल थे।

पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर क्विंटन डिकॉक ने मिचेल स्टार्क के



खिलाफ शुरुआती दो गेंदों में लगातार दो चौके लगाए जबकि कप्तान राहुल ने अरोड़ा की गेंद पर छक्का जड़ा। अरोड़ा ने हालांकि डिकॉक की आठ गेंद में 10 रन की पारी को खत्म कर दिया। क्रीज पर आए दीपक हुड्डा (आठ) प्रभावित करने में विफल रहे। स्टार्क की गेंद पर बैकवर्ड प्वाइंट पर रमनदीप सिंह ने उनका कमाल का कैच लपका। बडोनी ने छठे ओवर में हर्षित राणा के खिलाफ दो चौके लगा कर पिछले मैच से मिली लय को जारी रखा जिससे पावरप्ले में एलएसजी का स्कोर दो विकेट पर 49 रन हो गया।

केकेआर के गेंदबाजों ने इसके बाद कसी हुई गेंदबाजी कर राहुल और बडोनी को तेजी से रन बनाने का मौका नहीं दिया। राहुल ने 11वें ओवर में रसेल का स्वागत छक्के से किया लेकिन अगली गेंद को रमनदीप के हाथों में खेल गये। स्टोइनिस (10) ने क्रीज पर आते ही रसेल के खिलाफ दो चौके लगाये। बडोनी ने अगले ओवर में वरुण चक्रवर्ती की गेंद को दर्शकों के पास भेजा पर इस गेंदबाज की फिरकी में फंस कर स्टोइनिस विकेटकीपर फिल साल्ट के दस्तानों में गेंद दे बैठे।

पूरन ने चक्रवर्ती की फुलटॉस गेंद पर बड़ा छक्का लगाकर 14 ओवर में टीम के रनों का शतक पूरा करवाया। अगले ओवर में नारायण के खिलाफ बड़ा शॉट लगाने की कोशिश में बडोनी अंगकृष रघुवंशी को कैच दे बैठे। पूरन ने 17वें ओवर में हर्षित के खिलाफ छक्का जड़ने के बाद अरोड़ा की दो गेंदों को दर्शकों तक पहुंचाया। आखिरी ओवर में गेंदबाजी के लिए आये स्टार्क ने पूरन की आक्रामक पारी को खत्म करने के बाद अरशद खान (पांच) को बोल्ड किया। कृणाल पंड्या सात रन पर नाबाद रहे।

# अभी संन्यास का इरादा नहीं : रोहित

मुम्बई । मुम्बई इंडियंस टीम के सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा ने कहा है कि वह अभी संन्यास नहीं लेंगे और खेलते रहेंगे । 36 साल के रोहित ने कहा, मैं इस समय अच्छा खेल रहा हूं और मैं कुछ और वर्षों तक इसे जारी रखने के बारे में सोच रहा हूं । मैं इस बार टी20 विश्व कप जीतना चाहता हूं । साथ ही कहा कि 50 ओवर का विश्व कप ही वास्तविक विश्व कप है । हम 50 ओवर का विश्व कप खेल देखकर बड़े हुए हैं । अगले साल 2025 में लॉर्ड्स में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल होगा और उसमें भी हमें फाइनल में पहुंचने की उम्मीद है । उम्मीद है, हम वहां पहुंचेंगे । रोहित ने टीम का नेतृत्व करने के अपने कौशल से हार्दिक को भी सहायत की है । इसी कारण मुंबई इंडियंस की कप्तानी संभालने के बाद हार्दिक के नेतृत्व में टीम खराब शुरुआत से उबरने लगी है । पहले तीन मैचों में मिली हार के बाद टीम ने पिछले दो मुकाबले जीते हैं । इसके अलावा रोहित अपने मजाकिया अंदाज के लिए भी जाने जाते हैं । हाल ही में एक बार फिर इसका उदाहरण देखने को मिला जब रोहित अपनी आईपीएल टीम मुंबई की बस की ड्राइविंग टीम पर बैठे दिखे । इस दौरान रोहित ने लोगों को पीछे हटने के लिए भी कहा, जिसका एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर आया है ।



# आईपीएल 2024 : पंजाब किंग्स को लगा बड़ा झटका, धवन 7 से 10 दिन के लिए बाहर



मुल्लांपुर ः राजस्थान रॉयल्स से करीबी मुकाबला हारने के बाद पंजाब किंग्स के क्रिकेट विकास प्रमुख संजय बांगड़ ने संकेत दिया कि कप्तान शिखर धवन कंधे की चोट के कारण कम से कम सात से दस दिन बाहर रहेंगे । धवन रॉयल्स के खिलाफ भी नहीं खेल सके थे जिनकी जगह सैम कुरेन ने कप्तानी की थी । बांगड़ ने कहा, 'उसके कंधे में चोट लगी है और वह कुछ दिन और बाहर रहेगा । शिखर जैसा अनुभवी सलामी बल्लेबाज टीम के लिए बहुत जरूरी है ।' उन्होंने कहा, 'देखना होगा कि उपचार कैसा रहता है । इस समय तो लग रहा है कि वह कम से कम सात से दस दिन नहीं खेल सकेगा ।' सत्र की शुरूआत में कप्तानों की बैठक में पंजाब की नुमाइंदगी जितेश शर्मा ने की थी चूंकि धवन बुखार के कारण मुल्लांपुर में ही रह गए थे । इसे देखते हुए रॉयल्स के खिलाफ टॉस के लिये कुरेन का आना हैरानी भरा था लेकिन बांगड़ ने कहा कि उनकी भूमिका हमेशा से तय थी । उन्होंने कहा, 'सैम पिछले साल भी टीम की कप्तानी कर चुका है । वह ब्रिटेन से देर से आने वाला था और कुछ अभ्यास सत्र में भाग लेना चाहता था । यही वजह है कि बैठक में हमने उसकी बजाय जितेश को चेन्नई भेजा ।' धवन और जॉनी बेयरस्टो टीम को अच्छी शुरूआत नहीं दे सके हैं । धवन की जगह आए अथर्व तायडे भी कुछ नहीं कर सके ।

# मिचेल मार्श हैमस्ट्रिंग की चोट का इलाज कराने के लिए ऑस्ट्रेलिया वापस लौटे

**नयी दिल्ली (एजेंसी) ।** दिल्ली कैपिटल्स को हरफनमौला खिलाड़ी मिचेल मार्श के दाहिनी हैमस्ट्रिंग में चोट का इलाज कराने के लिए ऑस्ट्रेलिया लौटने से बड़ा झटका लगा है। ईएसपीएन क्रिकइन्फो के अनुसार मार्श को जून में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए ऑस्ट्रेलिया का कप्तान बनाया जाना तय है। उन्हें दिल्ली टीम प्रबंधन के साथ परामर्श के बाद वापस बुला लिया गया। मौजूदा सत्र में हालांकि उनकी उपलब्धता पर अंतिम निर्णय लिया जाना बाकी है। मार्श ने दिल्ली की टीम के लिए पिछला मैच कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ खेला था।




वह इसके बाद मुंबई इंडियंस और लखनऊ सुपरजायंट्स के खिलाफ टीम के पिछले दो मुकाबलों में नहीं खेल पाए थे। इस सत्र में मार्श का सर्वोच्च स्कोर राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 23 रन रहा है। दिल्ली ने इस मैच को 12 रन से जीता था। कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ वह खाता खोलने में नाकाम रहे थे। मार्श के अलावा ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर के चोटिल होने से भी दिल्ली कैपिटल्स की परेशानी और बढ़ गयी है। टीम को अपना अगला मैच बुधवार को गुजरात टाइटंस के खिलाफ खेलना है। शुक्रवार को लखनऊ सुपरजायंट्स के खिलाफ कैच पकड़ने का प्रयास करते समय वार्नर की उंगली में चोट लग गई। उनकी उंगली में सूजन थी और टीम के अहमदाबाद पहुंचने पर उनका स्कैन कराया गया।

# मेस्सी के शानदार खेल से इंटर मियामी ने स्पोर्टिंग केसी को 3-2 से हराया



कैंसास सिटी । करिश्माई खिलाड़ी लियोनेल मेस्सी ने एक गोल करने के साथ एक गोल में सहायक की भूमिका निभाई जिससे इंटर मियामी सीफ ने एमएलएस (मेजर लीग सॉकर) में स्पोर्टिंग कैनसस सिटी को 3-2 से हराया । इंटर मियामी के लिए इस मैच में मेस्सी के साथ दिग्गज लुइस सुआरेज ने भी गोल किया । टीम के लिए एक अन्य गोल डिएगो गोमेज ने दागा। मेस्सी और सुआरेज जैसे बड़े खिलाड़ियों को देखने के लिए स्टेडियम में बड़ी संख्या (72,610) में प्रशंसक पहुंचे थे । एमएलएस इतिहास में तीसरी सबसे बड़ी भीड़ के सामने मेस्सी ने इस इंटर मियामी के लिए सत्र का अपना पांचवां जबकि सुआरेज ने छठा गोल किया। स्पोर्टिंग कैनसस सिटी के लिए दोनों गोल एरिक थॉमी (छठा और 58वां मिनट) ने किए ।

# ओलंपिक क्वालीफायर के लिए पंघाल पुरुष मुक्केबाजी टीम में शामिल

नई दिल्ली । मुम्केबाज अमित पंघाल को बैंकाक में अगले माह 25 मई से दो जून तक होने वाले आंखिरी ओलंपिक क्वालीफाइंग टूर्नामेंट के लिये भारतीय मुक्केबाजी टीम में शामिल किया गया है । अब पंघाल के पास दूसरे ओलंपिक में जगह बनाने का ये अंतिम अवसर है । पंघाल के अलावा राष्ट्रीय चैम्पियन सचिन सिवाच 57 किलो को भी टीम में शामिल किया गया है । वहीं अबिनाश जामवाल 63.5 किलो वर्ग में शिव थापा की जगह खेलेंगे जबकि अभिमन्यु लाउरा को 80 किलो में लक्ष्य की जगह शामिल किया गया है । अभी तक भारत के किसी भी पुरुष मुक्केबाज ने ओलंपिक कोटा हासिल नहीं किया है केवल महिला वर्ग में निकहत जरीन 50 किलो, प्रीति पंवार 54 किलो और परवीन हुड्डा 57 किलो व लवलीना बोरगोहेन 75 किलो ने ही ओलंपिक कोटा हासिल किया है । दूसरी ओर महिला वर्ग से अंकुशिता बोरो 60 किलो, अरुंधति चौधरी 66 किलो वर्ग में शामिली की गयी हैं ।

पुरुष ः अमित पंघाल (51 किलो), सचिन सिवाच जूनियर (57 किलो), अबिनाश जामवाल (63.5 किलो), निशांत देव (71 किलो), अभिमन्यु लाउरा (80 किलो), संजीत (92 किलो) और नरेंदर बरवाल (प्लस 92 किलो)

महिला ः अंकुशिता बोरो (60 किलो), अरूंधति चौधरी (66 किलो)

# जेक फ्रेजर ये सिर्फ ट्रेलर..... संकट में आया गिल का रिकॉर्ड

**लखनऊ (एजेंसी)।** दिल्ली कैपिटल्स के लिए 22 साल के जेक फ्रेजर-मैकगर्क ने लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए आईपीएल डेब्यू किया। जेक फ्रेजर को आईपीएल नीलामी में अनसोल्ड रहने के बाद रिप्लेसमेंट खिलाड़ी को रूप में दिल्ली ने अपने साथ जोड़ा था। अपने आईपीएल करियर की दूसरी ही गेंद पर जेक फ्रेजर ने छक्के से अपना खाता खोला। उनका दूसरा स्कोरिंग शॉट भी छक्का था। उनका दूसरा छक्का 96 मीटर लंबा था।

युवा विदेशी बल्लेबाजों के लिए भारतीय सरजमीन पर में आकर रन बनाना इतना आसान नहीं होता। कई बल्लेबाज आते हैं लेकिन स्पिन गेंदबाजों के खिलाफ सस्ते में आउट होकर पवेलियन लौट जाते हैं। लेकिन जेक फ्रेजर के साथ ऐसा नहीं है। उन्होंने आईपीएल के सबसे कंजूस गेंदबाजों में शामिल क्रुणाल पंड्या की ही खबर ले ली। क्रुणाल के खिलाफ हैट्रिक छक्का जड़ने के साथ ही उन्होंने सिर्फ 31 गेंदों पर डेब्यू मैच में ही फिफ्टी ठोक दी।

जेक फ्रेजर ने 35 गेंदों पर 55 रनों की पारी खेली, जिसकी हर जगह चर्चा हो रही है। लेकिन यह सिर्फ ट्रेलर है। मैकगर्क इससे कहीं ज्यादा खतरनाक बैटिंग कर सकते हैं। प्रोफेशनल क्रिकेट का सबसे तेज शतक लगाने का रिकॉर्ड मैकगर्क के ही नाम है। उन्होंने सिर्फ 29 गेंदों पर ऑस्ट्रेलिया के घरेलू क्रिकेट में शतक ठोका था। उसके पहले सबसे तेज शतक का रिकॉर्ड क्रिस गेल के नाम था। गेल ने आईपीएल में 30 गेंदों पर सेंचुरी ठोकी थी। अब उनके आईपीएल में आने



यह यह रिकॉर्ड भी खतरे में है। लखनऊ की पिच पर गेंदबाजों के लिए भी मदद थी। इसके बाद भी मैकगर्क ने तेजी से रन बनाए।

# टी20 विश्व कप के लिए टीम में कौन होगा विकेटकीपर..इस ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर ने दी राय

**मुंबई (एजेंसी)।** आगामी टी20 विश्व कप के लिए टीम इंडिया में बतौर विकेटकीपर बल्लेबाज जगह बनाने के लिए छह खिलाड़ी दावेदार हैं। फिलहाल मौजूदा आईपीएल में सभी दावेदार फॉर्म दिखा रहे हैं, उस हिसाब से ऋषभ पंत, संजू सैमसन और इशान किशन के बीच बड़ी प्रतिस्पर्धा खड़ी हो गई है। बीसीसीआई ने अप्रैल के अंत तक आईसीसी प्रतियोगिता के लिए15 सदस्यीय टीम की घोषणा करनी है। इसके बाद माना जा रहा है कि इन तीनों में से किसी एक को ही टीम में जगह मिलेगी। वहां किस्मत वाला प्लेयर कौन हो सकता है, इस पर ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर एडम गिलक्रिस्ट ने अपनी राय रखी है।

गिलक्रिस्ट का मानना है कि बाएं हाथ के बल्लेबाज पंत को विश्व कप टीम में निश्चित रूप से शामिल किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि मुझे उम्मीद है कि पंत निश्चित रूप से टीम में होगा। और मैं संजू सैमसन को भी लूंगा। किशन बहुत अच्छे मामले को आगे बढ़ा रहे हैं, इसमें कोई संदेह नहीं है। लेकिन मुझे लगता है कि पंत, अगर वह लॉक इन नहीं हैं, तब उन्हें लॉक इन किया जाना चाहिए।

बता दें कि राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन 157.69 की स्ट्राइक रेट से 246 रन और तीन अर्द्धशतक के साथ इन संभावित खिलाड़ियों में सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। गिलक्रिस्ट ने स्वीकार किया कि ईशान 182.39 की स्ट्राइक रेट से 161 रन बनाकर मजबूत दावा पेश कर रहे हैं, जिसमें



गुरुवार को आरसीबी के खिलाफ 34 गेंदों में 69 रन की पारी भी शामिल है।

इन तीनों के अलावा केएल राहुल, जितेश शर्मा और ध्रुव जुरेल सभी विश्व कप टीम में दो कीपिंग पोजीशन के लिए दावेदार थे। जितेश आगे थे क्योंकि वह नवंबर के बाद से 11 में से 7 टी20 खेल चुके हैं। लेकिन आईपीएल में पंजाब किंग्स के लिए वह प्रभावी प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। इसी तरह ज्यूरेल को राजस्थान रॉयल्स में लगातार खराब बल्लेबाजी के कारण आलोचना का शिकार होना पड़ा। केएल राहुल भी खराब स्ट्राइक रेट के कारण निशाने पर है।

# विराट ऑरेंज और चहल पर्पल कैप की दौड़ में सबसे आगे

मुम्बई । आईपीएल के 2024 सत्र में अब तक सबसे अधिक रन बनाकर आरसीबी के बल्लेबाज विराट कोहली ऑरेंज कैप की दौड़ में सबसे आगे हैं । राजस्थान रॉयल्स के रियान पराग और संजू सैमसन दूसरे व तीसरे नंबर पर हैं । दूसरी ओर पर्पल कैप को लेकर राजस्थान रॉयल्स के स्पिनर युजवेंद्र चहल और मुम्बई इंडियंस के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के बीच कड़ा मुकाबला है । पंजाब किंग्स और राजस्थान रॉयल्स के बीच मैच के बाद एक बार फिर चहल ने पर्पल कैप के लिए अपनी दावेदारी बढ़ा दी है । चहल ने पंजाब के खिलाफ एक विकेट लेकर आईपीएल सत्र में इस बार सबसे ज्यादा विकेट लिए हैं । वहीं गुमराह अब दूसरे नंबर पर फिसल गये हैं । लिस्ट में पहला स्थान हासिल किया है । उन्होंने इस लिस्ट में मुंबई इंडियंस के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को पछाड़ा है । वहीं ऑरेंज कैप पर अभी भी विराट का कब्जा है । विराट 319 रनों के साथ इस सूची में नंबर एक स्थान पर हैं ।वहीं रियान पराग 284 रनों के साथ दूसरे जबकि सैमसन 264 रनों के साथ तीसरे पायदान पर पहुंच गए हैं ।

# सेना ने एंटी टैंक गाइडेड मिसाइल सिस्टम का सफलतापूर्वक परीक्षण किया

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारतीय सेना ने स्वदेशी रूप से विकसित मानव-पोर्टेबल एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल (एमपीएटीजीएम) हथियार प्रणाली का सफलतापूर्वक फील्ड परीक्षण किया. इससे सेना के शस्त्रागार में इसे शामिल करने का मार्ग प्रशस्त हो गया है. अधिकारियों ने कहा कि हथियार प्रणाली को रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन द्वारा डिजाइन और विकसित किया गया है. समग्र प्रणाली में एमपीएटीजीएम, लांचर, लक्ष्य प्राप्ति उपकरण और एक अग्नि नियंत्रण इकाई शामिल है. रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने प्रणाली के सफल परीक्षणों के लिए डीआरडीओ और भारतीय सेना की सराहना की है और इसे उन्नत प्रौद्योगिकी-आधारित रक्षा प्रणाली विकास में आत्मनिर्भरता हासिल करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया है.



रक्षा मंत्रालय ने कहा कि प्रौद्योगिकी को उच्च श्रेष्ठता के साथ साबित करने के उद्देश्य से एमपीएटीजी हथियार प्रणाली का कई बार विभिन्न उड़ान विन्यासों में मूल्यांकन किया गया है. रविवार को कहा गया, '13 अप्रैल को पोखरण फील्ड फायरिंग रेंज में वॉरहेड उड़ान परीक्षण सफलतापूर्वक आयोजित किया गया. मिसाइल प्रदर्शन और वॉरहेड प्रदर्शन उल्लेखनीय पाए गए.' इसमें कहा गया है कि पर्याप्त संख्या में मिसाइल फायरिंग परीक्षण सफलतापूर्वक किए गए हैं. इसमें कहा गया, 'एमपीएटीजीएम के टेंडेम वॉरहेड सिस्टम का प्रवेश परीक्षण सफलतापूर्वक पूरा हो गया है. यह आधुनिक कवच संरक्षित मुख्य युद्धक टैंकों को हराने में सक्षम पाया गया है. हथियार प्रणाली दिन और रात दोनों में संचालन के लिए अच्छी तरह से सुसज्जित है. डुअल मोड कार्यक्षमता टैंक युद्ध के लिए महत्वपूर्ण है. इसके साथ प्रौद्योगिकी विकास और सफल प्रदर्शन संपन्न हो गया है. यह प्रणाली अब भारतीय सेना में शामिल होने की दिशा में अंतिम उपयोगकर्ता मूल्यांकन परीक्षणों के लिए तैयार है. डीआरडीओ के अध्यक्ष समीर वी कामत ने परीक्षणों से जुड़ी टीमों को बधाई दी.

## राहुल गांधी 15 को वायनाड, 18 को कन्नूर, 22 अप्रैल को तिरुवनंतपुरम में रोड शो और रैली करेंगे

एजेंसी



**तिरुवनंतपुरम।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी केरल में पार्टी उम्मीदवारों के लिए प्रचार करेंगे और संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) की रैलियों को संबोधित करेंगे. वायनाड निर्वाचन क्षेत्र से लगातार दूसरी बार चुनाव लड़ रहे राहुल गांधी 15 अप्रैल को दक्षिणी राज्य केरल पहुंचेंगे. कार्यक्रमों के संयोजक जोसेफ वझाकन ने आज रविवार को यहां एक बयान में बताया कि राहुल गांधी सोमवार शाम को उत्तरी कोझीकोड जिले में यूडीएफ की एक रैली को संबोधित करेंगे. वह 15 और 16 अप्रैल को वायनाड निर्वाचन क्षेत्र में कई कार्यक्रमों में भाग लेंगे. राहुल गांधी 18 अप्रैल को कन्नूर, पलक्कड और कोट्टायम निर्वाचन क्षेत्रों में सभाओं में भाग लेंगे. वझाकन ने बताया कि राहुल गांधी का 22 अप्रैल को त्रिशूर, तिरुवनंतपुरम और अलपुझा जिलों में भी रैलियों को संबोधित करने का कार्यक्रम है.

**रोड शो कर वायनाड निर्वाचन क्षेत्र में चुनाव प्रचार शुरू किया :** कांग्रेस नेता गांधी ने अपना नामांकन पत्र दाखिल करके और एक बड़ा रोड शो कर इस महीने की शुरूआत में वायनाड निर्वाचन क्षेत्र में चुनाव प्रचार शुरू किया था. उन्होंने 2019 के लोकसभा चुनाव में 4,31,770 मतों के रिकॉर्ड अंतर से वायनाड में जीत हासिल की थी. कांग्रेस सूत्रों के अनुसार, राहुल गांधी के अलावा कई अन्य प्रमुख राष्ट्रीय नेता भी राज्य में पार्टी उम्मीदवारों के समर्थन में प्रचार करेंगे. उन्होंने बताया कि पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार 16 अप्रैल को इस दक्षिणी राज्य का दौरा करेंगे. वह तिरुवनंतपुरम, कोझीकोड और मलप्पुरम निर्वाचन क्षेत्रों में रोड शो करेंगे तथा पार्टी कार्यकताओं को संबोधित करेंगे. केरल की 20 लोकसभा सीट के लिए 26 अप्रैल को मतदान होगा.

# कमल का बटन इतने गुस्से में दबाना कि उसका करंट इटली तक पहुंचे : अमित शाह

एजेंसी

**राजनांदगांव।** खैरागढ़ की सभा से भूपेश बघेल ने कांग्रेस और इंडी गठबंधन के शीर्ष नेतृत्व को जमकर कोसा. शाह ने कहा कि जब आप वोट डालने जाओ तो कमल का बटन इतने जोर से दबाना कि उसका करंट इटली तक जाए. शाह ने कहा कि कांग्रेस जनता को डराने का काम कर रही है. अमित शाह ने भरोसा दिलाया कि जबतक देश में मोदी का राज है तबतक आदिवासी और ओबीसी का आरक्षण किसी भी कीमत पर खत्म नहीं होगा.

"वोट का करंट इटली तक जाना चाहिए": अमित शाह ने गांधी परिवार पर जोरदार चुटकी ली. अमित शाह ने कहा कि "दस साल तक सोनिया मनमोहन सरकार थी. देश में बम धमाके होते थे. हमने उरी और पुलवामा का बदला घर में घुसकर लिया. हम देश को आगे ले जाना चाहते हैं. कांग्रेस देश को आतंक और भ्रष्टाचार के रास्ते पर ले जाना चाहती है. शाह ने कहा कि जब कमल का बटन दबाना तो इतने गुस्से में दबाना की उसका करंट इटली तक जाए.




'गंगा जल की कसम खाने वालों ने शराब की नदियां बहा दी': राजनांदगांव से कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल को निशाने पर लेते हुए अमित शाह ने कहा कि "भूपेश बघेल कभी सच नहीं बोलते हैं. गंगा की कसम खाने वालों ने शराब की गंगा बहा दी. जूट उद्योग खोलने की बात कही थी वो शुरू नहीं हुआ. भूपेश बघेल खैरागढ़ विश्वविद्यालय को रायपुर शिफ्ट करना चाहते थे हमने विरोध किया. अब हम इस विश्वविद्यालय को और बेहतर बनाएंगे. भगवान के नाम पर भी कांग्रेस ने घोटाला कर दिया. भूपेश कका ने तो महादेव को भी नहीं छोड़ा. महादेव के नाम पर 508 करोड़ का घोटाल कर दिया. गोबर के नाम पर भी भ्रष्टाचार किया. इतने घोटाले करने के बाद भी ये लूटने की तैयारी में जुट गए हैं. खड़गे जी ये राजनांदगांव के लोग कश्मीर के लिए जान दे सकते हैं. कश्मीर भारत का अंग है वो हमारा ही रहेगा. हमने धारा 370 हटाया. छत्तीसगढ़ के 18 लाख लोगों को पीएम आवास देने जा रहे हैं".

'रामजी के ननिहाल में आया हूं" छत्तीसगढ़ की धरती को नमन करते हुए अमित शाह ने कहा कि "मैं राम के ननिहाल में आया हूं. हमने राम मंदिर बनाया. हमने जो कहा वो किया. पांच सौ साल बाद रामलला अपने मंदिर में अपना जन्मोत्सव मनाएंगे. राम मंदिर का विरोध करने वाली कांग्रेस हमपर हंसती थी. अब पूरी दुनिया राम मंदिर की भव्यता को देख तारीफ करती है.

अमित शाह का वादाः बीजेपी के घोषणा पत्र की चर्चा करते हुए शाह ने कहा कि "मैं ये ऐलान करता हूं कि यूसीसी लागू होगा, इससे किसी की नागरिकता नहीं जाएगी. वन नेशन वन इलेक्शन करेंगे. तीन करोड़ और घर बनाने का वादा है. गैस का सिलेंडर दिया अब गैस का कनेक्शन की पाइप भी लगाने वाले हैं. लखपति आदिवासी दीदी बनाएंगे".

'आरक्षण किसी भी कीमत पर खत्म नहीं होने देंगे': अमित शाह ने कहा कि "जबतक भारतीय जनता पार्टी सत्ता में है. आदिवासी और ओबीसी का आरक्षण किसी कीमत पर खत्म नहीं होने देगी". भूपेश बघेल पर तंज कसते हुए अमित शाह ने कहा " एक तरफ हमारे मेहनती और विकास करने वाले नेता संतोष पांडे हैं दूसरी और भूपेश कका हैं जो महादेव एप से पैसे लेकर बैठे हैं". शाह ने कहा कि जिस तरह से विधानसभा में कांग्रेस को हराया उसी तरह से लोकसभा चुनाव में भूपेश बघेल को हराएं.

**श्रीनगर में योगी आदित्यनाथ ने किये गुरु गोरखनाथ के दर्शन, की पूजा अर्चना**

## माफिया-अपराधियों से पहले ही कहा था सुधर जाओ नहीं तो जेल के पहले जहन्नुम पहुंचा देंगे: सीएम योगी

एजेंसी

**श्रीनगर।** उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज श्रीनगर पहुंचे. श्रीनगर में योगी आदित्यनाथ ने चुनावी जनसभा को संबोधित किया. इसके बाद योगी आदित्यनाथ श्रीनगर स्थित गुरु गोरखनाथ मंदिर पहुंचे. जहां उन्होंने गुरु गोरखनाथ के दर्शन कर पूजा अर्चना की. योगी आदित्यनाथ लगभग 10 मिनट तक गुरु गोरखनाथ मंदिर में रुके. उनके साथ प्रदेश के कैबिनेट मंत्री धन सिंह रावत, अनिल बलूनी भी मौजूद रहे. मंदिर में रुकने के बाद योगी आदित्यनाथ देहरादून के लिए रवाना हो गये. बता दें श्रीनगर स्थित गुरु गोरखनाथ का ये मन्दिर नाथ सम्पदाय का सबसे प्रचीन मंदिर है. मन्दिर के अंदर एक गुफा है. जिसमें गुरु गोरखनाथ की स्फटिक मूर्ति की पूजा अर्चना की जाती है. गोरखनाथ गुफा, नवनाथ परम्परा के अंतर्गत गोरखनाथ के 9 वे शिष्य गुरू मछिन्दरनाथ के शिष्य थे. उनके द्वारा



ये गुफा बनाई गई थी. जिसे बाद में मन्दिर का रूप दे दिया गया. गुरु गोरखनाथ ने हठयोग का प्रचार किया था. अनेक ग्रन्थों की रचना भी की थी. दंत कथाओं के अनुसार गुरू गोरखनाथ ने केवल दो ही स्थानों पर गुफायें बनाई. पहली गुफा त्र्यम्बक वाराह तीर्थ में है. दूसरी गुफा केदारखण्ड श्रीनगर में है. ऋषिकेश-श्रीनगर राजमार्ग पर आईटीआई और पालीटेक्निक जिस स्थान पर मिलते हैं वहां से एक पैदल मार्ग पौड़ी की तरफ जाता है, जो कि मुख्यतया पौड़ी-खण्डा-करैंखाल मार्ग के नाम से जाना जाता है. उसी मार्ग पर लगभग 200 मीटर की दूरी पर अपर भक्तियाना, में ये मंदिर स्थित है.

यहां गुरु गोरखनाथ की समाधि, उनकी मूर्ति एक शिवलिंग के साथ स्थापित की गई है. इस मन्दिर में नाथ सिद्ध परम्परा के प्राचीन अवशेष देखने को मिलते हैं. एटकिंसन के मतानुसार समाधि की रचना सन 1669 में हुई थी. यह मन्दिर अन्दर से चट्टान को काट व तराश कर बनाई गई गुफा है. मुख्य गुफा में प्रवेश करने का द्वार बहुत संकरा तथा छोटा है. जिसमें घुटनों के बल ही प्रवेश किया जा सकता है.

## 'जो खुद जेल में हैं, वो पीएम को जेल भेजने की बात करते हैं', जमुई में लालू परिवार पर बरसे राजनाथ सिंह

एजेंसी

**पटना।** जमुई के श्रीकृष्ण सिंह स्टेडियम में रविवार को देश के रक्षा मंत्री व भाजपा नेता राजनाथ सिंह की जनसभा हुई. एनडीए समर्थित प्रत्याशी अरुण भारती के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए राजनाथ सिंह ने लालू यादव और उनके परिवार पर जमकर निशाना साधा. उन्होंने राजद के पीएम को जेल भेजने के बयान पर जवाब देते हुए कहा कि न नौ मन तेल होगा, न राधा नाचेगी. जो लोग खुद जेल में हैं, बेल पर हैं, वो क्या मोदी जी को जेल भेजेंगे? उन्होंने कहा कि देश की जनता प्रधानमंत्री का ऐसा अपमान बर्दाश्त नहीं करेगी. राजनाथ सिंह ने कहा कि आप नवरात्रि के त्योहार पर मछली खाते हैं, इससे आप क्या संदेश देना चाहते हैं? आप जो चाहो खाओ, हाथी खाओ, घोड़ा खाओ, सुअर खाओ. लेकिन नवरात्रि में दिखाने की क्या जरूरत है? मैं लालू यादव जी से कहना चाहूंगा कि ऐसे लोगों को संभालिए. उन्होंने आगे कहा



कि ऐसा लगता है कि ह्यराजनीतिह्न शब्द अपना अर्थ खो चुका है. ये लोग कहते हैं कि हम पिछड़ों के समर्थक हैं, लेकिन सच तो यह है कि ये पिछड़ों के दुश्मन हैं.

**शक्तिशाली देश बनकर उभरा है भारत : राजनाथ सिंह**

राजनाथ सिंह ने कहा कि देश में राम राज का युग शुरू हो गया है. रामलला आज अपने घर में विराजमान हैं. लोग हमें मुस्लिम विरोधी कहते हैं. लेकिन हमने डंके की चोट पर एक बार में ही तीन तलाक खत्म कर दिया. राजनाथ सिंह ने कहा कि पहले दुनिया में भारत के विचारों को महत्व नहीं दिया जाता था, हमें एक कमजोर देश के तौर पर देखा जाता था. लेकिन आज भारत विश्व में एक शक्तिशाली देश बनकर उभरा है. राजनाथ सिंह ने कहा कि देश का रक्षा मंत्री होने के नाते मैं आज कह रहा हूं कि आज अगर कोई भारत को आंख दिखाएगा तो उसे करारा जवाब मिलेगा. आज का भारत सीमा के इस पार भी जवाब दे सकता है, जरूरत पड़ने पर सीमा पार जा कर भी करारा जवाब दे सकता है.

## आंबेडकर की जयंती पर आप नेताओं ने पढ़ी संविधान की प्रस्तावना




एजेंसी

**नयी दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) के नेताओं ने रविवार को बाबा साहेब आंबेडकर की जयंती के अवसर पर संविधान की प्रस्तावना पढ़ी। आप के कार्यकर्ता और नेता 'संविधान बचाओ, तानाशाही हटाओ' शपथ समारोह में भाग लेने के लिए यहां राउज एवेन्यू स्थित पार्टी मुख्यालय में एकत्र हुए। इस अवसर पर राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने पार्टी कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा, जब तक आम आदमी पार्टी है, उसके कार्यकर्ता आखिरी सांस तक संविधान की रक्षा के लिए लड़ते रहेंगे। भाजपा संविधान में संशोधन करना चाहती है। सिंह ने लोगों से आगामी लोकसभा चुनाव में दिल्ली की सभी सात सीट पर विपक्षी गुट 'इंडिया' के उम्मीदवारों को वोट देने को कहा। उन्होंने कहा, यदि आप चाहते हैं कि (दिल्ली के मुख्यमंत्री) अरविंद केजरीवाल जेल से बाहर आएं तो आपको यह सुनिश्चित करना होगा कि दिल्ली की सभी सात सीट पर भाजपा उम्मीदवारों की जमानत जब्त हो। आपको सभी सात सीट पर आप और कांग्रेस उम्मीदवारों की जीत सुनिश्चित करनी होगी। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने जय भीम और बाबासाहेब अमर रहेंगे के नारे लगाये। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल को ईडी ने राष्ट्रीय राजधानी में कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में गिरफ्तार किया है और वह तिहाड़ जेल में बंद हैं। देशभर में संविधान निमार्ता आंबेडकर के अनुयायियों ने आज उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

# ईरान ने इजरायल पर 200 मिसाइलें दागी, ड्रोन हमला भी किया

एजेंसी

**तेल अवीव।** जिसका अंदेशा था, वही हुआ. खबर आयी है कि ईरान ने इजरायल पर हमला करते हुए लगभग 200 मिसाइलें दागी और ड्रोन हमला किया हैं. इजरायली सेना ने कहा है कि इनमें से ज्यादातर हवा में ही मार गिराये गये. आईडीएफ के अनुसार एरो एयर डिफेंस सिस्टम के माध्यम से ईरानी मिसाइलें इजरायली एयरस्पेस तक पहुंचने से पहले ही मार गिरा?ी गयी मिसाइल और ड्रोन हमले के कारण इजरायली के दक्षिणी हिस्से में स्थित बेस को क्षति पहुंची है. इजरायली सेना के अनुसार इससे थोड़ा बहुत इंफ्रास्ट्रक्चर डैमेज जरूर हुआ है मगर बड़े पैमाने पर नुकसान नहीं हुआ है. इजरायली सेना की रिपोर्ट है कि ईरान द्वारा लॉन्च किये गये दर्जनों ड्रोन और क्रूज मिसाइलों को फाईटर जेटों ने भी मार गिराया गया. आईडीएफ ने बयान जारी कर कहा है कि इजरायल पर हवाई हमलों को रोकने के लिए वायुसेना के विमान तैनात कर दिये गये हैं. इस क्रम में इजरायल के होम फ्रंट कमांड ने कहा है कि इजरायलियों को अब बम शेल्टर्स के करीब रहने की



आवश्यकता नहीं है. हालांकि सभाओं पर प्रतिबंध सहित सभी शैक्षणिक गतिविधियों पर रोक अभी जारी रहेगी. कअ्त्रलड़ाकू जेट और इजरायली नौसेना के जहाजों सहित कअ्त्रएरियल डिफेंस ऐरे हाई अलर्ट पर है. यह सिस्टम इजरायली वायु और नौसैनिक क्षेत्र में रक्षा मिशन पर है. सभी लक्ष्यों की निगरानी की जा रही है.

**सीरिया में ईरानी वाणिज्य दूतावास पर इजरायल ने हवाई हमला किया था :** मामले की तह में जायें तो कुछ दिन पूर्व सीरिया में ईरानी वाणिज्य दूतावास पर इजरायल ने हवाई हमला किया था. इसके बाद ईरान ने इजरायल पर हमला किये जाने की बात कही. हालांकि ईरान ने इस बात पर सहमति जताई कि अगर उसकी मांग पूरी कर दी जाती हैं, तो वह तनाव कम करने को तैयार है. इस क्रम में तेहरान(ईरान) ने साफ किया कि वह नियंत्रित प्रतिक्रिया करेगा. तनाव को बढ़ावा देने वाली प्रतिक्रिया नहीं की जायेगी. हालांकि ईरान ने यह बात साफ कर दी कि वह गाजा पट्टी में युद्धविराम सहित अपनी मांगें पूरी होने तक पीछे हटने वाला नहीं है. एक बात और कि ईरान परमाणु कार्यक्रम पर बातचीत फिर से शुरू करना चाहता है. ईरान को अमेरिका से यह आश्वासन चाहिए था कि वह इजरायली पर नियंत्रित हमले की स्थिति में शामिल नहीं होगा, लेकिन यूएस ने कथित तौर पर इस बात को खारिज कर दिया.

### अमेरिका, संयुक्त राष्ट्र, फ्रांस, ब्रिटेन ने इजराइल पर ईरान के हमले की निंदा की

**वाशिंगटन डीसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने इजराइल पर ईरान के हमले की निंदा की. अमेरिका के अलावा संयुक्त राष्ट्र , फ्रांस, ब्रिटेन आदि देशों ने भी इजराइल पर ईरान के हमले की निंदा की है. स्थिति पर विचार विमर्श के लिए जी7 नेताओं के साथ बैठक होने जा रही है. ईरान के इस हमले ने पश्चिम एशिया को क्षेत्रव्यापी युद्ध के करीब धकेल दिया है. इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने तेल अवीव के किरया में वॉर कैबिनेड की मीटिंग बुलाई है. ईरान और इजरायल के बीच बढ़े तनाव के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन नेशनल सिक्योरिटी टीम के साथ व्हाइट हाउस में मीटिंग की हैं. उधर, ईरान की ओर से किए गए इस ड्रोन अटैक के बाद ईरानी लीडर खामेनेई के आधिकारिक हैंडल से एक वीडियो शेयर किया गया है, इसमें खेमेनई ने कहा कि दुष्ट शासन को दंडित किया जायेगा. इजराइली सेना के प्रवक्ता रियर एडमिरल डैनियल हैगारी ने कहा कि ईरान ने कई ड्रोन, क्रूज मिसाइल और बैलेस्टिक मिसाइल दागीं, जिनमें से अधिकतर को इजराइल की सीमाओं के बाहर नष्ट कर दिया गया.

## एक नजर

### भाजपा की नीति और नियत को समझें और अपने विवेक से वोट दें : प्रियंका गांधी



**नयी दिल्ली।** भारतीय कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी लोकसभा चुनाव 2024 के प्रचार के लिए रविवार को राजस्थान के जालोर पहुंचीं। यहाँ उन्होंने एक जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा, 'जालौर आकर खुशी और गर्व महसूस होता है। जालौर कर्मठ लोगों की धरती है। आप सभी के लिए हमारे मन में बहुत आदर है। यहां कांग्रेस की सरकार थी, आप काम से खुश थे। कुछ गिले-शिकवे भी थे और आपने सरकार बदली। फिर क्या हुआ, कांग्रेस सरकार की लगभग योजनाएं बंद कर दी गईं। इसलिए आज मैं चाहती हूं कि आप सभी आने वाले चुनाव में अपने विवेक से वोट दें।' प्रियंका गांधी ने भाजपा और पीएम नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि नरेंद्र मोदी जी जनता का ध्यान भटकाने की बातें करते रहते हैं। राजस्थान आकर बोल दिया- जन-जन के आराध्य बाबा रामदेव सा का जन्म कश्मीर में हुआ था। कभी गटर से गैस बनाते हैं, कभी रडार से मिसाइल को बचाने में बादल का रोल बताते हैं, कभी तब ईमेल भेजने की बात कहते हैं, जब ईमेल बना ही नहीं था और कभी मांस-मछली की बात करते हैं, आखिर इन बातों से जनता की जरूरतों का क्या मतलब है? मोदी सरकार पर सवाल उठाते हुए प्रियंका गांधी ने कहा, 'मोदी सरकार में महंगाई और बेरोजगारी बहुत बढ़ गई है। लेकिन अब चुनाव आ रहा है, तो मोदी जी रसोई गैस सिलेंडर के दाम कम करने की बातें कर रहे हैं। जब मेरी बहनें महंगा रसोई गैस सिलेंडर नहीं भरवा पा रही थीं.. तब मोदी जी कहां थे?'

### पुलिस ने सिडनी में छह लोगों की हत्या करने वाले हमलावर की पहचान की



**सिडनी।** पुलिस ने सिडनी के एक भीड़भाड़ वाले शॉपिंग सेंटर में चाकू से हमला कर छह लोगों की हत्या करने वाले हमलावर की पहचान कर ली है। न्यू साउथ वेल्स (एनएसडब्ल्यू) पुलिस ने रविवार को बताया कि शहर के बॉण्डी जंक्शन में वेस्टफील्ड शॉपिंग सेंटर में शनिवार दोपहर को हुए हमले के लिए जोएल कॉची (40) जिम्मेदार है। हमले के बाद एक पुलिस अधिकारी ने उसे गोली मारकर ढेर कर दिया था। एनएसडब्ल्यू के सहायक पुलिस आयुक्त एंथनी कुक ने रविवार को पत्रकारों को बताया कि कॉची मानसिक रूप से बीमार था और पुलिस जांचकर्ता इसकी आतंकवादी घटना के तौर पर जांच नहीं कर रहे हैं। हालांकि, अभी यह पता नहीं है कि कॉची को किस प्रकार की मानसिक बीमारी थी। शनिवार को हुए इस हमले में घटनास्थल पर अकेले मौजूद एक महिला पुलिस अधिकारी एमी स्कॉट ने कॉची को मार गिराया था। प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज ने रविवार को पत्रकारों से बातचीत में कहा कि पुलिस अधिकारी 'निश्चित तौर पर एक हीरो' हैं जिनकी कार्रवाई ने कई और लोगों की जान बचाई।

### पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने सिख समुदाय को बैसाखी की बधाई दी



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने रविवार को बैसाखी त्योहार के अवसर पर सिख समुदाय को बधाई दी। लगभग 3,000 भारतीय सिख भी बैसाखी उत्सव में भाग लेने के लिए पाकिस्तान के पंजाब प्रांत पहुंचे हैं। प्रधानमंत्री शरीफ ने अपने बधाई संदेश में बैसाखी को वसंत ऋतु का प्रतीक और प्यार व खुशी फैलाने का त्योहार बताया। उन्होंने कहा, ह्यह्यपाकिस्तान विभिन्न आस्थाओं और संस्कृतियों का एक सुंदर मिश्रण है और बैसाखी का रंग इस सुंदरता को और बढ़ा देता है। शरीफ ने कहा कि पाकिस्तान सरकार और उसकी प्रांतीय सरकारें बैसाखी त्योहार मनाने के लिए दुनिया भर से आने वाले सिख तीर्थयात्रियों को हर तरह की सुविधाएं प्रदान करेंगी। सिखों के धार्मिक त्योहार बैसाखी मेले का मुख्य आयोजन रविवार को हसन अब्दाल के गुरुद्वारा पंजा साहिब में होगा। इसमें भारत समेत दुनिया भर से हजारों सिख श्रद्धालु भाग लेंगे। पाकिस्तान ने 2,843 भारतीय सिख तीर्थयात्रियों को वीजा दिया है, जिससे उन्हें बैसाखी मेला और खालसा जन्म दिवस के उत्सव में शामिल होने का अवसर मिला है। तीर्थयात्री रविवार को पंजाब प्रांत के गुरुद्वारा पंजा साहिब में बैसाखी मेले के मुख्य कार्यक्रम में शामिल होंगे।

### राजस्थान के कोटा में छात्रावास की इमारत में आग लगने से आठ छात्र घायल



**कोटा।** राजस्थान के कोटा में एक छात्रावास की इमारत में रविवार सुबह भीषण आग लगने से आठ छात्र घायल हो गए। प्रारंभिक जांच के अनुसार आग शॉर्ट सर्किट के कारण लगी। पुलिस ने यह जानकारी दी। कोटा शहर की पुलिस अधीक्षक अमृता दुहन ने बताया कि यह घटना कुन्हाड़ी पुलिस थाने क्षेत्र में लैंडमार्क सिटी में सुबह करीब 6.15 बजे हुई। पुलिस ने बताया कि प्रारंभिक जांच के अनुसार पांच मंजिला छात्रावास भवन के भूतल में लगे बिजली के ट्रांसफार्मर में शॉर्ट सर्किट होने के कारण आग लगी। हालांकि फॉरेंसिक टीम घटना के सही कारण का पता लगाने की कोशिश कर रही है। कोटा नगर निगम के दमकल अधिकारी राकेश व्यास ने कहा कि छात्रावास की इमारत में आग से सुरक्षा करने वाले उपाय नही किए गए थे और इस बारे में उन्होंने संबंधित विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) नहीं लिया था। व्यास ने कहा कि इससे भी अधिक चिंताजनक बात यह है कि छात्रावास में ट्रांसफार्मर सीढ़ियों के पास भूतल पर छात्रावास भवन के अंदर लगा हुआ था। पुलिस ने कहा कि छह छात्र आग में झुलस गए हैं जिनका महाराव भीम सिंह (एमबीएस) अस्पताल में उपचार जारी है। उन्होंने बताया कि आग से बचने के लिए 14 अन्य लोगों के साथ इमारत की पहली मंजिल से कूदने के बाद एक छात्र के पैर में फ्रैक्चर हो गया, जिसका इलाज एक निजी अस्पताल में किया जा रहा है।

### पाकिस्तान में अंडरवर्ल्ड डॉन सरफराज का मर्डर, सरबजीत की हत्या में था शामिल



**इस्लामाबाद।** अंडरवर्ल्ड डॉन अमीर सरफराज ने आईएसआई के इशारे पर पाकिस्तान की जेल में बंद भारतीय नागरिक सरबजीत की हत्या की थी. सरबजीत सिंह की 26 अप्रैल 2013 को लाहौर के कोट लखपत जेल में हत्या कर दी गई थी. उस हत्या में अंडरवर्ल्ड डॉन अमीर सरबजीत सिंह भी शामिल था. बताया जाता है कि सरबजीत सिंह की हत्या पॉलीथिन से गवा घोंटकर हत्या कर दी थी. अमीर से सरबजीत सिंह को तड़पा-तड़पा कर मार डाला था. सरबजीत सिंह को रॉ का एजेंट बताकर और लाहौर, मुल्तान व फैसलाबाद बम धमाकों का आरोपी भी ठहराया गया था. जिसके बाद पाकिस्तान कोर्ट ने उन्हें 1999 में फांसी की सजा सुनाई थी. हालांकि भारत के प्रयास से सरबजीत सिंह की फांसी टल गई थी. भारत में उनके परिवार वाले उनकी रिहाई की राह देख रहे थे, लेकिन अमीर सरफराज ने जेल में उनकी निर्मम हत्या कर दी.